✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 288 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 18 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद पहली बार दिल्ली पहुंचे भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन का एयरपोर्ट पर स्वागत करती मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

## मुख्यमंत्री ने भागलपुर को 441 एव बांका को दी 709 करोड़ की योजनाओं की सौगात

# बिहार में विकास व कानून का राज : नीतीश

**पुष्पांकर गुप्ता/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर/बांका।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को अपनी समृद्धि यात्रा के तीसरे चरण में भागलपुर के बैजनी एवं बांका के कटोरिया पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने भागलपुर में 441 एवं बांका में 709 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने जन संवाद को संबोधित करते हुए अपनी सरकार की उपलब्धियों का ब्योरा दिया और विपक्ष पर भी निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2005 से पहले लोग शाम ढलते ही अपने घर का दरवाजा बंद कर लिया करते थे, लेकिन अब राज्य में कानून का राज स्थापित है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क सहित अन्य विकास योजनाओं पर चर्चा की और बताया कि राज्य में कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है। श्री कुमार ने कहा कि अगला पांच साल औद्योगिक क्षेत्र के विकास और रोजगार सृजन पर केंद्रित रहेगा। उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य एक करोड़ युवाओं को रोजगार देना है और इसके लिए तेजी से काम चल रहा है। इस योजना को लागू करने के लिए सात निश्चय पार्ट 3 का गठन भी किया जाएगा। स्वरोजगार पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन जीविका दीदियों को



10-10 हजार रुपए दिए गए हैं, उनमें से जिनका कामकाज सफल होगा, उन्हें 2-2 लाख रुपए तक की सहायता दी जाएगी। इसका उद्देश्य महिलाओं और युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। मुख्यमंत्री ने पीएमसीएच और आईजीएमएस में चल रहे कार्यों का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि 2005 से पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में रोज़ाना केवल 152 मरीज आते थे लेकिन अब स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में समृद्ध उधोग एवं सशक्त बिहार का सपना साकार होगा जिससे आमजनों में खुशहाली आयेगी और देश के टॉप राज्यों की पंक्ति में आएगा। इसके साथ ही मजबूत आधार एवं आधुनिक विस्तार पर जोर दिया गया है। बिहार के सर्वांगीण विकास में केन्द्र सरकार के सहयोग को भुलाया नहीं जा सकता है और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धन्यवाद के पात्र हैं। श्री कुमार ने कहा कि 2005 से ही हमने बिहार के विकास के लिए काम करना शुरु कर दिया। सभी जाति-धर्म के लोगों के लिए काम कर रहे हैं। वर्ष 2006 से राज्य की महिलाओं को पचास प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया गया है और इसके परिणामस्वरूप आज हर क्षेत्र में महिलाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। खासकर, त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था से जुड़ी महिलाओं को पूरी भागीदारी मिली है। इसके साथ नौकरी और स्वरोजगार के क्षेत्र में महिलाएं काफी आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले बीस वर्ष (चार काल) के शासन के दौरान बिहार में विकास की धारा बहाई गई है। केन्द्र सरकार की मदद से सभी जिलों में औद्योगिक केन्द्रो की स्थापना की गई है। पुरानी बंद चीनी मिलों को चालू किया गया है। पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल का पुनर्निर्माण विश्वस्तरीय स्तर के रुप में किया जा रहा है। जिसमें कुल 5400 बेड होंगे। इसके साथ ही राज्य के छह पुराने अस्पतालों की बेड क्षमता बढ़ा कर 2400 की जा रही है। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भी विकसित किए जा रहे हैं।

## मुठभेड़ में एसटीएफ जवान शहीद, दो अपराधी ढेर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के चकिया थाना क्षेत्र के रामडीहा गांव में मंगलवार की सुबह लगभग ढाई बजे एसटीएफ और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो कुख्यात अपराधी मारे गए, जबकि एसटीएफ का एक जवान बलिदान हो गया। मारे गए अपराधियों की पहचान कुंदन ठाकुर और प्रियंशु दुबे के रूप में हुई है। दोनों अपराधी चकिया थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं और उन पर पहले से आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर मामले दर्ज हैं। जानकारी मिली है कि मुठभेड़ से पहले कुंदन ठाकुर ने चकिया थाना के अपर थानाध्यक्ष को नेपाल के नंबर से फोन कर धमकी दी थी। फोन पर उसने कहा कि सर, न्यूज में देख रहे हैं कि पुलिस और अपराधियों की मुठभेड़ में एक बदमाश घायल है। पता है अगला न्यूज क्या होगा? अपराधी और पुलिस की मुठभेड़ में दस से पंद्रह पुलिसकर्मियों की मौत और अपराधी फरार। गुंडागर्दी क्या होती है, आपको और पूरे शहर को दिखा देंगे। धमकी मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत कॉल ट्रेसिंग शुरू की और जल्दी ही अपराधियों का लोकेशन पता लग गया। इसके बाद पुलिस और एसटीएफ की टीम मौके पर पहुंची और अपराधियों को चारों ओर से घेर लिया। घिरते देख कुंदन ठाकुर और प्रियंशु दुबे ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से कुछ देर तक गोलाबारी जारी रही। मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से दोनों अपराधी ढेर हो गए। इस मुठभेड़ में एसटीएफ का एक जवान श्री राम यादव बलिदान हो गया। घटना के बाद इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मुठभेड़ की सूचना मिलने के बाद डीआइजी से लेकर एसपी तक मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने पूरे इलाके को घेर रखा है और छुपे हुए अपराधियों की तलाश जारी है। पुलिस ने घटना स्थल से एक कार्बाइन, दो पिस्टल, दो कट्टा, पांच जिंदा कारतूस और 17 खोखा बरामद किया है। साथ ही मौके वारदात से दो अपराधी उज्ज्वल कुमार और संत कुमार तिवारी को गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों पिता-पुत्र बताए जा रहे है। मृतक अपराधी प्रियांशु दुबे मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है।

### संक्षिप्त समाचार

### केसी त्यागी ने जदयू को कहा अलविदा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा सांसद चुने जाने के बाद कई पुराने नेता इस फैसले से खुश नहीं हैं। इसी कड़ी में पूर्व सांसद केसी त्यागी ने जेडीयू को अलविदा कह दिया है। हालांकि वह कुछ समय से नाराज चल रहे थे लेकिन सीएम नीतीश के प्रति वह अपनी निष्ठा लगातार व्यक्त करते आ रहे थे। जदयू के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव और राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में काम कर चुके केसी त्यागी जदयू के तरफ से राज्यसभा के सदस्य भी रह चुके हैं। नीतीश कुमार ने उन्हें जदयू का सलाहकार भी बनाया था लेकिन लगातार उपेक्षा के बाद केसी त्यागी ने जदयू की सदस्यता का रिनुअल नहीं करवाया है।

### नकली नोट के साथ दो गिरफ्तार

**मधुबनी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में पुलिस ने एक बड़ी और सुनियोजित कार्रवाई करते हुए जाली नोट छापने और उसकी सप्लाई करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से कुल 6,44,000 की नकली भारतीय करेंसी बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में नालंदा जिला निवासी सूर्यदेव कुमार उर्फ सूरज कुमार एवं एक अन्य शामिल है। जब उसके बैग की तलाशी ली गई तो उसमें भारी मात्रा में नकली भारतीय करेंसी नोट पाए गए।

### महिला सिपाही की संदिग्ध मौत

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पारू थाना में तैनात वर्ष 2022 बैच की महिला सिपाही प्रीति कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना के बाद न केवल पारू थाना बल्कि पूरे जिला पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। सूचना मिलते ही वरीय पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मामले में एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस घटना की तमाम बिंदुओं की बारीकी से जांच कर रही है।

### शिक्षक ने फांसी लगा की आत्महत्या

**अरवल(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कलेर थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहे शिक्षक ने पंखे के सहारे गमछे से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान भोजपुर जिले के सहार थाना क्षेत्र के खैरा गांव निवासी यदुनंदन चौधरी के पुत्र 30 वर्षीय सुधीर कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक सुधीर कुमार सरवरपुर मिडिल स्कूल में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। उनकी नियुक्ति वर्ष 2025 में टीआर-3 शिक्षक बहाली के तहत हुई थी।

## अगले महीने महिलाओं को मिलेंगे पैसे : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को भागलपुर पहुंचे। सीएम नीतीश के साथ उनकी समृद्धि यात्रा में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, मंत्री विजय चौधरी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। भागलपुर में सीएम नीतीश कुमार ने भागलपुर-बौंसी रेलवे लाइन पर बन रहे आरओबी के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इसके साथ ही जगदीशपुर प्रखंड की बैजानी पंचायत में कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने सीएम नीतीश की जमकर तारीफ की। साथ ही कई बड़े ऐलान भी किए। सम्राट चौधरी ने कहा कि 2005 के पहले गांव में पानी, सड़क, बिजली नहीं था। गांव में स्कूल नहीं खुलते थे। लड़कियों को पढ़ाई में परेशानी झेलनी पड़ती थी लेकिन नीतीश कुमार जी के मुख्यमंत्री बनने पर कई चीजें सुधरी। उन्होंने बिहार में एक लाख 40 हजार किलोमीटर लंबी सड़क बनवाई। आज बिहार में ऐसा कोई गांव नहीं है, जहां सड़कें नहीं है। सम्राट चौधरी ने कहा कि जब मैं पहली बार मंत्री-विधायक बना था तो उस वक्त बिहार का बजट सिर्फ 6 हजार करोड़ रुपए का था लेकिन नीतीश कुमार के सीएम बनने के बाद 23 हजार करोड़ रुपए का बजट हुआ। सीएम नीतीश ने बिहार की अर्थव्यवस्था को और भी ठीक किया। आज हम गर्व से कह सकते हैं कि जो बजट 23 हजार करोड़ का था वह बढ़कर 3 लाख 47 हजार करोड़ रुपए का हो गया है। उन्होंने कहा कि बिहार की 18 लाख महिलाओं को एक महीने के अंदर पैसे भेजेंगे। साथ ही भागलपुर में एयरपोर्ट का काम अगले 6 महीने में शुरू होगी।

## कार्यपालक विद्युत अभियंता के सात ठिकानों पर छापा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** नार्थ बिहार पावर के कार्यपलक अभियंता मनोज कुमार रजक के ठिकानों पर रेड हुई है। आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में कार्रवाई की गई है। दरभंगा के साथ-साथ मधुबनी जिले के जयनगर और सुपौल के करजाइन, निर्जली समेत 7 ठिकानों पर ईओयू ने छापा मारा है। मनोज कुमार रजक वर्तमान में जयनगर में इलेक्ट्रिक सप्लाई डिवीजन में सप्लाई एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के पद पर तैनात हैं। घर दरभंगा में है। संपत्ति और निवेश से जुड़े कागजातों की बारीकी से जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि तलाशी अभियान के दौरान कई अहम दस्तावेज और साक्ष्य मिलने की संभावना है। जानकारी के अनुसार चार गाड़ियों से ईओयू की टीम आज सुबह पहुंची। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस



बल की भी तैनाती की गई ताकि कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। परिवार के सदस्य घर में मौजूद थे। सभी से पूछताछ की गई है। प्राथमिक जांच में यह सामने आया है कि इंजीनियर के पास आय से लगभग 62 प्रतिशत अधिक संपत्ति पाई गई है। इस आधार पर आर्थिक अपराध इकाई ने उनके खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। जांच एजेंसी यह भी पता लगाने में जुटी है कि अतिरिक्त संपत्ति किन स्रोतों से अर्जित की गई। बता दें कि दरभंगा में बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार रजक के आवास पर आर्थिक अपराध इकाई (इओयू) की छापेमारी करीब 10 घंटे तक चली। मंगलवार की सुबह शुरू हुई इस कार्रवाई में इओयू की 9 सदस्यीय टीम ने घर के हर हिस्से की गहन तलाशी ली, जिसके बाद टीम वापस लौट गई। छापेमारी के दौरान अभियंता की पत्नी और दो बेटियां घर पर मौजूद थीं जबकि मनोज कुमार स्वयं मौके पर नहीं मिले। सूत्रों के मुताबिक जांच के दौरान टीम कई महत्वपूर्ण दस्तावेज अपने साथ ले गई है जिनकी आगे जांच की जाएगी। हालांकि, कार्रवाई के बाद निकलते समय इओयू के अधिकारियों ने मीडिया से बातचीत करने से इनकार कर दिया। वहीं, अभियंता की पत्नी से बातचीत करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने खुद को परेशान बताते हुए कुछ भी कहने से मना कर दिया। फिलहाल इओयू की ओर से जब्त किए गए दस्तावेजों के आधार पर आगे की जांच जारी है और इस मामले में बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

### घूस लेते स्वास्थ्य केंद्र का बड़ा बाबू गिरफ्तार

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** निगरानी की टीम ने जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। विजिलेंस की टीम ने कल्याणपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बड़ा बाबू रवि कुमार चतुर्वेदी को 10 हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथ दबोचा है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी कर्मचारी ने अपने ही स्वास्थ्य केंद्र के रिटायर्ड कर्मी भरत ठाकुर से जीपीएफ का लाभ दिलाने के एवज में दो प्रतिशत कमीशन की मांग की थी। इसी क्रम में पहली किस्त के रूप में 10 हजार रुपये लेते समय निगरानी टीम ने उसे पकड़ लिया। यह कार्रवाई निगरानी डीएसपी विप्लव कुमार के नेतृत्व में की गई। टीम ने जाल बिछाकर आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ कर आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। इस कार्रवाई के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है।

## फिर से पार्टी के बॉस बनेंगे नीतीश कुमार, नामांकन कल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर जदयू की कमान संभालने जा रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और वे सात दिन बाद इस पद पर अपनी चौथी पारी शुरू करेंगे। अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी हो चुकी है। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 22 मार्च रखी गई है। नीतीश कुमार 19 मार्च को अपना नामांकन भर सकते हैं और इसके लिए जरूरी कागजों पर उन्होंने पहले ही हस्ताक्षर कर दिए हैं। उनके प्रस्तावक के तौर पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं के साथ कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा भी शामिल हैं। राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि इस पद के लिए कोई दूसरा उम्मीदवार सामने नहीं आएगा।



ऐसे में नीतीश कुमार का निर्विरोध चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 24 मार्च है। इसलिए उसी दिन उनके दोबारा अध्यक्ष बनने की घोषणा हो सकती है। नीतीश कुमार का जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में चौथा कार्यकाल होगा। इससे पहले वे 2016 में पहली बार इस पद पर आए थे। 2019 में भी वे बिना किसी मुकाबले के अध्यक्ष चुने गए थे। बाद में 2020 में उन्होंने यह जिम्मेदारी आरसीपी सिंह को दे दी थी लेकिन 2023 में फिर से खुद अध्यक्ष बने और अब दोबारा उसी भूमिका में लौटने की तैयारी है। पटना में ही जदयू की राष्ट्रीय परिषद और कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें देशभर से पार्टी के प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह भी माना जा रहा है कि पार्टी में कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष की व्यवस्था बनी रहेगी और इस भूमिका में संजय झा आगे भी काम करते रह सकते हैं। राज्य परिषद की बैठक भी जल्द होने की उम्मीद है। इसमें नीतीश कुमार बतौर अध्यक्ष पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। जदयू में फिर से नीतीश कुमार का नेतृत्व मजबूत होता दिख रहा है।

## 6,135 महिलाओं को पटना रोजगार मेले में मिली नौकरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा ज्ञान भवन में आयोजित दो दिवसीय महिला मेगा जॉब फ़ेयर मंगलवार को संपन्न हो गया। समारोह के मुख्य अतिथि सामाज कल्याण विभाग मंत्री मदन सहनी ने कहा क नीतीश कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य में समावेशी विकास को नई गति मिल रही है। उन्होंने कहा कि हर वर्ग को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। रोजगार मेला नए अवसरों के द्वार खोलने वाला महत्वपूर्ण कदम है। लगभग 19,000 महिलाओं ने पंजीकरण कराया था, कुल 11,586 महिलाओं की उपस्थिति दर्ज की गई। विभिन्न कंपनियों द्वारा कुल 6,135 युवतियों को रोजगार प्रदान किए गए। क्षेत्रवार नियुक्तियों में हेल्थकेयर सेक्टर में लगभग 1,250, टेक्सटाइल सेक्टर में 1,114 और इलेक्ट्रानिक्स सेक्टर में करीब 800 युवतियों को नौकरी मिली। दूरदराज से आने वाली प्रतिभागियों के लिए विशेष बसों की व्यवस्था की गई थी। वेतनमान भी इस मेले का प्रमुख आकर्षण रहा। चयनित युवतियों को औसतन 2.40 लाख रुपये वार्षिक पैकेज का ऑफर मिला, जबकि अधिकतम पैकेज 5.4 लाख रुपये प्रति वर्ष तक गया। कार्यक्रम में लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। समारोह के दौरान मंच से 15 चयनित महिला अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले नियोक्ता संस्थानों को सम्मानित किया गया।

## पटना-डोभी एनएच पर बनेगा ग्रीन कॉरिडोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी पहल शुरू होने जा रही है। मंगलवार को विभागीय मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने इसकी समीक्षा की। पटना-गया-डोभी राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) को 'ग्रीन कॉरिडोर' के रूप में विकसित किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत सड़क के दोनों किनारों पर बड़े पैमाने पर फलदार पौधों का रोपण किया जाएगा। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2028-29 तक गया वन प्रमंडल (गया जी) के अंतर्गत 65 किलोमीटर क्षेत्र में 21 हजार से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इस परियोजना को स्थानीय जनप्रतिनिधियों, मुखिया, पंचायत सदस्यों, जिला पार्षदों, विधायकों और जिला प्रशासन के



सहयोग से लागू किया जाएगा। किसानों की रैयती जमीन पर वृक्षारोपण कर 'कम्युनिटी फार्मिंग' मॉडल को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे हरित आवरण बढ़ने के साथ किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। विभागीय मंत्री ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को विस्तृत मार्गदर्शिका तैयार करने, गुणवत्तापूर्ण पौधारोपण सुनिश्चित करने तथा किसानों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। किसानों को पौधों की देखभाल, तकनीकी जानकारी और आर्थिक लाभ के संबंध में प्रशिक्षित किया जाएगा। साथ ही उन्हें प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। योजना के तहत हर 5 किलोमीटर के दायरे में एक ही प्रकार के फलदार वृक्ष लगाए जाएंगे, जिससे एक समान हरित पट्टी विकसित हो सके। इसमें आम, अमरूद, जामुन, लीची, कटहल, आंवला, बेल, नींबू, सहजन, नीम, बरगद, पीपल और पाकड़ जैसे पौधे शामिल होंगे। इससे न केवल सड़क की सुंदरता बढ़ेगी बल्कि स्थानीय फलों के उत्पादन से बाजार को भी मजबूती मिलेगी। पेट्रोल पंपों के आसपास खाली भूमि पर भी पौधारोपण किया जाएगा। इससे मधुमक्खी पालन जैसे सहायक रोजगार को प्रोत्साहन मिलेगा। विशेष रूप से सहजन के पेड़ों से उच्च गुणवत्ता वाले शहद के उत्पादन की संभावना किसानों के लिए अतिरिक्त आय का स्रोत बनेगी। परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निदेशक हरियाली मिशन को नोडल बनाया गया है। आगामी 19 मार्च को स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ इंटरैक्टिव सेशन आयोजित किया जाएगा, जिसमें हरित आवरण बढ़ाने की रणनीतियों पर चर्चा होगी।




C M Y K

# मंत्री ने किया तीन दिवसीय राष्ट्रीय किसान सम्मेलन-सह-किसान मेला का उद्घाटन

## हमारा लक्ष्यः किसान के खेत तक उन्नत बीज, सिंचाई, तकनीक एवं सही सलाह पहुंचे : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि मंत्री, राम कृपाल यादव द्वारा बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर में आज 'दलहन एवं तिलहन उत्पादन में वृद्धि द्वारा पोषण एवं खाद्य सुरक्षा' विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय किसान सम्मेलन-सह-किसान मेला 2026 का उद्घाटन किया गया। यह मेला 18 मार्च, 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। कृषि मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह विषय केवल खेती का विषय नहीं है, बल्कि बिहार, देश और आने वाली पीढ़ियों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और समृद्धि से जुड़ा हुआ विषय है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेती-किसानी को नई सोच, नई ताकत और नई पहचान मिली है। किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक खेती, श्रीअन्न को बढ़ावा, डिजिटल कृषि, आधुनिक तकनीक और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में लगातार ठोस काम हो रहा है। बिहार में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में किसानों के हित में निरंतर कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि किसान के खेत तक उन्नत बीज, सिंचाई, तकनीक एवं सही सलाह पहुंचे और उनकी उपज का उचित मूल्य भी मिले। मुझे खुशी है कि बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर इस दिशा में अत्यंत सराहनीय कार्य कर रहा है। लैब टू लैंड की सोच को जमीन पर उतारते हुए विश्वविद्यालय ने वैज्ञानिक अनुसंधान को खेत तक पहुंचाने का सफल प्रयास किया है। विश्वविद्यालय द्वारा 51 फसलों के उन्नत किस्म और 79 नई तकनीकों का विकास तथा किसानों तक उनका विस्तार एक बड़ी उपलब्धि है। यह सीधे-सीधे किसान की पैदावार, आमदनी और आत्मविश्वास से जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष किसानों को 11 हजार क्विंटल से अधिक उन्नत बीज उपलब्ध कराना भी एक बड़ा और प्रशंसनीय कार्य है जब किसान के हाथ में गुणवत्तायुक्त बीज, नई तकनीक और सही सलाह होगी, तब कम लागत में अधिक उत्पादन और अधिक मुनाफा संभव होगा। आज उद्घाटन सत्र में 'डिजिटल एग्रीकल्चर' विषयक सेमिनार की शुरुआत भी इस बात का प्रमाण है कि अब खेती केवल परंपरा से नहीं, बल्कि विज्ञान, डेटा, तकनीक और जानकारी से भी आगे बढ़ेगी। समय की मांग है कि किसान डिजिटल रूप से सशक्त बने, मौसम की जानकारी समय पर पाए, बाजार की सूचना समझे और तकनीक का लाभ सीधे अपने खेत में पाये।

# शिक्षा को कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जोड़ने की जरूरत : विजय प्रकाश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विद्यापीठ द्वारा संचालित देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में डीएलएड सत्र (2025-2027) के नव नामांकित प्रशिक्षुओं के लिए परिचय सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने वर्तमान समय को संक्रमण काल बताते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रभाव से शिक्षण-प्रशिक्षण में शिक्षकों की भूमिका बदल रही है। उन्होंने डिजिटल असमानता जैसी चुनौतियों का उल्लेख करते हुए नवाचार, सतत अधिगम, तकनीकी दक्षता और समयानुकूल डिजिटल शिक्षण पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा को कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जोड़ना समय की आवश्यकता है। सचिव डॉ राणा अवधेश ने बिहार विद्यापीठ के इतिहास और उसके राष्ट्रीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षुओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने की बात कही। निदेशक डॉ मृदुला प्रकाश ने कहा कि शिक्षक को केवल ज्ञानदाता नहीं, बल्कि मार्गदर्शक और प्रेरक की भूमिका निभानी होगी। प्राचार्या डॉ पूनम वर्मा ने प्रारंभिक शिक्षा को बालकों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला बताते हुए प्रशिक्षुओं को संवेदनशील और नवाचारी शिक्षक बनने के लिए प्रेरित किया। एआईसी के मुख्य संचालन अधिकारी प्रमोद कर्ण ने शिक्षा और उद्यमिता के समन्वय को भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। संयुक्त सचिव अवधेश के नारायण ने अनौपचारिक शिक्षा के अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। सत्र 2024-26 के प्रशिक्षुओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अंत में सहायक प्रोफेसर चन्द्रकांत आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# संजय सरावगी, भीखूभाई दलसानिया एवं प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक संपन्न




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय के कैलाशपति मिश्र सभागार में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया तथा प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान' की समीक्षा बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर संगठन के सशक्तीकरण, कार्यकर्ताओं के कौशल विकास तथा पार्टी की विचारधारा को प्रदेश के प्रत्येक जन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के विषय में विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की गई।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 3 रेलकर्मियों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# शिवेश कुमार ने विधानसभा अध्यक्ष से की शिष्टाचार भेंट



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्यसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित शिवेश कुमार ने बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने शिवेश कुमार को अंगवस्त्र और पगड़ी पहनाकर तथा गया का स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। साथ ही उनका मुंह मीठा कराते हुए आत्मीय अभिनंदन किया। अध्यक्ष ने शिवेश कुमार के उच्च सदन में सफल और उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस दौरान अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा को भी राज्यसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित होने पर शुभकामनाएं दीं। भेंट के दौरान सदन और जनहित से जुड़े विषयों पर भी संक्षिप्त चर्चा हुई।

# सामाजिक और सांस्कृतिक विमर्शों को दिशा देती है इतिहास की समझ : प्रो. रत्ना अमृत

## प्राचीन भारत के इतिहास पर राष्ट्रीय संगोष्ठी, शोधार्थियों ने किए गहन विमर्श



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग और बी. डी. कॉलेज, पटना के संयुक्त तत्वावधान में 'प्राचीन भारत का इतिहासः नवीन विमर्श और समकालीन प्रासंगिकता (प्रागैतिहासिक काल से 650 ईस्वी तक)' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी विशेष रूप से शोध उपाधि (पीएचडी) के शोधार्थियों के लिए आयोजित की गई थी जिसमें प्राचीन भारत के इतिहास से जुड़े विभिन्न नए विमर्शों और उनकी समकालीन प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा हुई। संगोष्ठी में स्रोत एवं पुरातात्विक प्रमाण, सिंधु-सरस्वती सभ्यता, वैदिक युग, महाजनपदों का उदय, मौर्य प्रशासन एवं अशोक का धम्म, गुप्त एवं हर्षकालीन संस्कृति तथा पर्यावरण विमर्श जैसे महत्वपूर्ण उप-विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं में प्रो. एस. एन. आर्य, प्रो. राजीव रंजन, प्रो. रत्ना अमृत, प्रो. अरुण कुमार, डॉ. मुकेश कुमार और डॉ. ज्योति सिन्हा शामिल रहे। संगोष्ठी का उद्घाटन बी. डी. कॉलेज की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) रत्ना अमृत ने किया जबकि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अरविंद कुमार ने स्वागत भाषण दिया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि प्राचीन इतिहास की गहन समझ न केवल अकादमिक दृष्टि से शोधार्थियों को समृद्ध करती है, बल्कि वर्तमान सामाजिक और सांस्कृतिक विमर्शों को भी नई दिशा प्रदान करती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शोधार्थियों ने भाग लिया और संवाद व विचार-विमर्श के माध्यम से नए दृष्टिकोण प्राप्त किए। संगोष्ठी के अंत में यह संदेश दिया गया कि इतिहास केवल अतीत का अध्ययन नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य को दिशा देने वाला महत्वपूर्ण माध्यम है।

# साची तिवारी वेब सीरीज प्रधान जी में निभा रही चांदनी का किरदार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के सासाराम के कसिगावां के साची तिवारी फिर से मचा रही है बड़ा धमाल, वेब सीरीज इंडस्ट्री में धमाल मचाने वाली है प्रधान जी में साची तिवारी। साची प्रधान जी की बेटी चांदनी का किरदार निभा रही है। प्रधान जी के प्रोड्यूसर विजय वल्लभहनी को प्रोड्यूसर सिद्धार्थ जैन और अंकुर व्यास, निदेशक राहुल सिंह, शक्ति शशांक सुंदरम ने इसकी कहानी लिखी है। साची तिवारी ने कहा प्रधान जी वेब सीरीज रियल स्टोरी पर आधारित है। साची ने बताया कि इस वेब सीरीज में मेरी रियल मां प्रिया तिवारी मेरी मां का रोल निभा रही है। मां के साथ पहली बार सेट पर काम करना बहुत ही अच्छा लगा। इस सीरीज में कॉमेडी और इमोशंस का भरपूर मजा दर्शकों को मिलेगा। साची ने बताया ये वेब सीरीज आपलोगों को बहुत पसंद आएगी क्योंकि ये वेब सीरीज गांव में एक प्रधान पर आधारित है कि कैसे एक अनपढ़ मूर्ख प्रधान 25 वर्षों से गांव पर शासन कर रहा है और उसके खिलाफ एक मध्यमवर्गीय पढ़ा लिखा लड़का खड़ा होता है। साची तिवारी छोटी उम्र से ही एक्टिंग कर रही है। महानायक अमिताभ बच्चन, सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ भी साची ने अभिनय किया है। साची बहुत से टीवी शो मूवी और ऐड में काम किया है और कर रही हैं। साची के धारावाहिक अनमोल और कैसा है ये रिश्ता भी दर्शकों को काफी पसंद आया था। उन्होंने लोगों से कहा कि आप लोग इस वेब सीरीज को जरूर देखें और अपना प्यार और आशीर्वाद उन्हें जिस प्रकार से मिल रहा है वैसे ही अपना प्यार और आशीर्वाद दें।

# 65 किमी में 21 हजार पेड़ 500 पौधे लगाए जायेंगे

## पटना से गयाजी होकर डोभी जाने वाले एनएच में बनेगा 'ग्रीन कॉरिडोर'



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में पर्यावरण संरक्षण सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू होने जा रही है। पटना-गया-डोभी राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) को 'ग्रीन कॉरीडोर' के रूप में विकसित करने की योजना को मूर्तरूप देने के लिए इसकी समुचित कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इस अमलीजामा पहनाने को लेकर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रमोद कुमार ने खासतौर से निर्देश दिए। वह विभागीय पदाधिकारियों के साथ इस मुद्दे पर समीक्षा बैठक कर रहे थे। विभाग के इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के तहत सड़क के दोनों किनारों पर बड़े पैमाने पर फलदार पौधे लगाए जाएंगे। वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2028-29 तक गयाजी वन प्रमंडल के अंतर्गत 65 किमी के क्षेत्र में लगभग 21 हजार 500 पौधे लगाने की योजना है। इस योजना की खास बात यह है कि इसे स्थानीय जनप्रतिनिधियों, मुखिया, पंचायत सदस्यों, जिला पार्षद, विधायक, जिलाधिकारी के सहयोग से लागू किया जाएगा। किसानों के साथ समन्वय स्थापित कर उनकी आमदनी बढ़ाने को लेकर उनकी रैयती जमीन पर भी वृक्षारोपण कराया जाएगा जिससे 'कम्यूनिटी फार्मिंग' को बढ़ावा मिलेगा। इससे न सिर्फ हरित आवरण बढ़ेगा, बल्कि किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। मंत्री ने ग्रीन कॉरिडोर के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विस्तृत मार्ग दर्शिका तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही बीज और पौधों को सही तरीके से लगाने पर विशेष ध्यान देने तथा किसानों को इसे लेकर प्रशिक्षण देने की बात कही। प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों को पौधारोपण के अलावा इनके देखभाल और उससे होने वाले आर्थिक लाभ की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए किसानों को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। इस कार्य के लिए हरियाली मिशन के निदेशक को नोडल पदाधिकारी के तौर पर नामित किया गया है।

# आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कैडेट्स सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 01 बिहार नेवल यूनिट द्वारा राजेंद्रनगर स्थित एनसीसी ग्रुप मुख्यालय में आयोजित आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह शिविर युवाओं को आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स को प्राथमिक उपचार, आग से बचाव, बाढ़ एवं भूकंप जैसी आपदाओं के समय राहत और बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। कैडेट्स ने इन गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करते हुए अपनी तत्परता, साहस और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। इस अवसर पर कैंप कमांडेंट कमांडर सन्नी कुमार गुप्ता ने चयनित कैडेट्स को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि आपदा के समय सही प्रशिक्षण और त्वरित निर्णय क्षमता जीवन बचाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कैडेट्स की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से युवाओं में सेवा भावना, जिम्मेदारी और आत्मविश्वास का विकास होता है। शिविर में विभिन्न महाविद्यालयों के सीनियर डिवीजन (एसडी) और सीनियर विंग (एसडब्ल्यू) कैडेट्स का चयन किया गया था। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में सीनियर विंग से ज्ञानवि, भावना जायसवाल और तनु तथा सीनियर डिवीजन से किशन कुमार, सुधांशु रंजन और मोहित कुमार शामिल रहे। पूरे शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार ज्ञानवि को प्रदान किया गया। इस अवसर पर 01 बिहार नेवल यूनिट के सभी एएनओ, पीआई स्टाफ, जीसीए और सिविलियन स्टाफ भी मौजूद रहे।

# बिहार विधान सभा सचिवालय में प्रभार का बदलाव, पूनम सिन्हा को मिली जिम्मेदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा सचिवालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। अधिसूचना के मुताबिक प्रभारी सचिव सह संयुक्त सचिव ख्याति सिंह का स्थानांतरण पटना उच्च न्यायालय में विशेष कार्य पदाधिकारी के पद पर किया गया है। उनके स्थानांतरण के बाद सचिवालय में प्रभार का पुनर्विन्यास किया गया है। बिहार विधान सभा सचिवालय में निदेशक के पद पर कार्यरत पूनम सिन्हा को 17 मार्च 2026 से अगले आदेश तक अथवा बिहार वरीय न्यायिक सेवा के किसी पदाधिकारी की नियुक्ति होने तक प्रभारी सचिव के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत किया गया है। इस निर्णय के साथ सचिवालय के प्रशासनिक कार्यों के सुचारू संचालन की जिम्मेदारी अब पूनम सिन्हा के पास होगी।

# बिहार कांग्रेस ने एनडीए सरकार द्वारा राष्ट्रव्यापी विधायक चोरी के खिलाफ किया पुतला दहन

## एजेंसियां और धन-बल के दम पर जनादेश का अपमान बर्दाश्त नहीं : राजेश राम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एनडीए सरकार की 'वोट चोर, विधायक चोर' नीति के विरोध में आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम के गेट के सामने बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि एनडीए सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता के जनादेश का सम्मान करने के बजाय सत्ता में बने रहने के लिए तरह-तरह की साजिशें रची जा रही हैं। राजेश राम ने हालिया राजनीतिक घटनाक्रमों और राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस विधायकों के वोट न दे पाने की स्थिति को उन्होंने एक सोची-समझी साजिश और 'लोकतंत्र की हत्या' करार दिया। राजेश राम ने कहा कि पूरे देश में भाजपा का एक ही 'स्टाइल' बन चुका है—चुनी हुई सरकारों को गिराना और विपक्ष के विधायकों को तोड़ना। उन्होंने एकनाथ शिंदे प्रकरण और गोवा का उदाहरण देते हुए कहा कि भाजपा जहां भी सत्ता में होती है वहां इसी तरह के हथकंडे अपनाती है।

# सरकारी अनुदान का मौका हाथ से न निकल जाए, गन्ना यंत्र खरीदने की आखिरी तारीख तय

## निर्धारित तिथि के बाद परमिट हो जाएगा स्वतः रद्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गन्ना यांत्रीकरण योजना के तहत स्वीकृत परमिट के आधार पर गन्ना उद्योग विभाग ने 19 मार्च तक यंत्रों की खरीद करने का आदेश दिया है। इसके बाद वह परमिट स्वतः ही रद्द हो जाएगी। विदित हो कि गन्ना उद्योग विभाग ने किसानों को अनुदानित दर पर यंत्र उपलब्ध कराने के लिए गन्ना यांत्रीकरण योजना शुरू की है। इस योजना के तहत किसानों को गन्ना की बुआई से लेकर कटाई तक में उपयोग होने वाले यंत्रों की खरीद करने के लिए 50 से 60 फीसदी अनुदान दिया जाता है। विभाग के अनुसार पांचवे रेंडमाईजेशन में राज्य के 466 किसानों का चयन किया गया था। इसके पहले भी चयनित गन्ना किसानों को परमिट दिए गए थे। इन किसानों को यंत्र खरीदने के लिए परमिट जारी किए गए हैं। विभाग ने परमिट पर यंत्र खरीदने के लिए अंतिम तिथि 19 मार्च निर्धारित किया है। उक्त तिथि तक यंत्रों की खरीद नहीं होने पर विभाग से जारी परमिट स्वतः निरस्त हो जाएगा। विभाग ने सभी गन्ना किसानों से परमिट पर शीघ्र यंत्रों की खरीद करने की अपील की है।

# राज्यसभा चुनाव में जीत के बाद शिवेश राम पहुंचे प्रसिद्ध हनुमान मंदिर, पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद

## यह जीत पूरे रविदास समाज के लिए गर्व की बात : शिवेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा नेता शिवेश राम राज्यसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद आज पटना के प्रसिद्ध महावीर मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। यहां उन्होंने भगवान वीर हनुमान सहित अन्य सभी देवी-देवताओं की पूजा अर्चना की। भाजपा नेता शिवेश राम इस दौरान महावीर मंदिर के प्रांगण में स्थापित संत शिरोमणि रविदासजी की भव्य मूर्ति पर माल्यार्पण किया और नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में जीत के बाद अपने आराध्य भगवान से आशीर्वाद प्राप्त करने आया हूं। उन्होंने इस क्रम में कहा कि मैं एक रविदास समाज का बेटा हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए शिवेश राम ने कहा कि उन्होंने रविदास समाज के एक बेटे को राज्यसभा भेजकर बिहार के रविदास समाज का मान बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भी आभार जताया। दावा करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार से पहली बार कोई रविदास समाज का व्यक्ति देश के उच्च सदन राज्यसभा पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि एनडीए ने समाज में अंतिम पायदान पर बैठे हुए एक व्यक्ति को राज्यसभा भेजने के लिए जो काम किया है, यह पूरे रविदास समाज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा यह भाजपा की उस महान संगठनात्मक संस्कृति और प्रामाणिकता का प्रमाण है जहां एक समर्पित कार्यकर्ता को भी उसकी निष्ठा और परिश्रम के आधार पर सम्मान और जिम्मेदारी दी जाती है। उन्होंने अपने नए दायित्व को लेकर कहा कि राज्यसभा में बिहार की जनता की आकांक्षाओं, उनके सपनों और प्रदेश से जुड़े प्रत्येक महत्वपूर्ण विषय को पूरी मजबूती के साथ उठाऊंगा। जनहित और राष्ट्रहित मेरे लिए सदैव सर्वोपरि रहेंगे और संगठन के आदर्शों को ही अपने प्रत्येक निर्णय का मार्गदर्शक बनाऊंगा। राज्यसभा सदस्य के रूप में नवनिर्वाचित शिवेश राम ने एनडीए के सभी विधायकों का आभार जताते हुए कहा कि यह जीत एनडीए की एकता की जीत है।

# स्त्री सुबोधिनी नाटक में दिखा महिलाओं के जीवन के सही आचरण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रस्तुति पटना द्वारा स्थानीय प्रेमचंद रंगशाला में आयोजित प्रस्तुति उत्सव 2026 - अकेली औरत का नाट्य के अंतर्गत नाटक स्त्री सुबोधिनी का मंचन किया गया। त्रिपुरारी शर्मा द्वारा निर्देशित व मुनमुन सिंह द्वारा अभिनीत यह नाटक ऊर्जा, नई दिल्ली की प्रस्तुति थी। शीर्षक से ही स्पष्ट है कि स्त्री सुबोधिनी हिंदू महिलाओं के लिए जीवन के सही आचरण का एक मार्गदर्शक है। यह नाटक एक अविवाहित महिला से शुरू होता है जो एक विवाहित व्यक्ति के साथ अपने अतीत के संबंधों को उजागर करती है। नाटक में व्यंग्यात्मक शैली में स्त्री पुरुष संबंध को चित्रित किया गया है।

# 24 घंटे में चोरी का खुलासा, नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार, लाखों के गहने व नकद बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** घर में घुसकर लाखों रुपये के सोने के गहने और नगदी चोरी करने के मामले का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सफल उद्भेदन कर दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लगभग 8 लाख रुपये के स्वर्ण आभूषण, 3 लाख 50 हजार रुपये नकद, एक देसी कट्टा तथा छह जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। मंगलवार को डालमियानगर थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में साइबर डीएसपी गौरव कुमार यादव ने बताया कि सोमवार देर शाम थाना क्षेत्र के प्रयाग बिगहा निवासी नागेंद्र सिंह उर्फ नंद यादव के घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। पीड़ित



द्वारा 4.5 लाख रुपये नकद एवं करीब 8 लाख रुपये के सोने के आभूषण चोरी होने की सूचना दी गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए डालमियानगर थानाध्यक्ष रवि रंजन गुप्ता ने थाना कांड संख्या 46/26 दर्ज कर विशेष टीम का गठन किया और त्वरित अनुसंधान शुरू किया। सूचना के आधार पर पुलिस ने एक 16 वर्षीय नाबालिग को हिरासत में लेकर उसके घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान घर के किचन के ऊपर बने छज्जे से एक बैग बरामद हुआ जिसमें चोरी के सोने के गहने-हार, लॉकेट, झुमका, नथिया, चेन, मांग टीका, अंगूठी व बाली मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस ने छज्जे से एक देसी कट्टा और छह जिंदा कारतूस भी बरामद किए। साथ ही एक बटुए से 24 हजार रुपये नकद भी मिले। पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि चोरी के बाद वह नगदी बैंक में जमा करने के लिए टोटो से डिहरी बाजार गया था। वापस लौटने के दौरान मथुरी पुल के पास टोटो चालक और उसके दो साथियों ने उससे मारपीट कर लगभग 3 लाख रुपये छीन लिए और फरार हो गए। नाबालिग के बयान के आधार पर पुलिस ने टोटो चालक व उसके सहयोगियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। त्वरित छापेमारी में रत्तु बिगहा निवासी 22 वर्षीय टोटो चालक राजू कुमार तथा मथुरी निवासी 21 वर्षीय नीतीश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके पास से लूट की रकम भी बरामद की गई।

पुलिस ने बरामद सभी सामान को जब्त करते हुए दोनों आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया है जबकि नाबालिग को किशोर न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया जारी है। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष रवि रंजन गुप्ता, प्रिंस कुमार मिश्रा, श्वेता कुमारी, उदय कुमार, सिपाही रूपेश कुमार एवं महिला सिपाही सीमा कुमारी सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

# डिहरी नगर परिषद का 1.85 अरब का बजट पारित, विकास कार्यों पर रहेगा खास फोकस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर परिषद डिहरी-डालमियानगर के बोर्ड की बैठक में पार्षदों ने ध्वनिमत से करीब 1 अरब 85 करोड़ 90 लाख रुपए के बजट को मंजूरी दे दी। यह बजट पिछले वित्तीय वर्ष के लगभग बराबर है। मंगलवार को आयोजित इस बैठक में भवन निर्माण, सीवरेज एवं ड्रेनेज व्यवस्था को विशेष प्राथमिकता दी गई, साथ ही बुनियादी सेवाओं को सुदृढ़ करने पर भी जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पार्षद शशि कुमारी ने की। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2026-27 में होने वाले खर्च और आय के विभिन्न स्रोतों को अनुमोदित किया गया। बैठक की शुरुआत में स्थानीय विधायक सोनू सिंह को मुख्य पार्षद शशि कुमारी, उप मुख्य पार्षद रानी कुमारी एवं अन्य पार्षदों द्वारा सम्मानित किया गया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार ने बताया कि राजस्व प्राप्ति के रूप में करीब 72.14 करोड़



रुपए तथा पूंजीगत प्राप्ति के रूप में 98.76 करोड़ रुपए का अनुमान है। बजट में विभिन्न मदों के तहत खर्च का प्रावधान किया गया है जिसमें भूमि मद में 5.25 करोड़ रुपए, भवन, पार्क, पब्लिक टॉयलेट, सामुदायिक एवं सम्राट अशोक भवन सहित अन्य योजनाओं पर 12.37 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा सीवरेज एवं ड्रेनेज निर्माण पर 11.33 करोड़ रुपए, ह्यूम पाइप, खुले कुएं, हैंडपंप व बोरवेल पर 1.54 करोड़ रुपए तथा सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था पर 7.33 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। संयंत्र व मशीनरी पर 6.69 करोड़ रुपए और सार्वजनिक परिवहन पर 4.30 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। वहीं कार्यालय उपकरण, फर्नीचर व अन्य संपत्तियों की खरीद पर करीब 15 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

बैठक में उप मुख्य पार्षद रानी कुमारी, पूर्व मुख्य पार्षद विशाखा सिंह, पार्षद नेहा देवी, रंजना श्रीवास्तव, धर्म शीला देवी, ऋतु हजारिका, कलावती देवी, रवि शेखर, मीरा गुप्ता, रोशनी देवी, मीना देवी,मुजिबुल हक, आनंद चौधरी, आरती देवी, मंजू देवी, विशाल कुमार, राजेश कुमार, श्याम बिहारी प्रजापति, चंदन कुमार सहित कई पार्षद मौजूद रहे।

# जन्मदिन पर बच्चों में बांटी गई पाठ्य सामग्री व मिठाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड के सरैया स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में संचालित निःशुल्क पाठशाला में आज एक अनोखी और प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। बम-बम स्वीट्स के प्रोपराइटर अजीत कुमार गुप्ता ने अपनी पुत्री माही के जन्मदिन को खास बनाते हुए पाठशाला के बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री एवं मिठाइयों का वितरण किया। इस अवसर पर अजीत कुमार गुप्ता स्वयं उपस्थित होकर अपने हाथों से बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल समेत अन्य शैक्षणिक सामग्री और मिठाई भेंट की। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने माही के उज्ज्वल भविष्य के लिए दिल से आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह उत्सवमय और भावनात्मक रहा। इस सराहनीय पहल ने समाज में एक सकारात्मक संदेश दिया कि जन्मदिन जैसे अवसरों को जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाकर सच्ची खुशी पाई जा सकती है। पाठशाला के संचालक सत्यानंद कुमार ने बताया कि उनकी टीम हर महीने किसी न किसी परिचित के बच्चे के जन्मदिन पर इस तरह का आयोजन करती है, ताकि कम खर्च में जरूरतमंद बच्चों के बीच अधिक से अधिक खुशियां बांटी जा सके। उन्होंने कहा कि यह प्रयास न केवल बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाता है, बल्कि समाज में सहयोग और संवेदना की भावना को भी मजबूत करता है।

# चतुर्थ राष्ट्रीय देवमंगल मेमोरियल मूट कोर्ट प्रतियोगिता संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** नारायण स्कूल ऑफ लॉ, गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित चतुर्थ देवमंगल मेमोरियल राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2026 का समापन मंगलवार को गरिमामय वातावरण में संपन्न हो गया। 15 से 17 मार्च तक आयोजित इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिष्ठित विधि महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन माध्यम से भाग लेकर अपने विधिक कौशल, तर्कशक्ति एवं वकालत कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन सत्र विश्वविद्यालय परिसर स्थित मूट कोर्ट हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्मृति शेष देव नारायण सिंह एवं मंगला देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके पश्चात नारायण स्कूल ऑफ लॉ के डीन ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं आयोजकों का स्वागत किया और प्रतियोगिता की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि मूट कोर्ट प्रतियोगिताएं विधि छात्रों को न्यायालयीन प्रक्रियाओं की व्यवहारिक समझ प्रदान करती हैं तथा उनके आत्मविश्वास और तर्क क्षमता का विकास करती हैं। इस अवसर पर डॉ. उपेंद्र नाथ ने छात्रों को अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. जगदीश सिंह ने कहा कि विधि शिक्षा केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से छात्रों को सक्षम अधिवक्ता एवं न्यायविद् के रूप में तैयार करना आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि प्रो. डॉ. शैवाल सत्यार्थी ने मूट कोर्ट प्रतियोगिताओं को छात्रों के लिए शोध, लेखन और पेशेवर नैतिकता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। वहीं मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. प्रीति सक्सेना ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि इस तरह की राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं छात्रों में प्रतिस्पर्धा और उत्कृष्टता की भावना को बढ़ाती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने गुणवत्तापूर्ण विधि शिक्षा को मजबूत न्याय व्यवस्था की आधारशिला बताया और प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# रसोई गैस सिलेंडर को लेकर प्रशासन ने उठाया कदम, लागू हुए कई निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** पुलिस उप-महानिरीक्षक, विशेष शाखा, बिहार, पटना के पत्रांक-1946/विशे., 10.03.2025 के आलोक में रोहतास जिला में सतत निगरानी रखते हुए गैस एजेंसियों, विक्रेताओं एवं पेट्रोल पंपों के आस-पास विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु समुचित व्यवस्था करने तथा जमाखोरी एवं कालाबाजारी करने वाले तत्वों पर विशेष नजर रखने एवं किसी भी प्रकार की अफवाह की स्थिति उत्पन्न नहीं होने देने का निर्देश प्राप्त हुआ है। उक्त प्राप्त निर्देश के आलोक में विधि व्यवस्था संधारण हेतु अनुमंडल नियंत्रण कक्ष, अनुमंडल कार्यालय परिसर, बिक्रमगंज में अनुमंडल नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाती है। अनुमंडल नियंत्रण कक्ष में दूरभाष संख्या -06185 - 222538 दिनांक -13.03.2026 से अगले आदेश तक प्रतिदिन 09 बजे पूर्वाहन से 05 बजे अपराह्न तक कार्यरत रहेगा। इसमें निम्न कर्मियों को प्रतिनियुक्ति की जाती है-कुमार विश्वजीत, विकारा मित्र, मो0-8409104493, पदस्थापित नगर परिषद, बिक्रमगंज चंदन कुमार, विकारा मित्र, मो0-7488794049, पदस्थापित नगर परिषद, बिक्रमगंज। प्रतिनियुक्त कर्मी प्राप्त शिकायत की सूचना तत्काल संबंधित अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना तथा सम्पूर्ण कार्रवाई का विवरण एक पंजी में नियमित रूप से संधारित करना सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक लागू होगा। अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज, रोहतास ने बताया कि यह कदम जिले में विधि व्यवस्था को मजबूत बनाने और गैस एजेंसियों, विक्रेताओं एवं पेट्रोल पंपों के आस-पास किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए उठाया गया है। नियंत्रण कक्ष में प्राप्त शिकायतों का निष्पादन तत्काल किया जाएगा और जमाखोरी एवं कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस आदेश की प्रतिलिपि संबंधित विकास मित्र, नगर परिषद, बिक्रमगंज को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित की गई है। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी/प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी, बिक्रमगंज अनुमंडल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की गई है। इसके अलावा सभी पुलिस निरीक्षक/थानाध्यक्ष, बिक्रमगंज अनुमंडल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया है।

# डिहरी के अरुण कुमार शर्मा को मिली पीएचडी की उपाधि, मनोविज्ञान विषय पर किया शोध

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के डिहरी ऑन-सोन के पश्चिम मोहन बिगहा निवासी शोधार्थी अरुण कुमार शर्मा को मनोविज्ञान विषय में पीएचडी (डॉक्टरेट) की उपाधि प्रदान की गई। यह उपाधि उन्हें वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा में आयोजित पीएचडी वाइवा के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद दी गई। विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. प्रो. लतिका वर्मा की अध्यक्षता में वाइवा परीक्षा आयोजित की गई। इस अवसर पर पटना विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शिवसागर प्रसाद एक्सटर्नल परीक्षक के रूप में उपस्थित थे जबकि महिला कॉलेज सासाराम के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अमन मुर्मू शोध के सुपरवाइजर रहे।



शोधार्थी अरुण कुमार शर्मा ने 'सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में कार्यरत कर्मियों के कार्य संतोष, मानसिक स्वास्थ्य एवं समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन' विषय पर अपना शोध कार्य प्रस्तुत किया। वाइवा के दौरान उन्होंने अपने शोध के विभिन्न पहलुओं को विस्तार से प्रस्तुत किया जिसके बाद उन्हें पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। अरुण कुमार शर्मा, पिता ओम प्रकाश, वार्ड संख्या 17, पश्चिम मोहन बिगहा, थाना डिहरी, जिला-रोहतास के निवासी हैं। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर डॉ. लाल बाबू सिंह, डॉ. प्रियंका पाठक, डॉ. यशवंत कुमार, प्रो. वाचस्पति दुबे, डॉ. गिरजा उरांव, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. विकास सिंह, डॉ. निर्मल कुमार, डॉ. लक्ष्मी शर्मा, डॉ. मनोज यादव, शोधार्थी ज्योति कुमारी, सोनम कुमारी, आलोक आनंद, अरविंद यादव सहित कई शिक्षक एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

साथ ही बाबा गणिनाथ महाविद्यालय डिहरी के प्राचार्य डॉ. अखिलेश कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक आनंद कुमार, प्रो. श्रीकांत कुमार समेत विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, समाजसेवियों और शुभचिंतकों ने अरुण कुमार शर्मा को इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# जागरुकता कार्यशाला में उद्यमिता के मूल सिद्धांतों एवं स्टार्टअप नीति पर चर्चा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** महिला एवं बाल विकास निगम, रोहतास द्वारा मंगलवार को 'स्टार्टअप बिहार पॉलिसी' और उद्यमिता पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन गवर्मेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज, डिहरी ऑन सोन में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा महिलाओं को स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करना और उन्हें 'स्टार्टअप बिहार पॉलिसी' की विस्तृत जानकारी देना था। सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने छात्राओं और युवा महिलाओं को उद्यमिता के मूल सिद्धांतों के बारे में बताया। कार्यक्रम में विशेष रूप से बिहार सरकार की स्टार्टअप नीति पर चर्चा की गई जिसके तहत नए व्यवसाय शुरू करने के लिए मिलने वाली वित्तीय सहायता, सब्सिडी और सरकारी प्रोत्साहन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत यह पहल बेटियों को न केवल शिक्षित करने बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। कार्यक्रम के दौरान जिला परियोजना प्रबंधक, मो. शमीम अंसारी ने इस बात पर जोर दिया कि आज की बेटियां केवल नौकरी पाने वाली ही नहीं, बल्कि नौकरी देने वाली भी बन सकती हैं। बिहार की नई स्टार्टअप नीति का लाभ उठाकर वे अपने नवाचार को एक सफल व्यवसाय में बदल सकती हैं। इस कार्यशाला में भारी संख्या में छात्राओं और स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया और स्टार्टअप रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया से संबंधित अपनी शंकाओं का समाधान किया। उक्त कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ, कार्यालय सहायक, गवर्मेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज, डिहरी ऑन सोन के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक और छात्राएं उपस्थित रहीं।


**बिहार सरकार**

**उत्पाद न्यायालय वरीय उप समाहर्त्ता, पटना**
(पटना समाहरणालय, गाँधी मैदान, पटना–800001)

ई–मेल–certificateofficerpat@gmail.com

**बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम, 2016 (यथा संशोधित 2018 एवं 2022) के अन्तर्गत जब्त वाहनों के मालिकों के लिए नोटिस**

**अति अल्पकालीन**

एतद् द्वारा निम्नलिखित वाहनों के मालिकों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम, 2016 (यथा संशोधित 2018 एवं 2022) के अन्तर्गत पुलिस विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में आपके वाहन को जब्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है, **जिसकी सुनवाई की तिथि 30.03.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे निर्धारित की गई है।**

| क्र० सं० | अधिहरण वाद सं0 | थाना का नाम एवं थाना कांड सं० | जब्त वाहन का प्रकार एवं निबंधन सं0 | वाहन मालिक का पूर्ण पता/जब्ती का दिनांक एवं स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 26/2025-26 | उत्पाद थाना, मसौढ़ी काण्ड सं0–900/25, दिनांक–21.12.2025 | महेन्द्रा बोलेरो पिकअप, निबंधन सं0–**JH01FP-9765** | श्री कुमुद रंजन मिस्त्री, पे०– बलीराम मिस्त्री, साकिन– कैथी बेनी थाना–गोह, जिला– औरंगाबाद, बिहार, पिन–824203 |

उपरोक्त अधिहरण वाद से संबंधित कोई भी व्यक्ति, जिनका कोई हित जब्त–वाहन में निहित हो उन्हें निदेश दिया जाता है कि वे अपने उपर लगे आरोप के संबंध में न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं/अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से निर्धारित तिथि को आवश्यक रूप से कारण पृच्छा प्रस्तुत करें कि **बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद नियमावली 2021 के नियम 12(क) के उपनियम (2)(उत्पाद नीति–01–03/2021/3671–31.05.2023) के तहत जिसमें शास्ति की राशि वाहन के बीमा मूल्य के 10 प्रतिशत से कम और 05 (पाँच) लाख से अधिक नहीं होगी एवं जुर्माने की राशि का 03 प्रतिशत अतिरिक्त राशि BSBCL को जमा कराकर वाहन को छोड़ने का प्रावधान है। यदि आप अपना वाहन छुड़ाना चाहते हैं तो प्रपत्र–IV में आवेदन जमा कर सकते हैं।** निर्धारित तिथि तक जवाब दाखिल नहीं करने/अनुपस्थित पाये जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए आदेश पारित कर दिया जायेगा।

**इसे सख्त ताकीद समझे।**

**(जागृति प्रभात)**
**वरीय उप समाहर्त्ता,पटना।**

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR- 26480 ( District ) 2025-26

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**


# भाकपा माले का 12वां एकदिवसीय सम्मेलन, विधायक ने किया उद्घाटन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के काराकाट में भाकपा माले का 12वां एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें विधायक अरुण कुमार ने शिरकत की। सम्मेलन में केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला गया। विधायक ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार संविधान, रोजी-रोटी, मान-सम्मान और अन्य अधिकारों को फासीवादी तरीकों से छीनना चाहती है। विधायक अरुण कुमार ने कहा कि सरकार विद्रोह के स्वरों को मनमाने ढंग से दबाने का प्रयास कर रही है जबकि अधिकारों को औपनिवेशिक तरीके से छीनकर केवल एक अधिकार कायम करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने नोटबंदी के बाद उत्पन्न संकट का भी जिक्र किया और कहा कि नोटबंदी से लाखों लोग बेरोजगारी और भुखमरी का शिकार हुए। जीएसटी ने छोटे और मझोले व्यवसायियों की कमर तोड़ दी जिसके परिणामस्वरूप आज महंगाई चरम पर है और करोड़ों आम नागरिकों की दैनिक स्थिति खराब हो गई है। विधायक ने सार्वजनिक उपक्रमों को पूंजीपतियों के हाथों बेचे जाने का आरोप लगाते हुए व्यंग्य किया। रेल की सवारी भारतीय रेल से की होगी, लेकिन अदानी रेल आज चल रही है।

# हुरका पैक्स चुनाव का मतदान आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र का एकलौता हुरका पैक्स का चुनाव 18 मार्च यानि बुधवार को होगा जिसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। इसकी जानकारी देते हुए बीडीओ अंकिता जैन ने बतायी कि पैक्स चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया है। उन्होंने बताया कि पैक्स का मतदान केंद्र बिहार सरकार भवन हुरका में बनाया गया है जहां एक ही मतदान केंद्र पर छः बूथ क्रमशः 1(क ), 1(ख), 1(ग), 1(घ), 1(ङ) एवं 1(च) है। बताया कि हुरका पैक्स में कुल मतदाताओं की संख्या 3812 है जिसमें पुरुष मतदाता 2479 और महिला मतदाता 1333 है। हुरका पैक्स में कुल पैक्स अध्यक्ष पद हेतु चार प्रत्याशी कुमार रविरंजन सिंह, राहुल कुमार, शेषनारायण तिवारी एवं सोनू कुमार ने नामांकन कराया है वही पैक्स सदस्य के लिए कुल चार प्रत्याशी अंजू शर्मा, मुन्नी देवी, राजाबाबू चौधरी एवं शांति देवी ने नामांकन कराया है।

# कांशी राम के जन्मदिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम/तिलौथू।** प्रखंड क्षेत्र के हुरका टोला गांव में सोमवार को दलितों के बड़े नेता एवं बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशी राम का 92वां जन्मदिवस अम्बेडकर युवा संघ कमिटी द्वारा बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय प्रखंड के पूर्व जिला पार्षद प्रतिनिधि अमन कुमार उर्फ दास जी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि श्री कुमार ने अपने सम्बोधन में कांशी राम के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कांशी राम का अपने समाज के विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान जिनके विचारों पर हमें चलना चाहिए और उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत कांशी राम पर आधारित गानों के साथ हुई। जैसे-जैसे कार्यक्रम आगे बढ़ता गया वैसे-वैसे ग्रामीणों ने एक से बढ़कर एक पारम्परिक चैता गाना प्रस्तुत किया जिसने उपस्थित दर्शकों का मनमोह लिया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।**
अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

**(Two Envelope System)**

ई0–निविदा संख्या– **EE/RDSD/Palamau/ F2 - 04/ 2025-26**

| S. No. | Group No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 01 | पलामू जिला के प्रखंड पाण्डू पंचायत महुगावां अनतर्गत ग्राम कांति मुख्य पथ से विनोद शर्मा के घर होते हुए विरनाथ पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 3664700.00 | 73500 | 5000 | 04 माह |
| 2 | 02 | पलामू जिला के प्रखंड पाण्डू अनतर्गत कुटूमू पी0डब्लू0डी0 रोड से बनाही मेन रोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 4437800.00 | 89000 | 5000 | 04 माह |
| 3. | 03 | पलामू जिला के प्रखंड पाण्डू अन्तर्गत ग्राम रतनाग में गिरजा चौधरी के घर से शिव पासवान के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 4126300.00 | 83000 | 5000 | 4 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 23.03.2026 (05:00 PM से)
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 23.03.2026 (अपराह्न 5:00 PM से दिनांक 30.03.2026 को 5:00PM तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
5. तकनीकि बिड खोलने की तिथि एवं समय – 01.04.2026 अपराह्न 4:00 PM बजे।
6. वित्तीय बिड खोलेन की तिथि – पत्र द्वारा घोषित किया जायेगा।
7. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, पलामू।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल पलामू।**

PR 375365 Rural Development(25-26)D

# हिलसा में 95 लाख से अधिक की लागत से नाला व सड़क निर्माण शुरू




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के अंतर्गत हिलसा नगर परिषद के वार्ड संख्या-07, कृष्णापुर में नाला एवं सड़क निर्माण कार्य का भव्य शुभारंभ किया गया। इस महत्वपूर्ण विकास योजना पर कुल 95,71,744 की लागत खर्च की जा रही है। यह निर्माण कार्य कृष्णापुर स्थित महादेव मंदिर से जयराम पासवान के घर तक कराया जा रहा है। इससे क्षेत्र के लोगों को लंबे समय से चली आ रही जलजमाव और जर्जर सड़क की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम का शुभारंभ हिलसा के माननी विधायक श्री कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि "क्षेत्र का समग्र विकास मेरी पहली प्राथमिकता है और जनता की समस्याओं का समाधान करना मेरा कर्तव्य है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगे भी क्षेत्र में विकास कार्यों की गति को और तेज किया जाएगा। विधायक ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को मजबूत करना है, ताकि आम लोगों को बेहतर सड़क, जल निकासी एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इस मौके पर उप मुख्य पार्षद दुर्गा देवी, वार्ड पार्षद अवधेश रावत, जदयू प्रखंड अध्यक्ष कुंदन कुमार, छात्र जदयू पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय (पूर्वी भाग, नालंदा) के अध्यक्ष आशीष कुमार, राजू कुमार समेत कई गणमान्य लोग एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## लापता युवक का शव नदी किनारे मिला, डूबने से मौत की आशंका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा जिले में एक युवक का शव नदी किनारे मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान चंडी थाना क्षेत्र के रामचंद्र महतो के 40 वर्षीय पुत्र राजू कुमार के रूप में हुई है, जो 9 मार्च से लापता था। शव नगरनौसा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव के पास बरामद किया गया। परिजनों के अनुसार राजू कुमार गांव में आटा चक्की चलाने का काम करता था और मानसिक रूप से अस्वस्थ था। 9 मार्च को वह घर से निकला था, जिसके बाद वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया था। इस संबंध में थाने में गुमशुदगी की प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। घटना की सूचना मिलते ही वरीय पुलिस पदाधिकारी, थानाध्यक्ष एवं एफएसएल टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए। घटनास्थल के निरीक्षण के बाद पुलिस की प्रारंभिक जांच में पानी में डूबने से मौत की आशंका जताई जा रही है। हिलसा डीएसपी शैलजा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# माता-पिता व वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान और उनकी सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी : डीएम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नालंदा के तत्वावधान में "अटल वयो अभ्युदय योजना" के तहत वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों एवं सुरक्षा से संबंधित नगर भवन बिहारशरीफ में जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने द्वीप प्रज्वलित कर किया । इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा सामाजिक सुरक्षा से संबंधित जेन जी और वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और सुरक्षा पर विस्तृत कॉमिक (संवाद संस्करण) जागरूकता पुस्तिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें अपने वंशज के चलाने वाले वृद्ध दादा दादी ,नाना नानी,माता-पिता का सम्मान एवं देखभाल निर्भीक होकर करना चाहिए , ताकि आने वाली पीढ़ी भी इसी तरह हम सभी माता-पिता को सम्मान पूर्वक देख भाल कर सके । उन्होंने बताया कि माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 तथा बिहार माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण नियमावली, 2012 के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण, जान-माल की सुरक्षा एवं संपत्ति की सुरक्षा के लिए प्रभावी प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी वरिष्ठ नागरिक को अपने जीवन या संपत्ति पर खतरा महसूस होता है अथवा उनके साथ उपेक्षा या दुर्व्यवहार किया जाता है, तो वे अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष आवेदन देकर न्याय प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है, ताकि पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों को समय पर सहायता मिल सके।

# आयुष चिकित्सा शिविर में छात्रों को दी गई स्वास्थ्य और आयुर्वेद की जानकारी

## मोबाइल का अत्यधिक उपयोग मानसिक रोगों का कारण




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। भारत सरकार द्वारा प्रायोजित 'पब्लिक हेल्थ प्रोग्राम' के तहत मंगलवार को कौआकोल प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय लालपुर में एक दिवसीय आयुर्वेद जागरूकता अभियान एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राज्य आयुष समिति बिहार (पटना) और जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी (नवादा) के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। शिविर में आयुष विभाग के वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम शामिल हुई ,जिसमें डॉ. उदयचन्द्र प्रसाद, डॉ. सोनी कुमारी, डॉ. माधुरी सीमा और डॉ. अफसाना परवीन ने उपस्थित रहकर छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। कार्यक्रम का संचालन नोडल पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। चिकित्सकों ने उपस्थित शिक्षकों,विद्यार्थियों और स्थानीय ग्रामीणों को आयुर्वेद के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। शिविर के दौरान चिकित्सकों ने एक गंभीर विषय पर प्रकाश डालते हुए 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को मोबाइल का उपयोग कम करने की कड़ी सलाह दी। उन्होंने बताया कि मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बच्चों में विभिन्न प्रकार के मानसिक रोगों के उत्पन्न होने की संभावना बढ़ रही है, जिसके प्रति अभिभावकों को सजग रहने की जरूरत है। इस मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार समेत शिक्षक अमन कुमार, विकास कुमार, दिलीप कांत महतो, वरुण कुमार, भास्कर कुमार, सोनू कुमार, आलोक चंद्रा, शिवम शुक्ला, रवि कुमार सहित छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# सेज पैथ और नेशनल डायग्नोस्टिक ने किया 'दावत-ए-इफ्तार' का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। कौआकोल में सांप्रदायिक सौहार्द और एकता की मिसाल पेश करते हुए सेज पैथ की ओर से नेशनल डायग्नोस्टिक में एक भव्य दावत-ए-इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस कार्यक्रम में हिंदू और मुस्लिम समुदाय के दर्जनों लोगों ने एक साथ मिलकर इफ्तार किया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति और विभिन्न जांच केंद्रों के संचालक मौजूद रहे। मगरिब की अजान से पहले सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से हाथ उठाकर मुल्क में अमन-चैन और शांति के लिए दुआएं मांगी। नेशनल डायग्नोस्टिक के संचालक मो. दानिश इकबाल ने रमजान की फजीलत बताते हुए कहा कि यह महीना रहमतों और बरकतों का है। यहाँ एक नेकी का सवाब 70 गुना मिलता है। वहीं उन्होंने कहा कि इफ्तार पार्टियों से आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ता है। चिकित्सक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक बताया। हसरत, कैसर, आसिफ और अन्य सहयोगियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकजुटता और सांप्रदायिक सद्भाव मजबूत होता है। कार्यक्रम के दौरान पड़ोसियों का ख्याल रखने, गरीबों को जकात, फितरा और खैरात देने जैसी मानवीय संवेदनाओं पर भी जोर दिया गया। अंत में दानिश इकबाल ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। मौके पर मो. गुलाम कादरी,मो. सदाब (सोनू),मो. इकबाल खान, टीपू सुल्तान, फैयाज टिंकल, सोनू कुमार पासवान, रवीन्द्र कुमार, आशीष कुमार, मो. शौकत अली, मो. इसराफिल, मो. साहिल, शंकर यादव, कुमार गौरव आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### श्रीसंकट मोचन मन्दिर की नई कमेटी गठित

**कौआकोल**। प्रखण्ड मुख्यालय के थाना गेट स्थित नवनिर्मित श्रीसंकट मोचन मन्दिर के सफल संचालन हेतु सोमवार की देर शाम मन्दिर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से मन्दिर की नई प्रबंधकारिणी कमिटी का गठन किया गया। गठित नई कमिटी में सर्वसम्मति से अजय कुमार उर्फ छोटू मालाकार को अध्यक्ष,उमेश साव को सचिव,कपिलदेव प्रसाद उर्फ कपिल डीलर को उपाध्यक्ष,मनोज कुमार शिक्षक को कोषाध्यक्ष,शम्भू शुभम उर्फ शम्भू यादव को संयोजक,अयोध्या कुमार यादव को उपसचिव मनोनीत किया गया। बैठक में प्रत्येक शनिवार को साप्ताहिक भजन कार्यक्रम करने,क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत रखने के लिए विशाल चैता कार्यक्रम का आयोजन करने सहित कई विन्दुओं पर चर्चा किया गया। मौके पर बैठक में अजीत वर्मा, कुन्दन पांडेय, अभिमन्यु प्रसाद,सुधीर कुमार, बाल्मीकि यादव, जवाहर यादव, आयुष कुमार, निकुंज विश्वकर्मा आदि मौजूद थे। लोगों ने कहा कि मंदिर निर्माण के बाद अब एक व्यवस्थित टीम का होना मंदिर के प्रबंधन और धार्मिक गतिविधियों को और बेहतर बनाएगा।

### कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नारदीगंज,नवादा**। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित हुई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान में हंड़िया सूर्य मंदिर परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं का निबंधन के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए। अध्यक्षता नारदीगंज के पूर्वी भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरज पासवान,पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार उर्फ बबलू सिंह ने संयुक्त रूप से की। मुख्य अतिथि के रुप में नवादा विधानसभा प्रभारी बिनोद कुमार भोली, अभिजीत कुमार, तेजस सिन्हा रहे। मौके पर पूर्व जिला पार्षद कृष्णदेव सिंह,राजीव कुमार, सीताराम सिंह, भूषण सिंह,पोखन सिंह, अभय कुमार, गोपाल कुमार, रामप्रसाद चौहान, दिलीप पासवान, भूषण सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### मारपीट में युवक जख्मी

**नारदीगंज,नवादा**। थाना क्षेत्र के परमा निवासी मुन्ना सिंह का पुत्र रजनीश कुमार के साथ मारपीट की घटना हुई। घटना मंगलवार को बेलदारी घाट के समीप दोपहर में हुई। जख्मी हालत में इलाज के लिए सीएचसी नारदीगंज में दाखिल कराया गया। जहां कार्यरत चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। जख्मी रजनीश कुमार ने बताया वह टोटो चालक है। उसके टोटो पर गांव के लोग बैठे हुए थे, जब उनसे किराया मांगी तो लोहे के रॉड़ समेत अन्य चीजों से मारपीट कर जख्मी कर दिया।

फिलहाल पुलिस अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच कर रही है ताकि पीड़िता को पूर्ण न्याय मिल सके।

### पत्नी पर जानलेवा हमला, आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)**। घरेलू हिंसा और दहेज प्रताड़ना की एक दिल दहला देने वाली घटना ने रजौली थाना क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। महसई मोहल्ले में शराब के नशे में धुत एक पति ने अपनी ही पत्नी पर इस कदर कहर बरपाया कि मामला जानलेवा हमले तक जा पहुंचा। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। पीड़िता अर्पणा कुमारी ने थाने में दिए अपने आवेदन में पति प्रदीप कुमार शर्मा और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि शादी के बाद से ही दहेज में गाड़ी की मांग को लेकर उन्हें लगातार मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही थी। विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकियां दी जाती थीं।

घटना बीते सोमवार की दोपहर की है, जब नशे में चूर आरोपी पति ने मामूली विवाद को लेकर हिंसक रूप अख्तियार कर लिया। उसने लाठी से पत्नी के सिर पर वार करने की कोशिश की। किसी तरह बचाव करने के दौरान अर्पणा के बाएं गाल पर गंभीर चोटें आईं। इस भयावह मंजर के गवाह बने उनके मासूम बच्चे, जिन्होंने अपनी मां पर होते अत्याचार को बेबस होकर देखा। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने बिना देरी किए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाने में सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और एएसआई जयप्रकाश चौधरी को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# पीड़ितों को समयबद्ध तरीके से सहायता राशि उपलब्ध करायें




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में अनु०जाति और अनु० जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 तथा मैनुअल स्कैवेन्जर निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम, 2013 के तहत नालन्दा जिला अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सर्तकता एवं अनुश्रवण समिति की वर्ष 2026 में प्रथम बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में पीड़ितों को प्रदान की गई आर्थिक सहायता तथा लंबित मामलों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अनु०जाति एवं अनु०जनजाति (अत्याचार निवारण) के तहत इस वित्तीय वर्ष में 179 लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि एवं 428 लाभुको को द्वितीय किस्त की राशि के रूप में कुल मो० 560.00 लाख रू० का वितरण किया गया है। जिलेभर में अधिनियम के तहत कुल 64 पेंशनधारियों को मासिक पेंशन दिया जा रहा है। बैठक में संबंधित अधिकारियों को निदेश दिया गया कि लंबित मामलों को त्वरित निष्पादन करते हुए पात्र पीड़ितों को समयबद्ध तरीके से सहायता राशि उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक भारत सोनी, अपर समाहर्ता , सांसद एवं विधायक के प्रतिनिधि गण, सभी माननीय सदस्यगण, जिला कल्याण पदाधिकारी, नालन्दा, विशेष लोक अभियोजक, थानाध्यक्ष, अनु०जाति एवं अनु०जनजाति थाना, नालन्दा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# समस्तीपुर में सड़क दुर्घटना में नवादा के राम प्रसाद मांझी की मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ**। नगर परिषद के वार्ड संख्या 17 निवासी 60 वर्षीय राम प्रसाद मांझी की समस्तीपुर में हुई सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना की खबर मिलते ही उनके घर और पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई।

बताया जाता है कि राम प्रसाद मांझी किसी जरूरी काम से समस्तीपुर गए हुए थे। समाजसेवी मसूदन चौधरी ने बताया कि काम खत्म कर वे टेंपो से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में तेज रफ्तार ट्रक और टेंपो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही राम प्रसाद मांझी की मौत हो गई, जबकि टेंपो में सवार अन्य लोग भी घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। दुर्घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई।

जैसे ही राम प्रसाद मांझी की मौत की खबर हिसुआ नगर परिषद के वार्ड संख्या 17 में पहुंची, पूरे इलाके में मातम छा गया। मृतक अपने पीछे एक बेटी और चार बेटों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

हिसुआ नगर परिषद की चेयरमैन पूजा कुमारी के सहयोग से शव को समस्तीपुर से हिसुआ लाया गया। इसके बाद हिसुआ के तिलैया घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान मोहल्ले के कई लोग, रिश्तेदार और शुभचिंतक मौजूद रहे। सभी ने मृतक को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। पूरे क्षेत्र में इस घटना को लेकर गहरा दुख और शोक का माहौल बना हुआ है।

# सीओ व राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल से राजस्व विभाग के कार्य ठप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारी संघ के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर कौआकोल अंचल के अधिकारी और कर्मचारी भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे हुए हैं। इस हड़ताल का सीधा असर अब आम जनता पर पड़ने लगा है,जिससे प्रखंड का राजस्व विभाग पूरी तरह चरमरा गया है। कौआकोल के अंचलाधिकारी मनीष कुमार, राजस्व अधिकारी अनीश कुमार समेत सभी राजस्व कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से सामूहिक अवकाश और हड़ताल पर हैं। हड़ताल के कारण भूमि सुधार से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य जैसे परिमार्जन, दाखिल-खारिज और एलपीसी के सैकड़ों मामले लंबित हो गए हैं। सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को हो रही है जो पारिवारिक सूची प्रमाण पत्र और अन्य राजस्व दस्तावेजों के लिए प्रखंड कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। तथा काम न होने की वजह से लोग खाली हाथ घर लौटने को विवश हैं। संघ के पदाधिकारियों का स्पष्ट कहना है कि जब तक उनकी जायज मांगें पूरी नहीं की जातीं,तब तक कोई भी कर्मी काम पर वापस नहीं लौटेगा। यह विरोध प्रदर्शन चरणबद्ध तरीके से जारी है और आने वाले दिनों में इसके और तेज होने की संभावना है।

# खलिहान में लगी आग, फायर बिग्रेड की तत्परता से टला बड़ा नुकसान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)**। अनुमंडल क्षेत्र के सिरदला प्रखंड अंतर्गत बड़गांव गांव में मंगलवार की सुबह खलिहान में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आगलगी की इस घटना में धान के नेवारी के पुंज जलकर नष्ट हो गए, जिससे किसान को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। हालांकि समय रहते दमकल टीम की सक्रियता से आसपास के खेत-खलिहानों को बचा लिया गया।

जानकारी के अनुसार, बड़गांव निवासी विकास कुमार के घर के समीप स्थित खलिहान में सुबह करीब 9:30 बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने नेवारी के पुंज को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने रजौली फायर स्टेशन को जानकारी दी।

फायर ऑफिसर रविंद्र राम के निर्देश पर प्रधान अग्निक सुरेन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में अग्निशमन टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम में चालक अरविंद कुमार सहित अग्निक आनंद कुमार दुबे, राकेश कुमार और उत्तम कुमार शामिल थे। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया, जिससे आसपास रखी फसलें और नेवारी जलने से बच गईं। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन आग लगने से धान के नेवारी के पुंज को नुकसान पहुंचा है। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। वहीं, आग बुझाकर लौटने के दौरान अग्निशमन वाहन में तकनीकी खराबी आ गई, जिससे वाहन बीच रास्ते में ही ब्रेकडाउन हो गया। विभागीय कर्मी वाहन को ठीक कर वापस लाने का प्रयास कर रहे हैं। फायर ऑफिसर रविंद्र राम ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम को मौके पर भेजा गया था और समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। वाहन में आई तकनीकी खराबी को जल्द दूर कर लिया जाएगा।

# साइबर ठगी गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। कतरीसराय थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजगीर के नेतृत्व में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान कतरपुर और गोरैया बिगहा गांवों से पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शुभम कुमार उर्फ हिमांशु, प्रिंस कुमार, आदित्य राज, अमित कुमार और पीयूष कुमार के रूप में हुई है, जो कतरीसराय और सरमेरा थाना क्षेत्र के निवासी हैं। राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पूछताछ में सामने आया है कि यह गिरोह पेट्रोल पंप की डीलरशिप दिलाने का झांसा देकर लोगों को ठगी का शिकार बनाता था। आरोपी व्हाट्सएप के माध्यम से फर्जी अलॉटमेंट लेटर भेजते थे और रजिस्ट्रेशन व प्रोसेसिंग फीस के नाम पर लोगों से मोटी रकम वसूलते थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से 11 स्मार्टफोन, 2 कीपैड फोन, 4 फर्जी सिम कार्ड और 89 पन्नों का डेटा शीट बरामद किया है, जिसमें संभावित शिकारों की जानकारी दर्ज थी। इसके अलावा साइबर ठगी से जुड़े कई अन्य सामान भी जब्त किए गए हैं। इस अभियान में अंचल निरीक्षक सुमंत कुमार, कतरीसराय थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सहित मनीष कुमार, रुदल पासवान और संजय दास की अहम भूमिका रही।

# एलपीजी की आपूर्ति सामान्य अफवाहों से बचने की अपील

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो**। जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में जिले भर में एलपीजी की उपलब्धता एवं वितरण को लेकर संबंधित एजेंसियों और पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि नालंदा जिले में घरेलू गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। जिले में कार्यरत तीन तेल विपणन कंपनियों के तहत आईओसीएल की 18 एजेंसियों के पास 4501 सिलेंडर, बीपीसीएल की 27 एजेंसियों के पास 7148 सिलेंडर एवं एचपीसीएल की नौ एजेंसियों के पास 3684 सिलेंडर स्टॉक में मौजूद हैं। जिले में एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और निर्बाध रूप से जारी है। प्रशासन ने आमजनों से अपील की है कि घबराहट में गैस सिलेंडर की बुकिंग न करें और कालाबाजारी से सिलेंडर खरीदने से बचें। उपभोक्ता डिजिटल या अन्य आधिकारिक माध्यमों से ही बुकिंग कर गैस प्राप्त करें। साथ ही सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक अफवाहों पर ध्यान न देने और ऐसी अपुष्ट जानकारी साझा न करने की भी अपील की गई है।

# मगध विश्वविद्यालय के कुलपति ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही ने पटना स्थित लोक भवन में बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कुलपति ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक और विकासात्मक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही विश्वविद्यालय में चल रहे नवाचारों और भविष्य की योजनाओं से भी अवगत कराया। बैठक में कुलपति ने 19 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले मगध विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए राज्यपाल को आमंत्रित किया। राज्यपाल ने इस आमंत्रण को स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में भाग लेने की सहमति दी। पूर्व छात्र मिलन समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 15 विशिष्ट पूर्व छात्रों को 'एलुमिनस अवार्ड' से सम्मानित किया जाएगा। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने कहा कि मगध विश्वविद्यालय का गौरवशाली इतिहास रहा है और इसके पूर्व छात्र देश-विदेश में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने ऐसे आयोजनों को विश्वविद्यालय और पूर्व छात्रों के बीच संबंध मजबूत करने का प्रभावी माध्यम बताया। कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही ने राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से विश्वविद्यालय नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। उन्होंने पूर्व छात्र मिलन समारोह को सफल बनाने के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता भी दोहराई।

# 42वां मां मथुरासिनी महोत्सव संपन्न, भव्य भंडारे में हजारों ने ग्रहण किया प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** माहुरी वैश्य मंडल के तत्वावधान में आयोजित 42वां मां मथुरासिनी महोत्सव का तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हो गया। महोत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें समाज के लोगों की बड़ी भागीदारी रही। महोत्सव के अंतिम दिन गुरुद्वारा रोड स्थित माहुरी वैश्य मंडल भवन में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से शुरू होकर रात 11 बजे तक चला जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर मां मथुरासिनी का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में समाज के कई प्रतिष्ठित लोगों की उपस्थिति रही। इस आयोजन को सफल बनाने में माहुरी वैश्य मंडल, माहुरी वैश्य मंडल नवयुवक समिति और माहुरी वैश्य मंडल महिला समिति के सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया। महोत्सव के सफल संचालन में संयोजक संतोष कुमार बरहपुरिया, कोषाध्यक्ष प्रदीप वैश्यकार, अध्यक्ष संजीव कुमार पवनचौध और सचिव अमित कुमार पिंटू सहित सभी पदाधिकारियों और सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समापन अवसर पर सचिव अमित कुमार पिंटू ने सभी कार्यकारिणी सदस्यों और समाज के लोगों के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सामूहिक सहभागिता से ही यह महोत्सव भव्य और सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति और आस्था का वातावरण बना रहा और मां मथुरासिनी के जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान रहा।

# एनडीए के पांचों उम्मीदवारों की जीत पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने जताया हर्ष



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार से राज्यसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पांचों उम्मीदवारों की ऐतिहासिक जीत पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह जीत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकासवादी नेतृत्व पर जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। डॉ. मिश्रा ने अपने बयान में कहा कि यह जीत केवल राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि बिहार की जनता के उस भरोसे की जीत है जो उन्होंने विकास, सुशासन और स्थिरता की राजनीति पर जताया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में तेजी से हुए विकास का सकारात्मक प्रभाव बिहार की राजनीति में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं जिससे जनता का विश्वास लगातार एनडीए के प्रति मजबूत हुआ है। भाजपा नेता ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में मिली यह सफलता बिहार के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है और यह दर्शाता है कि जनता विकास की राजनीति को आगे बढ़ाना चाहती है।

# 22 लीटर देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** थाना क्षेत्र के केनी गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 22 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राजेश मांझी (उम्र 26 वर्ष), पिता स्वर्गीय सिद्धेश्वर मांझी, निवासी केनी, थाना-खिजरसराय, जिला-गया के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छापेमारी कर राजेश मांझी को 22 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। इस संबंध में खिजरसराय थाना कांड संख्या 96/26, दिनांक 17/03/2026 के तहत धारा 30(थ) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2022 के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय, गया में प्रस्तुत करने हेतु भेज दिया गया है।

# बंध्याकरण ऑपरेशन के बाद महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**डोभी/गया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी में बंध्याकरण ऑपरेशन के बाद एक महिला की मौत हो जाने से अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मिली जानकारी के अनुसार पचरत्न पंचायत के बाड़ीकेवाल गांव निवासी सुनील मांझी की 24 वर्षीय पत्नी गौरी देवी का परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत पीएचसी डोभी में बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया था। ऑपरेशन के कुछ देर बाद ही गौरी देवी को अचानक सांस लेने में दिक्कत होने लगी। सूचना मिलते ही वहां मौजूद एनएम ने डॉक्टर को अवगत कराया जिसके बाद डॉक्टर द्वारा तत्काल उपचार शुरू किया गया। स्थिति गंभीर होते देख महिला को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव को वापस सीएचसी डोभी लेकर आए और अस्पताल परिसर में हंगामा करने लगे। सूचना मिलते ही डोभी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज, गया भेज दिया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की लापरवाही के कारण ही महिला की मौत हुई है। वहीं ऑपरेशन सर्जन डॉ. अमित कुमार के बारे में बताया जाता है कि वे पिछले वर्ष सितंबर-अक्टूबर में यहां पदस्थापित हुए हैं और अब तक लगभग 530 मरीजों का सफलतापूर्वक बंध्याकरण ऑपरेशन कर चुके हैं। इस तरह की घटना पहली बार सामने आई है। बताया जाता है कि सोमवार को ही करीब 20 महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया था जिनमें अन्य सभी की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। इधर, अस्पताल प्रबंधन ने पूरे मामले की जांच कराने की बात कही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल घटना को लेकर क्षेत्र में आक्रोश और तनाव का माहौल बना हुआ है जबकि परिजन निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** चेरकी मुख्य मार्ग पर चेरकी डीह बंगला के समीप मंगलवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ जिसमें तेज रफ्तार अनियंत्रित हाइवा ने बाइक सवार को कुचल दिया। घटना लगभग शाम 5:45 बजे की बताई जा रही है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग बड़ी संख्या में जुट गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाइवा तेज गति से आ रही थी और अचानक नियंत्रण खो बैठी जिससे बाइक सवार उसकी चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही बाइक सवार की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। गुस्साए लोगों ने शव को सड़क पर रखकर चेरकी मुख्य मार्ग को जाम कर दिया जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। लोग प्रशासन से मुआवजे और दोषी चालक की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। खबर लिखे जाने तक न तो मृतक की पहचान हो सकी है और न ही पुलिस मौके पर पहुंची थी जिससे लोगों का गुस्सा और बढ़ता जा रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# धोखाधड़ी मामले में फरार आरोपित गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह कार्रवाई चिताब कला पंचायत के मलहचक गांव में की गई जहां पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर सफलता मिली। प्राप्त जानकारी के अनुसार शेरघाटी थाना की पुलिस टीम ने मलहचक गांव में छापेमारी कर सुरेंद्र सहनी नामक युवक को गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि वह बीते वर्ष 2025 से एक धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहा था और पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। पुलिस को उसके गांव में मौजूद होने की सूचना मिली जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया गया। इस संबंध में शेरघाटी थाना के सहायक थाना प्रभारी रूपा कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार युवक पर जहानाबाद निवासी यश चौधरी के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप है। मामले के दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार था जिसके कारण उसके खिलाफ वारंट जारी किया गया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में अपराध और फरार आरोपियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, परिवार में कोहराम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के दौरमा गांव निवासी एक बाइक सवार युवक की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार रविवार की शाम आंती थाना क्षेत्र के करमाइन मोड़ के पास एक स्कॉर्पियो के चकमा से बाइक सवार पवन पासवान (30 वर्ष), पिता राम केवल पासवान, निवासी ग्राम दौरमा असंतुलित होकर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुर्घटना में उनके साथ मौजूद भाई पप्पू कुमार (18 वर्ष) का भी हाथ फ्रैक्चर हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कोंच लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मंगलवार को पवन पासवान की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार दोपहर करीब दो बजे शव दौरमा गांव पहुंचा जहां पत्नी रीता देवी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पंचायत समिति सदस्य ध्रुवेश यादव ने बताया कि मृतक अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। घटना से गांव में शोक की लहर है।

# भूमि विवाद को लेकर आंदोलन की चेतावनी

## 19 मार्च से धरना, 24 से अनशन और 4 अप्रैल को आत्मदाह की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के ग्राम अचूकी निवासी पूर्व नक्सली नरेश दास ने भूमि विवाद को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने प्रखंड कार्यालय कोंच परिसर में धरना, अनशन और अंततः आत्मदाह करने की घोषणा की है। इस संबंध में उन्होंने लिखित आवेदन देकर प्रशासन और पुलिस पदाधिकारियों को सूचित किया है। नरेश दास ने अपने आवेदन की प्रतिलिपि थानाध्यक्ष आंती, बीडीओ कोंच, सीओ कोंच, एसडीओ टिकारी तथा डीएम गया को सौंपते हुए प्रेस को भी जानकारी दी है। आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया है कि गांव के भू-माफियाओं द्वारा हालिया सर्वे के दौरान उनकी जमीन को गलत तरीके से अपने नाम दर्ज करा लिया गया है। इस मामले में न्याय के लिए वे पिछले कई महीनों से प्रशासनिक कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें न्याय नहीं मिल सका है। उन्होंने मंगलवार को बताया कि न्याय नहीं मिलने की स्थिति में वे आगामी 19 मार्च से प्रखंड कार्यालय कोंच में धरना शुरू करेंगे। इसके बाद 24 मार्च से आमरण अनशन पर बैठेंगे। यदि इसके बावजूद भी उनकी मांगों पर सुनवाई नहीं हुई तो 4 अप्रैल को दिन में प्रखंड कार्यालय परिसर में आत्मदाह करने का कदम उठाएंगे। इधर, इस संबंध में प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिली है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# गया के धनगई क्षेत्र में संयुक्त अभियान, 625 किलो डोडा व देसी हथियार बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** जिले के धनगई थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसुदी गांव के घने जंगलों में चलाए गए संयुक्त तलाशी अभियान में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। अभियान के दौरान 625 किलोग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ डोडा तथा एक देशी हथियार बरामद किया गया। यह कार्रवाई 16 मार्च 2026 को 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कार्यवाहक कमांडेंट (द्वितीय कमान अधिकारी) रविशंकर कुमार के निर्देशन में की गई। 'ई' समवाय धनगई के सहायक कमांडेंट सनोज राज के नेतृत्व में सशस्त्र सीमा बल, राज्य उत्पाद शुल्क विभाग, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो तथा गया जिला पुलिस (थाना धनगई) की संयुक्त टीम ने यह अभियान चलाया। प्राप्त आसूचना के आधार पर बरसुदी गांव के जंगलों में मादक पदार्थ और हथियार छिपाए जाने की सूचना पर संयुक्त दल ने सघन तलाशी अभियान शुरू किया।

तलाशी के दौरान भारी मात्रा में डोडा और एक देशी हथियार बरामद किया गया। बरामदगी के बाद संयुक्त ऑपरेशन दल ने पूरे क्षेत्र में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। ताकि अन्य छिपे हुए सामान का भी पता लगाया जा सके। अभियान के उपरांत बरामद प्रतिबंधित मादक पदार्थ एवं हथियार को विधिक कार्रवाई के लिए धनगई थाना को सुपुर्द कर दिया गया है।

# नाई समाज के लोगों ने श्यामपरी देवी को दी श्रद्धांजलि



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया नगर निगम अंतर्गत भठबिगहा मोहल्ला निवासी, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक नेता रामजी शर्मा की 60 वर्षीय धर्मपत्नी श्यामपरी देवी के आकस्मिक निधन के बाद उनके आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में शिक्षक संघ के कई गणमान्य सदस्य एवं नाई समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा के दौरान उपस्थित लोगों ने श्यामपरी देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया तथा उनके जीवन, सरल स्वभाव और आदर्श दाम्पत्य जीवन की चर्चा करते हुए उन्हें याद किया।


**झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा 822114**
email : principal.itigarhwa@gmail.com

**रिक्त सीटों के विरूद्ध Private Candidates के नामांकन से संबंधित सूचना**

निदेशालय पत्रांक– 358, दिनांक–16.03.2026 के निर्देशानुसार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा में सत्र 2025 में रिक्त सीटों के विरूद्ध Private Candidates का नामांकन हेतु दिनांक 20 मार्च 2026 को शाम 5.00 बजे तक पहले आवो पहले पावो के आधार पर नामांकन किया जाएगा।

जिन Private Candidates को ITI में नामांकन लेना है उनको सभी वांछित दसतावेजों क) प्रवेशिका अंक पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (ख) कंडिका 7 में वर्णित अद्यतन आवासीय प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (ग) आयु के निर्धारण के लिए केवल माध्यमिक/10वाँ समकक्ष परीक्षा के मूल/औपबंधिक प्रमाण–पत्र, (घ) जाति प्रमाण–पत्र की अद्यतन स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (च) सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण–पत्र (दिव्यांग कोटि के लिये) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (छ) जिला सैनिक परिशद् द्वारा निर्गत आश्रित प्रमाण–पत्र (भूतपूर्व सैनिक कोटि के लिए) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति (मूल प्रति एवं छायाप्रति) (ज) छः पासपोर्ट साइज का फोटो (झ) मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र लेकर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,गढ़वा आना अनिवार्य है।

**. Eligiblity Criteria for Trainee:-**
i. category I :- Ex- Trainees ( Successful Pass- Outs) of ITI (as per Annexure III)
ii. Category II :- Ex- Trainees ( Successful Pass- Outs) and current trainees under CoE scheme (as per Annexure IV)
iii. Category III :- SCVT candidates (admitted till August 2018 session) (as per Annexure V & I)
iv. Category IV :- Other Candidates ( candidates not falling any of the 3 categories, including SCVT trainees enrolled from admission session 2019 onwards)

| SL. No | Name of the ITI | Name of the Trade | Place of Admission | Contact no. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Govt. ITI, Garhwa | Fitter, Mechanic diesel, Information Technology, Electronics Mechanic, MMV, Turner, COPA & Welder | Govt. ITI, Garhwa | 7992311265 , 6205271405 |

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,गढ़वा।

PR 375311 Labour Employment and Traning(25-26)D



**कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज (पलामू)**
Email id:-np.hariharganj@gamil.com

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या– NPH/01/2025-26**

नगर पंचायत हरिहरगंज क्षेत्र अंतर्गत Urban Health and Wellness Center (UHWC) हेतु समाग्री क्रय की आवश्यकता है। सामग्री क्रय हेतु कोटेशन आमंत्रीत की जाती है। इच्छुक निर्माणकर्ता/आपूर्तिकर्ता/संवेदक को नगर पंचायत, हरिहरगंज कार्यालय में निविदा/कोटेशन दिनांक– 06.04.2026 को 01:00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शुल्क मो0 5000/– रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 20000/– रू0 बैंक ड्राफट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफट/बैंकर्स चेक कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हरिहरगंज के पदनाम से देय होगा। निविदा शुल्क की राशि वापस नही की जायेगी। निविदा/कोटेशन उसी दिन अपराह्न 02:00 बजे नगर पंचायत हरिहरगंज कार्यालय में procurement समिति के समक्ष खोली जायेगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है। क्रय हेतु समाग्री निम्नवत है:–

| Sl No | Basic Equipment & Furniture for HWC | SL No | Basic Equipment & Furniture for HWC |
|---|---|---|---|
| 1. | Desktop computer all in one 20-24 inch- intel core/511th genereation onwards RAM-8 GB, Hard Drive 1 TB or 512 SSD, UPS with inbuilt Antivirus, MS office (01 Pcs) | 27. | Invertor with Battery (1000 VA + 180 AH Battery) |
| 2. | Colour printer with scanner (HP/Canon/Epson) (01 Pcs) | 28. | Fire Extinguisher (01 Pcs) |
| 3. | Office table (size- 5x3) (04 Pcs) | 29. | Ambu Bag |
| 4. | Doctor Chair Revolving (Godrage) (01 Pcs) | 30. | I/V Stand (02 Pcs) |
| 5. | Office chair (04 Pcs) | 31. | Tongue depression (01 Pcs) |
| 6. | Almirah 4 or 5 rack (Branded) (01 Pcs) | 32. | Mouth gag (01 Pcs) |
| 7. | Iron Rack for Medicine (Branded) (02 Pcs) | 33. | Selling fan (Bajaj/Havells/ v- guard) (03 Pcs) |
| 8. | Patient Examination Table (Branded) (01 Pcs) | 34. | Dustbin 50 litre (01 Pcs) |
| 9. | Pulse Oximeter (01 Pcs) | 35. | Colour Coded bin (03 Pcs Red, Yellow, Blue) |
| 10. | Glucometer (01 Pcs) | 36. | Sharp Container |
| 11. | Haemoglobin Meter Digital (01 Pcs) | 37. | Towel (02 Pcs Beg, 05) |
| 12. | Stethoscope | 38. | Suction Machine (01 Pcs) |
| 13. | BP Machine Digital (01 Pcs) | 39. | Foot step (01 Pcs) |
| 14. | Weight Machine Digital (01 Pcs) | 40. | Nebulizer (01 Pcs) |
| 15. | Height Meter | 41. | Torch (02 Pcs) |
| 16. | Thermometer (02 Pcs) | 42. | Phool jhadoo (04 Pcs) |
| 17. | Wall clock (02 Pcs) | 43. | Mop |
| 18. | Door Mat (02 Pcs) | 44. | Sik Jhadoo (04 Pcs) |
| 19. | Lock (Link) (04 Pcs) | 45. | Jhol Jhadan (02 Pcs) |
| 20. | Register Large (02 Pcs) | 46. | A4 Paper (01 Bandel) |
| 21. | Register Medium (02 Pcs) | 47. | Pen Blue, Red (02 Packet) |
| 22. | Bed Side Screen guard with curtain | 48. | Bucket (20-25 LTR) (02 Pcs) |
| 23. | Emergency Durg Tray (04 Pcs) | 49. | Mug (04 Pcs) |
| 24. | Nebulizer Machine | 50. | Bulb 15 WT (10 Pcs) |
| 25. | Patient waiting 3- seater Chair (02 Set) | 51. | Baby Weight Machine Digital |
| 26. | Patient Stool (Steel) (02 Pcs) | | |

नियम एवं शर्तेः–
1. कोटेशनदाता को अपने दर के साथ PAN/ITR/GST Updated की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. कोटेशनदाता को आपूर्ति की जाने वाली समाग्री का अधिकृत आपूर्तिकर्ता ही पात्र होंगे।
3. कोटेशनदाता को सामग्रीयों की आपूर्ति स्वयं के खर्च से नगर पंचायत हरिहरगंज के कार्यालय में किया जाना होगा, इसके लिए कोई भी राशि अलग से देय नही होगा।
4. किसी भी परिस्थिति में कोटेशन में अंकित दर से अधिक राशि भूगतेय नही होगा।
5. आपूर्ति के उपरान्त कार्य असंतोषजनक पाये जाने पर ही भुगतान किया जायेगा।
6. कार्यादेश निर्गत के 15 दिन के अंदर सामग्रीयों की आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।
7. किसी भी प्रकार का न्यायिक विवाद का निपटारा स्थानीय न्यायालय में ही किया जायेगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हरिहरगंज

PR 375347 District (25-26)_D

संपादकीय

# यूसीसी पर सुप्रीम कोर्ट का जोर

देश की सर्वोच्च अदालत द्वारा देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने पर जोर दिए जाने के बाद यह मुद्दा एक फिर चर्चा में आ गया है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि अब देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने का समय आ गया है। इसमें संसद के लिए भी स्पष्ट संदेश है, लिहाजा यूसीसी लागू करने पर गंभीरतापूर्वक विचार होना ही चाहिए। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरिया) एप्लीकेशन एक्ट 1937 की कुछ धाराओं को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान कहा कि पर्सनल लॉ में व्याप्त विषमताओं और भेदभाव का सबसे प्रभावी समाधान यूसीसी ही है। गौरतलब है कि संविधान के अनुच्छेद-44 में राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के तहत स्पष्ट कहा गया है कि राज्य पूरे देश में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता लागू करने का प्रयास करेगा। यह प्रावधान संविधान निर्माताओं की दूरदर्शिता का परिणाम है, जिन्होंने महसूस किया कि धार्मिक आधार पर अलग-अलग कानून राष्ट्रीय एकता और लैंगिक समानता के मार्ग में बाधा बन सकते हैं। पिछले कई दशकों में सर्वोच्च न्यायालय ने शाहबानो मामले (1985), सरला मुद्गल (1995) और 2017 के तीन तलाक मामले (शायरा बानो) में यूसीसी की वकालत की है, लेकिन अब उसके रुख से यूसीसी के समर्थन वाला पक्ष और मजबूत ही हुआ है। दरअसल यूसीसी के पक्ष में सबसे मजबूत तर्क महिलाओं के अधिकार का ही है। शरिया कानून में उत्तराधिकार, बहुविवाह इत्यादि मुद्दे लैंगिक असमानता को बढ़ावा देते हैं, जबकि यूसीसी इन आधारों पर होने वाली सभी किस्म की असमानताओं को खत्म कर एकसमान, निष्पक्ष और सांविधानिक मूल्यों पर आधारित ढांचा प्रदान कर सकता है। हालांकि कुछ समुदाय इसे संविधान के अनुच्छेद-25 द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार पर हमला मानते हैं, जिस पर शीर्ष अदालत पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि यूसीसी का उद्देश्य धार्मिक प्रथाओं को खत्म करना नहीं, बल्कि नागरिक अधिकारों में समानता लाना है।

अदालत का यह कहना भी तर्कपूर्ण है कि शरिया कानून को एकदम से खत्म करने से एक अनावश्यक शून्य पैदा हो सकता है, इसलिए बेहतर है कि विधायिका ही इस दिशा में धीरे-धीरे कदम बढ़ाए, जैसा उत्तराखंड में किया गया, जो यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य है। उल्लेखनीय है कि देश में समान नागरिक संहिता लागू करना भाजपा के कोर एजेंडे में रहा है। वैसे गोवा में तो यह पहले से लागू है। लेकिन वर्तमान में उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने पिछले साल 27 जनवरी को लागू कर दिया था। उत्तराखंड में भाजपा ने यूसीसी को प्रायोगिक रूप से लागू किया था। इसका असर यह हुआ कि राज्य में विवाह पंजीकरणों की संख्या में भारी उछाल आया है। लिव इन रिलेशनशिप भी नियमों के दायरे में आ गई है। सभी धर्मों में महिलाओं को संपत्ति में समान हक और तलाक के नियम समान हो गए हैं। पहचान छिपा कर शादी करने पर भी कानून सख्त कर दिया गया है। साथ ही बहुविवाह, हलाला और इद्दत जैसी प्रथाओं पर भी पूरी तरह रोक लग गई है। इसका सर्वाधिक लाभ मुस्लिम महिलाओं को ही मिला है। राज्य में यूसीसी का बड़े पैमाने पर विरोध भी अभी तक सामने नहीं आया है। यूसीसी का सर्वाधिक विरोध मुसलमानों द्वारा यह कहकर किया जाता रहा था कि यह उनके पर्सनल लॉ में सीधा दखल है। उत्तराखंड में मुस्लिम करीब 13 प्रतिशत हैं और ये मुख्य रूप से देहरादून, उधमसिंह नगर और हरिद्वार जिलों में ही है। अब सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद मोदी सरकार इसे पूरे देश में लागू करने पर आगे बढ़ सकती है। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से सरकार को नैतिक बल मिला है।

# केन्द्रीय जाँच एजेंसियों की घटती साख

**27 फरवरी 26 को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अरविन्द केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री श्री मनीष सिसोदिया आदि को ईडी के द्वारा दायर प्रकरण पर चार्ज लगाने के पूर्व ही मुक्त कर दिया। अदालत ने अपने लंबे आदेश में ईडी के द्वारा प्रस्तुत प्रकरण की खामियों पर चर्चा की तथा उसने कहा कि ईडी के पास न तो प्रमाण हैं और न ही वह प्रमाणिक ढंग से आरोप सिद्ध कर सकी है। इस घटना ने फिर एक बार ईडी को कठघरे में खड़ा किया है। वैसे भी पिछले दिनों जो प्रकरण ईडी ने दायर किये और राजनैतिक नेताओं व लोगों को लंबे समय तक जेल में रखा, वे अधिकांश सिद्ध नहीं पाये गये। हालात इतने बदतर हैं कि ईडी के द्वारा बनाये गये प्रकरणों में मुश्किल से 3 प्रतिशत प्रकरणों में ही आरोपियों को दंडित किया जा सका है। वह भी छोटे-मोटे अधिकारी, कर्मचारियों को।**

**रघु ठाकुर**

राजनेताओं में तो शायद ही कोई ऐसा दुर्भाग्यशाली रहा हो जिसे ईडीध्सीबीआई की विशेष अदालत ने दंडित किया हो, कम से कम मेरी जानकारी में तो नही है। इसके पूर्व भी हेमंत सोरेने मुख्यमंत्री झारखंड, ए राजा (डीएमके) और ऐसे ही अनेक नाम लिये जा सकते हैं जिनमें कई-कई माह तक राजनेताओं को जेल में डाला गया, कई के राजनैतिक कैरियर नष्ट हो गये और उन्हें अनावश्यक सार्वजनिक और राजनैतिक जीवन में अपमानित व लज्जित होना पड़ा और अंत में ईडी/सीबीआई के मुकदमे खारिज हो गये।

हालांकि यह भी आश्चर्यजनक है कि इसी सीबीआई के जज श्री जितेन्द्र सिंह सिंह जिन्होंने अब यह फैसला दिया है, हालाँकि वे ही लगातार इन आरोपियों के जमानत आवेदनों को निरस्त भी करते रहे और ईडी को रिमांड देते रहे, जिससे इन आरोपियों श्री अरविन्द केजरीवाल, श्री मनीष सिसौदिया या इसके पहले श्री संजय सिंह को इसी प्रकार लंबे समय तक जेल में रहना पड़ा था। होना तो यह चाहिए कि ऐसे गंभीर मामलों में यह कानून बने कि ईडी को या सीबीआई को व्यक्ति गिरफ्तार करते ही और कोर्ट में पेश करते ही चार्ज शीट पेश करने की अनिवार्यता हो। ताकि न्यायालय चार्ज लगाते समय प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर प्रमाणिक निर्णय कर सके और इन ईडी या सीबीआई जैसे संस्थानों को रिमांड मांगने की जरूरत ही न पड़े। कोई भी व्यक्ति जो बाद में निरपराध सिद्ध हो, उसे अनावश्यक जेल में न रहना पड़े।

हालांकि ऐसे राजनैतिक आरोपों का चलन पहले भी रहा है। वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा नियंत्रित ईडी की कार्यवाही जो सिद्ध नहीं हुई जिसके कारण दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री को जेल में रहना पड़ा और इस्तीफा भी देना पड़ा था। बाद में चुनाव में उनकी सरकार भी चली गई। पूर्व में श्री अरविन्द केजरीवाल की संस्था इंडिया अगेंस्ट करप्शन्य की ओर से स्व. डा मनमोहन सिंह की सरकार के समय 2जी स्पेक्ट्रम के घोटाले की बात कही गई थी उसमें 2 लाख करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया गया था। इसी मामले में कई आईएएस अफसरों, मंत्री ए राजा और द्रमुक नेता स्व. करूणानिधि की बेटी सांसद श्री कनीमोझी को जेल में रहना पड़ा था और बाद में दोष भी सिद्ध नहीं हुआ। परंतु केन्द्र से स्व. मनमोहन की सरकार व दिल्ली से श्रीमती शीला दीक्षित की सरकार चली गई और श्री अरविन्द केजरीवाल उससे लाभ उठाकर दिल्ली के मुख्यमंत्री बने तथा भाजपा ने उसका प्रचार कर बाद में दिल्ली में सरकार बनाई और श्री नरेन्द्र मोदी उसके प्रधानमंत्री बने। अगर उसके और पुराने इतिहास में जाएं तो स्वरू राजीव गांधी के प्रधानमंत्री कार्यकाल में, स्वरू बी.पी. सिंह ने बोफोर्स घोटाले को उठाया व मुद्दा बनाया। बाद में राजीव गांधी की सरकार चली गई। स्वतः बी.पी. सिंह प्रधानमंत्री बने परंतु कोई घोटाला सिद्ध नहीं हुआ और सभी आरोपी बरी हो गये। यहाँ तक कि स्वरू अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री काल में जब कारगिल में घुसपैठ हुई और इन घुसपैठियों को निकालने के लिये भारतीय सेना भेजी गई तो वही बोफोर्स तोपें कारगर साबित हुईं, और इनकी प्रशंसा हुई।




इन घटनाओं से दो निष्कर्ष निकलते हैं, एक- आजकल राजनेता और कारपोरेट मिलकर अपने प्रतिद्वंद्वी को बदनाम करने, गिराने और राजनैतिक लाभ के लिये झूठे प्रकरण उठाते हैं। इसमें दुनिया की बड़ी-बड़ी कारपोरेट कंपनियों का अंतर युद्ध प्रमुख भूमिका अदा करता है। जिस कंपनी को ठेका नहीं मिल पाता वह कंपनी 500-1000 करोड़ रुपया ऐसे झूठे अभियानों पर खर्च करती और सुनियोजित मुहिम चलाती है, सरकार को गिराती व बनाती है और फिर सरकार बदलने के बाद, अपनी लागत की वसूली करती है व मुनाफा कमाती है। देश की जनता मीडिया के प्रचार में वह जाती है। इसका दूसरा कारण यह भी है कि राजनीति व राजनैतिक व्यक्तियों की साख आम जनता में इतनी गिर चुकी है कि उनके विरुद्ध लगाये गये प्रत्येक आरोप को देश सही मान लेता है। यह तो केवल गांधी ही है जिनके विरुद्ध लगभग 80 साल से देश की कुछ संस्थायें और पिछले 11-12 वर्षों से सरकार के संरक्षण में कानाफूसी, सोशल मीडिया, अखबारी बयान और हर प्रकार से झूठ व निंदा का अभियान चलाया जा रहा है, परंतु गांधी का सम्मान और सत्य शास्वत है। भारतीय राजनीति व नेताओं को इस पर विचार करना चाहिए कि उनकी साख इतनी गिरी हुई और कमजोर क्यों है? अब यह सिद्ध हो चुका है और जनमानस में स्वीकार तथ्य हो चुका है कि ईडी/सीबीआई जैसी संस्थायें जिन्हें सर्वोच्च न्यायालय ने तोता कहा था वस्तुतरू तोता ही है। वह तत्कालीन सरकार के अपने मालिकों की भाषा बोलते हैं। कटु सत्य तो यह है कि ईडी और सीबीआई की विश्वसनीयता आम जनमानस में समाप्त हो चुकी है। वह जिनके विरूद्ध कार्यवाही करते हैं उस पर सामान्य प्रतिक्रिया होती है तथा आम जनमानस में यह धारणा बनती है कि फँसाया गया है। केंद्रीय जांच एजेंसियों की साख व प्रमाणिकता इतनी गिर चुकी है कि अब उनके किसी भी कार्यवाही को आम जन सत्ता के द्वारा की गई कार्यवाही ही मानता है। यहाँ तक कि अगर वह कोई सच कार्यवाही भी करेंगे तो भी वह आम जनमानस में झूठी मानी जायेगी। न्यायपालिका में अपने अभियोजन को सिद्ध करने की उनकी दर भी लगभग नगण्य है, याने मात्र 3 प्रतिशत। यहां तक की पुलिस जो बदनाम संस्था है,उसके अभियोजन की सफलता दर ईडी/सीबीआई से कई गुना अधिक है। अब यह भावना देश में बन रही है कि ईडी/सीबीआई जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों की उपयोगिता शून्य हो चुकी है और इन्हें समाप्त किया जाना चाहिए।

चौथा प्रश्न आम जनमानस में है कि जब न्यायपालिका ईडी, सीबीआई पुलिस की कार्यवाही को न केवल गलत ठहराती है बल्कि उनकी विवेचना और अभियोजन में गंभीर त्रुटियां इंगित करती है जिससे आरोपित अपराधी निर्दोष बरी होते हैं, तो न्यायपालिका इन जिम्मेवार अधिकारियों के विरुद्ध झूठे अभियोजन और पीड़ित पक्षकारों को क्षतिपूर्ति के लिये आदेश क्यों नहीं करती? ऐसे गैर जिम्मेवार और सत्ता निष्ठा वाले अधिकारियों को तो बर्खास्त कर देना चाहिए जिन्होंने न केवल झूठे प्रकरण बनाये या किसी को बचाने के लिये दबाने का अपराध किया है।

यह समाचार पत्रों में समाचार आये है कि ईडी दिल्ली हाईकोर्ट में श्री अरविन्द केजरीवाल और श्री मनीष सिसोदिया की चार्ज फ्रेम के पूर्व रिहाई के विरुद्ध अपील करने की तैयारी में है। संभव है कि अपनी साख बचाने के लिये वह अपील करे और एक रूटीन प्रक्रिया में उच्च न्यायालय स्थगन दे दें तथा ईडी/सीबीआई को अपनी फौरी साख बचाने और अपराध के लिये छिपाने के लिये अवसर मिल जाये। 1990 में हवाला कांड हुआ था जिसमें दानदाताओं ने एक साथ भाजपा नेता श्री लालकृष्ण आडवाणी, जेकेएलएफ के मुखिया श्री अमानउल्ला खान, और अन्य अनेक सार्वजनिक पद पर बैठे लोगों को पैसे दिए थे और उन सभी पर आरोप लगे थे। यहां तक कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश स्वरू जे एस वर्मा के बड़े-बड़े बयान अखबारों व पत्रिकाओं में उन दिनों छपते थे जिनमें कहा जाता था कि मैं स्वतः इसका निरीक्षण करूंगा, उनकी निगरानी में जांच व कार्यवाही होगी। यहां तक कि उन्होंने कहा कि इस कांड के आरोपों से मुझे रात में नींद नहीं आती और अनेक लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज हुए। यह प्रकरण जिस डायरी की सूची के आधार पर दर्ज हुए थे हमारे देश की महान जांच एजेंसी सीबीआई उसके बारे में कोई प्रमाण नहीं जुटा पाई और जिस प्रकरण की जांच की निगरानी भारत के मुख्य न्यायाधीश व्यक्तिगत रूप से कर रहे थे उस प्रकरण को एक जिला स्तर के जज ने यह लिखकर समाप्त कर दिया कि अकेले डायरी कोई साक्ष्य नहीं होती जब तक कि कोई अन्य उसकी पुष्टि न करे।

अध्यात्म

## गुरु की राजा को सीख

पुराने समय में एक राज्य के राजा को नई-नई बातें सीखने और ज्ञान प्राप्त करना बहुत अच्छा लगता था। राजा चाहता था कि वह दुनिया की हर अच्छी और उपयोगी बात सीख ले। एक दिन उसने अपने मंत्रियों को बुलाया और कहा, 'मेरे लिए एक ऐसे गुरु को खोजो जो मुझे दुनिया का सारा ज्ञान दे सके।' मंत्री तुरंत काम पर लग गए। कुछ दिनों बाद उन्होंने एक बहुत ही विद्वान और ज्ञानी गुरु को ढूंढ लिया। राजा ने उनका सम्मान किया और उनसे शिक्षा लेना शुरू कर दिया। गुरु रोज राजमहल में आते और राजा को कई महत्वपूर्ण बातें सिखाते।

राजा भी मन लगाकर गुरु की बातें सुनता था। कई महीनों तक ऐसा ही चलता रहा, लेकिन एक दिन राजा को लगा कि उसे कोई खास लाभ नहीं हो रहा है। उसे लगने लगा कि वह उतना ज्ञान प्राप्त नहीं कर पा रहा है, जितनी उसने उम्मीद की थी।

राजा धीरे-धीरे परेशान रहने लगा। एक दिन उसने यह बात रानी को बताई। रानी बहुत समझदार थी। उसने राजा से कहा, 'आपको यह बात अपने गुरु से ही पूछनी चाहिए। वही आपको सही कारण बता सकते हैं। '

अगले दिन जब गुरु पढ़ाने आए, तो राजा ने उनसे विनम्रता पूर्वक पूछा, 'गुरुदेव, आप मुझे इतने दिनों से शिक्षा दे रहे हैं, लेकिन मुझे उसका पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। कृपया बताइए ऐसा क्यों हो रहा है?' गुरु मुस्कुराए और बोले, 'राजन्, इसका कारण बहुत छोटा है, लेकिन बहुत महत्वपूर्ण है। आप बहुत बड़े राजा हैं। आपके पास शक्ति, धन और सम्मान सब कुछ है। इसलिए आप अपने सिंहासन पर बैठते हैं और मैं नीचे बैठकर आपको पढ़ाता हूं। '

राजा ध्यान से सुन रहा था।

गुरु ने आगे कहा, 'लेकिन गुरु का स्थान हमेशा ऊंचा होता है। जब गुरु नीचे और शिष्य ऊपर बैठता है, तो ज्ञान का प्रवाह सही तरीके से नहीं हो पाता। यही कारण है कि आपको शिक्षा का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है।' राजा को अपनी गलती समझ में आ गई। अगले ही दिन से उसने गुरु के लिए ऊंचा आसन लगवाया और खुद नीचे बैठकर शिक्षा लेने लगा।

अब राजा को गुरु की हर बात समझ आने लगी और उसे पूरा ज्ञान मिलने लगा। इस तरह राजा ने समझ लिया कि गुरु का सम्मान करना बहुत जरूरी होता है। जीवन में गुरु का महत्व सबसे अधिक है। गुरु हमें सही और गलत का फर्क समझाते हैं। चाहे वह स्कूल के शिक्षक हों, माता-पिता हों या कोई मार्गदर्शक- हमें उनका सम्मान हमेशा करना चाहिए।

# न्यायालय ने दी सम्मान से मृत्यु की अनुमति

**निष्क्रिय इच्छा-मृत्यु को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने अपने ऐतिहासिक फैसले में 12 साल से कोमा में रहते हुए कृत्रिम जीवन रक्षा उपायों से जीवित 32 वर्ष के हरीश राणा को मौत की अनुमति दे दी। देश के इतिहास में इच्छा मृत्यु की यह पहली कानूनी इजाजत है। अब हरीश के जीवन रक्षक उपकरण हटा लिए जाएंगे और उसकी जीवन-लीला प्राकृतिक रूप से मौत को प्राप्त हो जाएगी। न्यायालय की न्यायमूर्ति जेबी पारडीवाला और केवी विश्वनाथन की पीठ ने परोक्ष इच्छा-मृत्यु की इजाजत मांगने वाली याचिका की स्वीकार करते हुए एम्स दिल्ली को निर्देश दिया है कि 'वह तय करे कि जीवन रक्षक उपकरण और प्रणाली एक सुनियोजित ढंग से हटाई जाए,ताकि व्यक्ति की गरिमा बनी रहे तथा उसे कोई पीड़ा झेलनी न पड़े। वैसे भी उनके ठीक होने की कोई उम्मीद नहीं है, यह स्थिति सिर्फ दुख दे रही है।'**

**प्रमोद भार्गव**

हरीश पंजाब विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग के छात्र रहने के दौरान 2013 में पेइंग गेस्ट आवास की चौथी मंजिल से गिर गए थे।तब से वे कोमा में हैं। उनके पिता अशोक राणा ने उक्त याचिका अदालत में दाखिल की थी।

2018 में कॉमन काज की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट के पांच न्यायमूर्तियों की पीठ ने परोक्ष इच्छा-मृत्यु (पैसिव इथुनीशिया)को मान्यता से जुड़ा फैसला दिया था। न्यायालय ने कहा था कि जो लोग गंभीर रूप से बीमार हैं और लिविंग विल (इच्छा-पत्र) बना चुके हैं, उनको सम्मान के साथ मरने का अधिकार है। उन्हें कानूनी पेंच में नहीं फंसाना चाहिए और चिकित्सा विशेषज्ञ को भी ऐसे मामले संज्ञान में लेना चाहिए। अतएव न्यायालय का निष्कर्ष था कि अगर कोई व्यक्ति अपना उपचार बंद कराना चाहता है तो उसे अनुमति देने का भी नियम होना चाहिए। न्यायमूर्ति केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस निर्णय में मृत्यु के अधिकार को भी मौलिक अधिकार माना है। लिविंग विल के मायने जीवित होने का दस्तावेज या वसीयत है। इसके जरिए मरणासन्न व्यक्ति या उसके परिजन अपनी इच्छा के जरिए इच्छा-मृत्यु की मांग कर सकते हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों की समिति की राय पर इच्छा मृत्यु की पहल की जा सकती है। इस निर्णय के परिप्रेक्ष्य में ही यह पहली अनुमति अदालत ने दी है।

इच्छामृत्यु की हमें पहली जानकारी भीष्म पितामह द्वारा अपनी इच्छा के अनुसार मौत का वरण करने की मिलती है। जैन धर्म में ऋषि-मुनी संथरा के जरिए स्वेच्छा से मृत्यु का वरण करते हैं। जब कोई व्यक्ति गंभीर बीमारी या दुर्घटना के चलते ऐसी नीम-बेहोशी की हालत में आ जाए कि उसकी स्मृति का लोप होने के साथ खाने-पीने व दिनचर्याओं से निवृति की शक्ति का क्षरण हो जाए और वह अपने अस्तित्व का बोध भी न कर पाए तो ऐसे दुर्लभ कष्ट से मुक्ति के लिए मौत जरूरी लगने लगती है। ऐसी हालात में रोगी को जीवन रक्षक प्रणाली पर टिकाए रखना उसे यातना देने की तरह है। उसके इस कष्टदायी जीवन से परिजन और शुभचिंतक भी अप्रत्यक्ष रूप से यातना ही भोगते है। परिजनों को आर्थिक बोझ भी उठाना पड़ता है। हरीश के पिता अशोक की पुत्र की इस लाइलाज बीमारी से दिल्ली का घर बिक गया। पिता जीवन-यापन के लिए क्रिकेट मैदानों में सैंडविच बेचकर गुजारा करने को मजबूर थे।

भारत में यह मुद्दा तब देशभर में विचार व बहस का विषय बना था, जब मुंबई की नर्स अरुणा शानबाग की दया मृत्यु के लिए शीर्ष न्यायालय में गुहार लगाई गई थी। बलात्कार और हत्या की निर्मम दुष्टता के चलते कोमा में पहुंची अरुणा ने 42 साल तक जीवन रक्षक प्रणाली पर टिके रहने की यातना भोगी। अरुणा को सामान्य अवस्था में लाने की जब सभी चिकित्सा कोशिशें व्यर्थ हो गई, तब अदालत में उन्हें इच्छा मृत्यु देने की याचिका लगाई गई थी। किंतु अदालत ने इसे उचित नहीं ठहराया था। 2011 में सर्वोच्च न्यायालय में इस आशय की अर्जी भी लगाई थी की अरुणा का इलाज संभव नहीं है, लिहाजा उसे जीवन रक्षक प्रणाली से मुक्त करने की इजाजत दी जाए। जिससे उसे, अंतहीन कष्टों से छुटकारा मिले। लेकिन इच्छा-मृत्यु वैध है या अवैध इसके अंतिम निष्कर्ष पर अदालत नहीं पहुंच पाई थी। लिहाजा उसने निष्क्रिय अवस्था में पड़े व्यक्ति की जीवन रक्षा प्रणाली हटाकर उसे मौत का वरण करने की प्रक्रिया को कानूनी मान्यता देने का सवाल उठाते हुए सभी राज्य व केंद्र शासित प्रांतों को नोटिस जारी करके सलाह मांगी। तब के प्रधान न्यायमूर्ती आरएस लोढ़ा की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय खंडपीठ ने इच्छा-मृत्यु पर विचार आमंत्रित करने के पक्ष में तर्क दिया था कि यह मसला संविधान ही नहीं बल्कि नैतिकता, धर्म और चिकित्सा विज्ञान से भी जुड़ा है, इसलिए इसे विचारना जरूरी है। इसके उलट केंद्र की मनमोहन सिंह सरकार कहती रही कि यह एक तरह की अत्महत्या है, जिसकी अनुमति भारत में नहीं दी जा सकती, क्योंकि इच्छामृत्यु को कानूनी मान्यता दे दी गई तो इसका दुरुपयोग हो सकता है?



इसके जवाब में संविधान पीठ का तर्क था कि इसका दुरुपयोग रोकने के लिए सुरक्षा के उपाय होने चाहिए। लिहाजा अदालत ने याचिकाकर्ता पिंकी से जानना चाहा था कि 'जीवन का अंत करने के लिए सबसे कम पीड़ादायी तरीका कौन सा हो सकता है? क्योंकि दुनिया भर में इस पर बहस हो रही है, किंतु इस परिप्रेक्ष्य में किसी अंतिम निष्कर्ष पर आम राय नहीं बन सकी है। गोया, अदालत ने कहा था कि 'कानून का दुरुपयोग इच्छा मृत्यु को कानूनी दर्जा नहीं देने का आधार नहीं हो सकता है। विधि आयोग ने भी अपनी रिपोर्ट में इच्छामृत्यु को कानूनी मान्यता के विचार का विरोध किया था। अरुणा से जूड़ी याचिका पर ही सुनवाई करते हुए तबके न्यायाधीश मार्कण्डेय काटजू की अध्यक्षता वाली पीठ ने इच्छा-मृत्यु को गैरकानूनी करार देते हुए निरस्त कर दिया था। अदालत ने अपने फैसले में दलील दी थी कि असामान्य परिस्थितियों में निष्क्रिय व्यक्ति को इच्छा-मृत्यु की अनुमति दी जा सकती है, लेकिन जब तक संसद इस बारे में कोई कानून नहीं बनाती, तब तक निष्क्रियऔर सक्रिय दोनों प्रकार की इच्छा-मृत्यु को अवैधानिक ही माना जाएगा। धर्म, संस्कृति, परंपरा, दर्शन और नैतिकता से जुड़ा यह मुद्दा निसंदेह जटिल था, इसलिए इस पर एक राय बनना कठिन थी। संविधान का अनुच्छेद-21 जीवन को गरिमापूर्ण जीने का अधिकार तो देता है, लेकिन उसमें गरिमापूर्ण मृत्यु के वरण का अधिकार शामिल नहीं है। इच्छा-मृत्यु के विवाद को अंतिम निराकरण तक पहुंचाना इसलिए भी जरूरी था, क्योंकि आधुनिक चिकित्सा प्रणाली में जीवन रक्षा की ऐसी प्रणालियां विकसित हो चुकी हैं, जो जीवन और मृत्यु की कड़ी को अर्से तक उलझाए रखती हैं। चिकित्सा में निजीकरण ऐसे उपायों को और बढ़ावा दे रहा है। देश में यातायात से जुड़ी दुर्घटनाओं में ऐसे घयालों की संख्या लगातार बढ़ रही है,जो दशकों से कोमा में हैं। केवल जीवन रक्षा प्रणाली के जरिए एक हद तक उनमें प्राणवायु का संचार बना रहता है। मूर्छित अवस्था वाले ऐसे रोगियों के उपचार से परिजन या तो कंगाल हो रहे हैं या फिर मरीजों को अस्पताल में ही छोड़ देने की बेरहमी दिखाने को विवश हो रहे हैं, क्योंकि उपचार की ऐसी दीर्घ अवधि में उन्हें आजीविका के संसाधनों को नियमित बनाए रखने में भी अनेक कठिनईयों का सामना करना पड़ता है। फिलहाल दुनिया में अब तक स्विट्जरलैंड एकमात्र ऐसा देश है, जहां कुछ शर्तें पूरी कर लेने के बाद इच्छा-मृत्यु की अनुमति दे दी जाती है। अब भारत भी इस कड़ी में का हिस्सा बन गया है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कुछ उधार लेना चाह रहे हैं तो सावधानी रखनी होगी। विद्यार्थियों के लिये दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। व्यवसाय में प्रतिष्ठा की हानि हो सकती है।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में किसी के साथ झड़प होने की सम्भावना है। मन अशान्त हो सकता है। महत्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले आपको इष्ट मित्रों से सलाह ले लेनी चाहिये।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में समृद्धि का वातावरण रहेगा। नया वाहन खरीदने का विचार बनायेंगे। बुजुर्गों के अनुभवों से सीखने का प्रयास करें।

**कर्क**
अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। आपकी निर्णय क्षमता में वृद्धि होगी। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है।

**सिंह**
सरकारी अधिकारियों को कार्यक्षेत्र में अत्यधिक परिश्रम करना पड़ेगा। सन्तान के व्यवहार से आपको अपमानित होना पड़ सकता है।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का वातावरण रहेगा। परिवार के किसी सदस्य के पर धन खर्च करना पड़ेगा। अहंकार के कारण मित्रों के साथ मतभेद हो सकते हैं।

**तुला**
अपनी विचारधारा का प्रभाव लोगों पर छोड़ पायेंगे। व्यवसाय से होने वाली आय में वृद्धि होगी। छोटे भाई-बहनों को उपहार दे सकते हैं।

**वृश्चिक**
घर में आपका मन नहीं लगेगा। लोग अपनी गलतियों का आरोप भी आपके ऊपर थोपने का प्रयास कर सकते हैं। समाज में आपकी विशेषताओं पर चर्चा हो सकती है।

**धनु**
कारोबार में विस्तार के लिये नये तरीकों का प्रयोग करना हितकर होगा। लेकिन अधिकतर कार्य अपने ही दम पर करने पड़ेंगे। व्यापार में वृद्धि होने के कारण आप पुराने ऋणों से मुक्त हो सकते हैं।

**मकर**
नौकरीपेशा लोगों को नयी जॉब के अवसर मिल सकते हैं। व्यापारियों को नयी डील करने से पहले सावधानी और जाँच-परख कर लेनी चाहिये। क्षमताओं का सही तरह से मूल्यांकन करें।

**कुंभ**
मित्र आपकी परेशानियों को समझेंगे और उन्हें दूर करने का प्रयास करेंगे। साहित्य के क्षेत्र से जुड़े लोगों को धन लाभ और सम्मान प्राप्त हो सकता है।

**मीन**
नये कार्यों में निवेश प्रारम्भ कर सकते हैं। व्यावसायिक अनुबन्धों को समय से पूर्ण कर लेंगे। पति-पत्नी के बीच आपसी सम्बन्ध मजबूत होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### दहेज व महिला प्रताड़ना मामले में फरार ससुर गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महिला प्रताड़ना एवं दहेज मामले में फरार चल रहे ससुर को मसौढी पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल मसौढ़ी थाना कांड संख्या 732/25 के तहत दिनांक 9/9.2025 को वादी सीमा कुमारी पति नितिश कुमार गंगाचक मालिकाना के बयान पर सास ससुर पति सेमत 6 लोगों पर दहेज मांगने और प्रताडित करने का मामला मसौढी थाने में दर्ज किया गया था,, इसी आलोक में पुलिस ने फरार ससुर लाली यादव स्व. लालदास यादव को घर से गिरफ्तार किया है। दरअसल सीमा कुमारी ने अपने दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा था कि हमारी शादी 10 वर्ष पूर्व हुई थी, शादी के कुछ दिन ठीक रहा बाद में मोटरसाइकिल खरीदने के लिए पैसा मांगने लगे,तब हमारे पिता ने खेत को गिरवी रखते हुए ₹30 हजार दिया, उसके बाद कुछ दिन ठीक रहा फिर हमें प्रताड़ित करने लगे वहीं बीते 8..9..2025 को जब हम अपने कमरे में बैठे थे तभी हमारे ससुर लाली यादव हमारी सास शीला देवी और सभी लोग मारपीट करने लगे,वहीं हमारे पति समेत सभी लोग आकर जान से करने के नियत से पिटता रहे, उसे समय हम बेहोश हो गए जब होश आया तो थाने में हमने सबके खिलाफ आवेदन देकर कार्रवाई के लिए आवेदन लिखा है फिलहाल पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### रामजी योजना को लेकर महिला मजदूरों से किया संवाद, लिया फीडबैक

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विकसित भारत-जी राम जी' योजना,जो मनरेगा की जगह ले रही है,शुरू करने से पहले नीति आयोग और केंद्रीय मंत्रालयों ने जमीनी स्तर पर संवाद और फीडबैक ले रही है। ऐसे में मंगलवार को मसौढी मनरेगा कार्यालय के सभागार में चरमा पंचायत के महिला मजदूरों के साथ संवाद किया गया, जहां नीति आयोग के सदस्य आकाश कुमार ने संवाद के साथ, मनरेगा में कैसे काम करना है,एवं उन सबों की समस्या के साथ फीडबैक लेते हुए उन सभी महिला मजदूरों को जागरूक करते हुए बताया गया की मजदूरों की मांग पर 100 दिन के काम को बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। यदि 15 दिनों के भीतर मजदूरी नहीं मिलती है, तो ब्याज सहित भुगतान करने का प्रावधान जोड़ा गया है। इसके अलावा यदि काम नहीं मिल पाता है, तो भत्ते का प्रावधान रखा गया है।जल संरक्षण, ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर, आजीविका और आपदा प्रबंधन जैसे कार्यों से स्वावलंबी और गरीबी-मुक्त गांव बनाए जाएंगे। वहीं मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश नंदन ने कहां की यह ग्रामीणों को 100 की जगह 125 दिनों के रोजगार, बेहतर मजदूरी, 7 दिनों में भुगतान और करोड़ के बजट के साथ आत्मनिर्भरता के लिए जागरूक किया जा रहा है। यह योजना टिकाऊ ग्रामीण बुनियादी ढांचे, कृषि सहयोग और रोजगार सुरक्षा के माध्यम से गाँवों को विकसित बनाने पर केंद्रित है जो, मजदूर और विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देता है।



### किन्नरों को पुनपुन पुलिस ने दी चेतावनी परेशान करने वालों पर होगी कार्रवाई





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सड़कों पर राहगीरों से जबरन पैसे मांगने और परेशान करने के किन्नरों और फर्जी किन्नरों के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, जिसको लेकर. पुनपुन पुलिस ने मंगलवार को कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। कई जगहों पर चौक चौराहे पर पुलिस ने सॉन्गहां जांच अभियान चलाई पुलिस को देख कई जगह पर किन्नर भागते दिखे, थानाध्यक्ष पुनपुन बेबी कुमारी ने बताया कि पुलिस को लगातार राहगीरों, वाहन चालकों और बसों में यात्रियों से शिकायतें मिल रही हैं कि किन्नर जबरन वसूली करते हैं, अभद्र व्यवहार करते हैं और पैसा न देने पर बददुआ देने या कपड़े उतारने जैसी धमकियां देते हैं। इसके अलावा कई मामलों में, विशेष रूप से रात में, सामान्य युवक किन्नर के वेश में लोगों को लूट रहे हैं, जिसे लेकर पुलिस ने एक अभियान चलाकर ऑपरेशन किन्नर के तहत जांच पड़ताल करने में जुटी है और विभिन्न चौक चौराहे पर गश्ती पुलिस के द्वारा पैसे कीनन को तलाश कर ही है जो राज्यों को परेशान करते हैं और जबरन पैसा आते हैं इस संबंध में मंगलवार को तलाशी अभियान के दौरान एक चार पहिया वाहन से जा रहे हैं 6-7 किन्नरों की तलाशी अभियान की गई और उन सबों का नाम पता के बाथ सत्यापन किया गया,वही उन सबों को सख्त चेतावनी देते हुए छोड़ा गया कि किसी से जबरदस्ती पैसा नहीं मांगे अन्यथा उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बिजली के तार को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के नहल गांव में दो गुटों में उसे वक्त रणक्षैत्र क्षेत्र में तब्दील हो गया जब बिजली विभाग की टीम बिजली जांच को लेकर निरिक्षण कर रहे थे, उसी दौरान दो घरों के लोग बिजली तार को लेकर आपस में भिड़ गए और जमकर लाठी डंडे चलने लगे जिसमें कई लोग जख्मी हुए हैं। घटना के बाद दोनों पक्ष की ओर से थाने में चार-चार लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई हैं। पहले पक्ष की ओर से लालसा देवी पति राजदेव सिंह की ओर से चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज के लिए आवेदक दिया है जिसमें लिखा है एक घर से सटे बिजली की तार खींचा हुआ था उसी को लेकर पूरे परिवार के लोगों ने लाठी डंडे मारपीट कर जख्मी कर दिया और छिनता भी की है, वहीं दूसरे पक्ष की ओर से प्रियंका देवी पति विमल कुमार की ओर से आवेदन दिया गया कि मेरे घर पर नितिश कुमार चोरी छिपे छत पर चढ कर बिजली का टोकन उतार रहा था, इस बात को मना किया गया तो फिर पूरे परिवार के लोगों ने लाठी डंडे से मारपीट करना शुरू कर दिया। बहरहाल दोनों पक्षों की ओर से चार-चार लोगों पर नामजद आरोप लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई हैं। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

### 49 लीटर देशी शराब के साथ बाइक जप्त

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना की पुलिस ने 49 लीटर देशी शराब के साथ एक बाइक लावारिस हालत में जप्त किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस पदाधिकारी बंटी कुमार के नेतृत्व में निकली गश्ती पुलिस ने दक्षिणीचक रेलवे गुमटी के निकट लावारिस हालत में सड़क पर गिरी बाइक के निकट से एक प्लास्टिक का बोरा जप्त किया। जिसकी विधिवत तलाशी लेने पर बोरा से 49 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। काफी देर तक इंतजार के बाद भी जब बाइक का मालिक नहीं आया तब जप्त शराब और बाइक को थाना लाया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध शराब की बिक्री और



सेवन के खिलाफ थाना पुलिस द्वारा लगातार अभियान जारी है। इसी क्रम में 49 लीटर देशी शराब बरामद किया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस के आगमन की भनक लगते ही शराब तस्कर शराब समेत बाइक छोड़ कर फरार हो गए। पुलिस बाइक के निबंधन संख्या के आधार पर उसके मालिक की तलाश में जुट गई है।

# लोक शिकायत निवारण न्यायालय में सीओ के जांच प्रतिवेदन को सही बताया

## मसौढ़ी का डाक बंगला किसका दो विभागों के बीच बना विवाद....?





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी शहर के बीचो-बीच स्थित डाक बंगला की भूमि किसकी है इस बात को लेकर अभी भी मसौढ़ीवासियों के मन में संशय बरकरार है, एक तरफ जिला परिषद की ओर से डाकबंगला की पूरी जमीन पर स्वामित्व का अधिकार की बात कर रहे हैं, तो वही नगर परिषद की ओर से डाक बंगला के जमीन पर दावा किये जा रहे हैं। दोनों विभागों के रस्सा कस्सी के बीच में डाक बंगला की जमीन किसकी हैं इस उधेड़बुन में आम जनमानस काफी उत्सुकता बस इस बात को जानने के लिए परिणाम का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में नगर परिषद के स्थाई सशक्त कमेटी के सदस्य ई. शंभू सिंह ने अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण न्यायालय में परिवाद डालकर न्याय की गुहार लगाई जहां 7 जनवरी 2026 को अपना परिवाद डाला जहां इस परिवाद की चार सुनवाई की गई जिसमें 22 जनवरी, 25 जनवरी, 5 फरवरी और 11 मार्च को सुनवाई की गई जहां अंततः अंचलाधिकारी के द्वारा दिए गए राजस्व कर्मचारी की जांच प्रतिवेदन को सही ठहराते हुए अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण न्यायालय परिवाद को खत्म करते हुए कहा है कि अंचलाधिकारी द्वारा बताए गए जांच प्रतिवेदन के अनुसार थाना नंबर 144, खाता संख्या एक खेसरा 885, रखवा दो एकड़ 85 डिसमिल भूमि किस्म में गैर मजरूआ मलिक बाकब्जे ठेकेदार है। अतः इस परिवाद को यहीं पर समाप्त करते हुए उक्त का निस्तारण सक्षम प्राधिकार के सुनवाई के पश्चात किया जा सकता है। बहरहाल इस मामले के बाद पारिवादी शंभू सिंह ने जिला में द्वितीय अपील की ओर अपना रुख अपनाया है, इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि डाक बंगला की जमीन कथा कथित तौर पर लोग जिला परिषद की जमीन बताते हैं लेकिन नगर परिषद के पास कई जमीनी दस्तावेज हैं जो यह बताने के लिए काफी है कि यह उक्त जमीन नगर परिषद क्षेत्राधिकार मे है।

# नगर परिषद होलडिंग टैक्स नहीं चुकाया तो सार्वजनिक होंगे नाम

## बड़े बकायादारों पर नगर परिषद हुआ सख्त

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होल्डिंग टैक्स के बडे बकायादारों के खिलाफ अब नगर परिषद सख्त रुख अपनाने जा रहा है. नगर परीषद प्रशासन वैसे लोगों की सूची तैयार कर रहा है जिसका होल्डिंग टैक्स 50 हजार रुपये से अधिक का टैक्स बकाया है, उन्हें 31 मार्च तक हर हाल में राशि जमा करने का अलटीमेटम दिया गया है. ऐसा नहीं करने पर बकायादारों के नाम चौक चौराहो पर बैनल लगाकर नाम सार्वजनिक किए जाएंगे और कानूनी कार्रवाई भी शुरू होगी। इसके अलावा बकायादारों के बैंक खाते फ्रीज करने और बिजली कनेक्शन काटने जैसे सख्त कदम भी उठाए जा सकते हैं।

कार्यपालक पदाधिकारी राजु रंजन ने बताया की इस कदम से शहर में टैक्स भुगतान की व्यवस्था अधिक पारदर्शी और अनुशासित बनेगी. इसके साथ ही बकायादारों को राहत देने के लिए वन टाइम सेटलमेंट यानी ओटीएस योजना भी लागू की है. इस योजना के तहत यदि कोई संपत्ति मालिक 31 मार्च 2026 तक टैक्स जमा करता है, तो उससे केवल मूल कर राशि ही ली जाएगी. इस अवधि के बाद भुगतान करने पर ब्याज और जुमार्ने की राशि भी देनी पड़ेगी,टैक्स जमा करने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए कई सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं. लोग घर बैठे ऑनलाइन टैक्स जमा कर सकते हैं।

इस अभियान का उद्देश्य शहर की वित्तीय व्यवस्था को मजबूत करना और नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाना।यदि आप 31 मार्च 2026 तक अपना बकाया टैक्स जमा करते हैं, तो आपको ब्याज और पेनल्टी पर 100% की छूट मिलेगी।

# पुलिस पर हमले के मामले में 13 नामजद

## थानाध्यक्ष के बयान पर प्राथमिकी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानगंज पुलिस के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाने, पुलिस पर हमला करने, पुलिस की गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने के मामले में भगवानगंज थानाध्यक्ष ने खुद के बयान पर 13 लोगों पर नामजद और 50-60 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए एक आरोपी सिकंदर यादव पिता लालबाबू यादव को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल यह मामला बीते 15 मार्च की देर शाम तकरीबन 9:00 बजे की है जहां पर सड़क हादसे में तकरीबन शाम पांच बजे ट्रैक्टर के ठोकर से दो बच्चे की मौत हो गई थी, जिससे गुस्साए भीड़ ने शव को सड़क पर रखकर घंटों विरोध प्रदर्शन किया था, इस दौरान पुलिस भी मौके पर पहुंची थी, जहां पुलिस को देख भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया था, उसी में तीन पुलिसकर्मी जख्मी हो गए थे, जिसमें एक पुलिस अवर निरीक्षक नवनीत कुमार, सिपाही उमेश पासवान, गृह रक्षक धर्मेंद्र कुमार जख्मी हो गए थे,घंटों बाद वरिय पुलिस अधिकारियों के समझाने बुझाने पर मामला देर रात को शांत हुआ था। इस घटना के बाद थानाध्यक्ष ने अपने बयान पर खैनिया गांव के 13 लोगों पर नामजद और 50 से 60 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया है। जिसमें सिकंदर यादव पिता लालबाबू यादव, भोला उर्फ राहुल, आदिल, मिथिलेश कुमार, सचिन कुमार, बिन्ना कुमार, रणधीर कुमार ,किशोर कुमार समेत कुल 13 लोगों पर नामजद केस किया है और 50-60 लोगों पर अज्ञात पर किया है। हालांकि खैनिया गांव के लोगों ने पुलिस के द्वारा की गई प्राथमिकी पर काफी विरोध जताया है।

# युद्ध नहीं शांति चाहिए, युद्ध तत्काल बंद हो और मोदी सरकार अपनी विदेश नीति स्पष्ट करे : वाम दल




**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इजरायल इराक के बीच चल रहे युद्ध को लेकर विभिन्न प्रखंडों में वाम दलो के द्वारा युद्ध विरोधी शांति मार्च का आयोजन किया जा रहा है। ऐसें में मंगलवार को धनरूआ बाजार में भाकपा माले के कार्यकताओं ने युद्ध विरोधी शांति मार्च निकाला, जिसका नेतृत्व भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य कामरेड कमलेश कुमार ने किया और बताया कि अमेरिका इजरायल पूरी दुनिया के देशों को अपने इशारों पर चलाना चाहता है और सभी देश में जासूसी करता है, खुद न्यूक्लियस हथियार रखता है और दूसरों पर प्रतिबंध लगाकर उस देश के संसाधनों ऊर्जा स्त्रोतों पेट्रोलियम पदार्थों पर अपना आधिपत्य जमाता है, इसी तरह ईरान में कठपुतली सरकार बनाकर अमेरिका इजरायल उस देश के पेट्रोलियम पदार्थों पर कब्जा करने के लिए युद्ध थोप दिया है। इस युद्ध से पूरी दुनिया में अशांति फैला हुआ है,जिससें भारत मे इसको लेकर महंगाई की मार झेलना पड रहा है। भारत में रसोई गैस के लिए लंबी कतार लगा शुरू हो गया है और प्रति सिलेंडर 60 से 110 रुपया महंगा हो गया है, इसे नियंत्रित करने में मोदी नीतीश सरकार बिफल है, ईरान भारत का पुराना मित्र रहा है लेकिन इस समय मोदी सरकार अमेरिका का कठपुतली बना हुआ है। युद्ध नहीं शांति चाहिए युद्ध तत्काल बंद हो और मोदी सरकार अपनी विदेश नीति स्पष्ट करें। इस मौके पर कामरेड अकलू पासवान, कामरेड वीरेंद्र प्रसाद, कामरेड श्री भगवान पासवान, कामरेड प्रमोद यादव, कामरेड निरंजन वर्मा, कामरेड शशि कुमार, कामरेड खुर्शीद अंसारी, कामरेड कमलेश यादव, कामरेड रवि रंजन दास इत्यादि दर्जनों कार्यकर्ता मार्च में शामिल रहे।

# एएनएस कॉलेज में नामांकन फीस पर हंगामा

## प्रोफेसर पर गाली गलौज और बैनर हाटाने के साथ-सा छात्रों ने लगाया मारपीट का आरोप



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के अनुग्रह नारायण सिंह महाविद्यालय में नामांकन फीस से अधिक राशि लेने के विरोध में कॉलेज गेट का तालाबंदी करते हुए आंदोलन कर रहे थे जिसके चलते छात्रों और कर्मचारियों के बीच जमकर हंगामा हुआ। छात्रों का आरोप है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान कॉलेज के कुछ कर्मचारियों ने छात्रों के साथ मारपीट और गाली गलौज की। छात्र कॉलेज कैंपस में कई दिनों से स्नातक सेमेस्टर 4 में मनमानी फीस वसूली को लेकर हस्ताक्षर अभियान चला रहे थे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने आज कैंपस में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया था। इस दौरान कॉलेज के कर्मचारियों ने छात्रों से गेट से हटने के लिए कहा। मामला तूल पकड़ने के बाद छात्रों ने हाथों में बैनर पोस्टर लेकर कॉलेज प्रशासन के खिलाफ कैंपस में जमकर नारेबाजी की। वही छात्रों ने प्रशासनिक भवन में ताले भी जड़ दिए। छात्रों का कहना है कि स्नातक चार नामांकन में एससी एसटी छात्र-छात्राओं एवं सामान्य वर्ग की छात्राओं से नामांकन में कॉलेज प्रशासन अधिक राशि ले रही है। उन्होंने कालेज के प्रधानाचार्य पर भी मनमानी करने का आरोप लगाया। वहीं कॉलेज प्रशासन का कहना है कि कॉलेज में चल रही आंतरिक परीक्षा के कारण छात्रों को धरना प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं दी गई थी। मामला को बिगड़ता देख पुलिस को बुलाया गया पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### विभिन्न मामलों में तीन अभियुक्तों ने किया न्यायालय में सरेंडर

**जमानत याचिका खारिज, न्यायिक हिरासत में**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** व्यवहार न्यायालय मसौढ़ी के विभाजन कोर्ट में विभिन्न मामलों में फरार चल रहे अभियुक्तों ने मंगलवार को न्यायालय मे आत्म समर्पण करतें हुए जमानत याचिका दायर की थी, जहां विभिन्न कोर्ट में जमानत रद्द करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में लिया गया है। दरअसल मसौढ़ी थाना कांड संख्या 152/26 के तहत सत्येंद्र बिंद बैरमचक ने एसडीजेएम कोर्ट में सरेंडर करते हुए जमानत याचिका का दायर की थी, जहां पर उसे खारिज करते हुए न्यायिक हिरासत में लिया गया है। वहीं दुसरा मामला कादिरगंज थाना का है जहाँ थाना कांड संख्या 185/ 25 के तहत अभियुक्त शैलेश कुमार ने एसीजीएम कोर्ट में सरेंडर की जहाँ जमानत याचिका खारिज कर दी गई है,तिसरा मामला धनरूआ थाना कांड संख्या 133/26 के तहत नामजद अभियुक्त मुकेश कुमार सांडा ने एसडीजेएम कोर्ट मे सरेंडर किया, और जमानत याचिका दायर की लेकिन न्यायाधीश ने उसे खारिज करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में लिया गया है। अभियोजन पदाधिकारी भरत जी ने बताया कि मंगलवार को मसौढी, धनरूआ और कादिरगंज थाने के विभिन्न मामलों में अभियुक्तों ने सरेंडर किया था, लेकिन उनकी जमानत याचिका रद्द करते हुए न्यायिक हिरासत में ले लिया गया है।

# नल जल योजना में किसी पंचायत को राष्ट्रपति सम्मान तो कहीं दो साल से प्यासे हैं लोग

**बाढ़ के बेलछी प्रखंड के दरवेश पूरा पंचायत के कबीर चक गांव के वार्ड संख्या एक में 2 साल से बंद है सरकारी नल जल योजना**

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के पंडारक प्रखंड के लेमुवाबाद पंचायत के महिला वार्ड सदस्य नेहा कुमारी को जल दिवस पर बेहतर जल प्रबंधन को लेकर राष्ट्रपति ने सम्मानित किया वहीं दूसरी तरफ बेलछी प्रखंड के दरवेश पुर पंचायत के कबीर चक वार्ड संख्या एक के करीब 600 लोग करीब 2 साल से पानी के लिए भटक रहे हैं हालत यह है कि 5 साल पहले लाखों की लागत से गांव में नल जल योजना के तहत मोटर बोरिंग लगाए जाने के साथ-साथ घर-घर पाइप भी बिछाया गया था कुछ दिन पानी चलने के बाद करीब 2 साल से ऑपरेटर ने अपनी को बंद कर दिया और जल मीनार एवं मोटर ऑपरेटिंग सिस्टम को घेराबंदी करते हुए अपने कब्जे में ले लिया है पंचायत के विजय महतो ने कई बार इसकी शिकायत प्रखंड कार्यालय से की है इसके बावजूद हालात नहीं बदले लोग पानी के लिए एक दूसरे के घर में जाकर आरजू विनती करते हैं तब जाकर काम चलता है वही अति पिछड़ा और दलित समाज का यह गांव पूरी तरह से बुनियादी सुविधाओं का नहीं होने का सामना कर रहा है वहीं पंचायत के मुखिया हो या वार्ड सदस्य किसी को यहां के लोगों की समस्या से कोई मतलब नहीं है गांव के कुछ लोग प्रखंड कार्यालय जाकर शिकायत करते-करते थक गए हैं पीएचडी विभाग भी सोया हुआ है जिसके चलते यहां के लोग काफी परेशानी का सामना कर रहे हैं मामले पर जब प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार से बात की गई तो उन्होंने दो दिन के भीतर समस्या सुलझाने की बात कही है एक तरफ बोरिंग ऑपरेटर अपने मेहनत के बदले पैसे के मुद्दे को लेकर अपने जिद पर अड़े हैं और बिना सरकारी स्वीकृति के ही उनके जमीन पर बोरिंग सिस्टम लगाए जाने की बात कह रहे हैं वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण अपनी समस्या सुन कर पानी की मांग कर रहे है।

# भगवान को उठा ले गये चोर, ठाकुरबाड़ी मंदिर से अष्टधातु की 3 मूर्तियां चोरी

## 100 साल पुरानी अष्टधातु की तकरीबन आठ करोड़ की होगी मूर्ति

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी में चोर इन दिनों मंदिरों को भी निशाना बनाकर चोरी की बडी वारदात को अंजाम दे रहे है। ताजा मामला शाहाबाद पंचायत के छाता गांव की है,जहां कल्लू ठाकुरवाड़ी राम-जानकी मंदिर में चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।चोरों ने राम जानकी ठाकुरबाड़ी के गर्भगृह का ताला तोड़कर सैकड़ों साल पुरानी अष्टधातु की कीमती मूर्तियां चुरा लीं, उनका वजन कुल तकरीबन 45 किलो बताया जा रहा है। वही तीनों मूर्ति के सिर पर चांदी की मुकुट भी थी, घटना के संदर्भ में मंदिर कमेटी के सचिव मुनदेव सिंह पिता स्वर्गीय जगलाल सिंह के बयान पर मसौढी थाने में अज्ञात के खिलाफ थाने में दर्ज किया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि. छाता गांव स्थित कल्लू ठाकुरबाड़ी में देर रात अज्ञात चोर दाखिल हुए. चोरों ने मंदिर के गर्भगृह में स्थापित राम, जानकी, लक्ष्मण की अष्टधातु की मूर्तियां उठा ले गए. बताया जा रहा है कि ये सभी मूर्तियां 100 साल से भी अधिक पुरानी हैं और तिनों मुर्तियों का कुल वजन करीब 45 किलो के आसपास है।हैरानी की बात यह है कि चोरी के वक्त मंदिर के महिला पुजारी बगल के कमरे में सो रही थी, लेकिन उन्हें किसी तरह की आहट तक नहीं लगी. अल्हे सुबह जब निंद खुली तो मंदिर का दरवाजा खुला देख वह देखने गई तो वहां से तिनो मुर्ति गायब थे, इसके बाद उसने तुरंत गांव वालों को सूचना दी. देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर में जमा हो गए.घटना की जानकारी मिलते ही गांव में आक्रोश फैल गया है। ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द से जल्द मूर्तियों की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है: सूचना मिलते ही मसौढी थानाध्यक्ष विवेक भारती दल बल के साथ पहुंचे और जांच शुरू कर दी है. उन्होंने बताया की घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को भी बुला कर जांच की जा रही है। वही फिंगरप्रिंट भी लिया जा रहा है। वहीं मंदिर कमेटी ने बताया कि इसकी स्थापना 1935 में की गई थी और जिन्होंने यहां पर स्थापना किया था।

### दावत-ए इफ्तार का हुआ आयोजन

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददता।** मेहदावा स्थित बड़ी मस्जिद के परिसर में पवित्र माहे रमजान के अवसर पर दावते इफ्तार का आयोजन किया गया।

# प्रेम यूथ फाउंडेशन को मिला राज्य लोक सेवा रत्न सम्मान



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां, फतुहा, खुशरूपुर से गहरे जुड़े संस्थान प्रेम यूथ फाउंडेशन को राजधानी के वापू सभागार में सरस सलिल भोजपुरी सिने अवॉर्ड के अंतर्गत लोकसेवा रत्न सम्मान दिया गया। मौके पर डॉ प्रेम कुमार, अध्यक्ष बिहार विधानसभा, विधायक व भोजपुरी के मशहूर गायक विनय विहारी, महानायक कुणाल सिंह, संजय पांडेय, विधायक मिथलेश तिवारी , विधायक प्रकाश कुमार , भाजपा कला संस्कृतिक मंच के प्रदेश संयोजक वरुण सिंह, वृहस्पति पांडेय समेत सैंकड़ोंनिमचीन हस्ती मौजूद रहे । फाउंडेशन के सचिव गोपी कुमार ने यह पुरस्कार ग्रहण किया । गोपी ने बताया कि प्रेम यूथ फाउंडेशन का एक मात्र लक्ष्य है जन सेवा यही हमारा धर्म है और यही हमारा कर्म है । आज फाउंडेशन के हजारों स्वयंसेवक देश मे लोक कल्याण और लोक सेवा को ही अपनी जीवन का ध्येय बना लिया है। कोरोना काल मे ऑक्सीजन बैंक खोलकर हजारों लोगों का जान बचाया । युवा क्लब, किसान क्लब,विज्ञान क्लब का गठन कर सामुदायिक विकाश में महती भूमिका का निर्वहन कर रहा है । विकसित भारत 2047 के सपनों को साकार करने में पूरी टीम जुटी हुई है। उन्होंने बताया कि यह सम्मान हमे नई ऊर्जा एवं जिम्मेदारी का अहसास कराता है। नशा मुक्ति अभियान, दहेज विरोधी अभियान चलाने के साथ साथ पर्यावरण जागरूकता, आपदा प्रवंधन, कौशल विकाश, स्वरोजगार प्रशिक्षण का संचालन किया जा रहा है । फाउंडेशन की स्थापना 1996 में हुई है। विश्व शांति के पैगाम को लेकर हमारे स्वयंसेवक देश विदेश जाकर प्रेम शांति और भाईचारा का पैगाम दे रहे हैं। लोकसेवा रत्न पुरस्कार मिलने पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, विधान पार्षद नीरज कुमार, डॉ रणवीर नंदन अध्यक्ष बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड, डॉ संजय पासवान पूर्व केंद्रीय मंत्री , विधायक संजय गुप्ता, विधायक डॉ सिया राम सिंह, विधायक मिथलेश तिवारी, विधायक अरुण कुमार ,सीए संजय कुमार झा, मेरा युवा भारत के राज्य निदेशक सूर्यकांत कुमार, जिला पार्षद रुवी कुमारी, मुखिया उचित राम, लाइफ लाइन औक्सीजन बैंक के सचिव शिशुपाल कुमार, डॉ राजीव कुमार, कपिल देव प्रसाद, सुजीत कुमार ने हर्ष व्यक्त किया है ।

# पुलिस मुठभेड़ में दो कुख्यात अपराधी ढ़ेर

## मुठभेड़ में एक एसटीएफ का जवान भी शहीद




**चकिया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवबिहार टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के सिंहोरवा गांव में अपराधी की गिरफ्तारी करने पुलिस पर अपराधियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग करने पर पुलिस की जबाबी कार्रवाई में दो अपराधी पुलिस की गोली से घायल हो गया। वहीं एक एसटीएफ का जवान भी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल लाई जहां मौजूद चिकित्सक ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मारे गये कुख्यात अपराधी थाना क्षेत्र के बुलाचक गाँव का कुंदन ठाकुर पिता फुदेना ठाकुर व मुजफ्फरपुर जिला के साहेबगंज थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव निवासी प्रियांशु कुमार दूबे पिता संजय दूबे बताया जाता है। वहीं पुलिस ने सिंहोरवा गांव में जिस घर में अपराधियों द्वारा पुलिस पर गोली बारी की गई वहां से दो अपराधी को गिरफ्तार की है। गिरफ्तार अपराधी संत तिवारी व उसके पुत्र उज्वल कुमार तिवारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वहां से एक कारबाइन, दो पिस्टल, दो कट्टा, पांच जिंदा कारतूस व 17 खोखा बरामद की है। बताया जाता है कि पुलिस को कुख्यात अपराधी कुंदन द्वारा फोन कर पुलिस को जान से मारने की धमकी कुछ दिन पहने दी थी। पुलिस ने कुंदन के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापामारी कर रही थी।बीती रात भी इसी मामले में गिरफ्तार करने गई पुलिस पर अपराधियों द्वारा गोलीबारी करने पर पुलिस की जबाबी कार्रवाई में दोनों अपराधी मारे गए। वहीं एसटीएफ का जवान 32 वर्षीय श्रीराम कुमार यादव भी शहीद हो गए। वहीं कुंदन ठाकुर पर जिला के विभिन्न थानों में आर्म्स एक्ट के पांच मामले दर्ज है। जिसमें वर्ष 2019, 2020, 2024 में चकिया थाना में आर्म्स एक्ट, 2023 में नगर थाना मोतिहारी में आर्म्स एक्ट व 2025 में राजेपुर थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। ग्रामीण बताते है कि कुख्यात अपराधी कुंदन तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वह शुरू से ही बिगड़ैल किस्म का युवक था। उसने चार माह पूर्व ही शादी की थी। वहीं पुलिस उसके गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी को लेकर आगे की कार्रवाई में लगी हुई है। वहीं शहीद एसटीएफ के जवान श्रीराम कुमार यादव को चंपारण रेज के डीआईजी हरिकिशोर राय, डीएम, एसपी स्वर्ण प्रभात सहित पुलिस कर्मियों भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# राज्यसभा चुनाव मे प्रचंड जीत पर भाजपा भोजपुर द्वारा बैठक कर हर्षोल्लास के साथ खुशी मनाई गई




## एनडीए प्रत्याशियों की जीत एनडीए गठबंधन की एकजुटता का परिणाम : दुर्गा राज

**आरा (भोजपुर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार कोटे से सभी पाँच सीट पर एनडीए प्रत्याशी के राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने के उपलक्ष्य मे भारतीय जनता पार्टी भोजपुर द्वारा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज की अध्यक्षता मे एक बैठक आरा परिसदन मे किया गया। बैठक के दौरान उपस्थित नेताओं और पदाधिकारियों द्वारा एनडीए की प्रचंड जीत पर एक दूसरे को बधाई दी गई एवं केन्द्रीय और प्रांत नेतृत्व का आभार व्यक्त किया गया। मुख्य अतिथि बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज एनडीए सबसे मजबुत गठबंधन है। भारतीय जनता पार्टी मे प्रत्येक कार्यकताओं को सम्मान मिलता है। भाजपा का एक साधारण कार्यकर्ता भी ऊँचाई को प्राप्त करता है। उन्होने विशेष रूप से शिवेश राम को बधाई देते हुए केन्द्रीय एवं राज्य नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने इस जीत को एनडीए के मजबूत गठबंधन को बताया एवं कहा कि आज एनडीए मजबुती से एकजुट है, जिसका परिणामस्वरूप हमे पाँचो सीट पर विजय प्राप्त हुआ। अन्य वक्ताओं मे सीडी शर्मा, धीरेन्द्र सहि, सूर्यकांत पांडेय, सत्यनारायण व्याहुत, हरेन्द्र पांडेय, उदय प्रताप सिंह, हरेराम चंद्रवंशी आदि ने अपने जिला से पहली बार भाजपा से राज्यसभा निर्वाचित होने पर शिवेश राम को बधाई देते हुए अपने अनुभवो को साझा किया। बैठक के बाद सभी मिलकर एक दूसरे को मिठाई खिलाया एवं नारे लगा कर खुशी मनाया। कार्यक्रम मे संतोष चंद्रवंशी, संजय कुमार सिंह, निशांत सिंह सेंगर, जीतु चैरसिया, सुनील श्रीवास्तव, पंकज प्रभाकर, मिठाई लाल, आदित्य सिंह, संतोष सिंह संटु, संदीप कुमार, भुनेश्वर ठाकुर, नीतीश दूबे, अंकित पांडेय, आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

# महिला कॉलेज आरा के मनोविज्ञान विभाग में मानवाधिकार विषय पर सेमिनार




**आरा (भोजपुर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महिला कॉलेज आरा के मनोविज्ञान विभाग में मानवाधिकार विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का आयोजन डॉ. कायनात रिजवी द्वारा किया गया, जिसमें प्रोफेसरों एवं छात्राओं ने भाग लेकर सेमिनार को सफल बनाया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए डॉ. कायनात रिजवी ने मानवाधिकार की अवधारणा पर प्रकाश डाला और बताया कि किस प्रकार हम अपने अधिकारों का सही उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने जिनेवा कन्वेंशन का उल्लेख करते हुए कहा कि युद्ध के समय भी देशों को दूसरे देश के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने मिनाब में एक गर्ल्स स्कूल पर हुई दुखद घटना का जिक्र करते हुए कहा कि यदि जिनेवा कन्वेंशन का सख्ती से पालन किया जाए, तो ऐसी स्थितियाँ उत्पन्न न हों। विभागाध्यक्ष डॉ. सादिया हबीब ने अपने विचार रखते हुए शिक्षा का अधिकार के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज में लड़कियों को आगे बढ़ने के लिए शिक्षा का पूरा लाभ उठाना चाहिए और घरेलू बंधनों से बाहर निकलकर अपने भविष्य के बारे में सोचने का समय आ गया है। वहीं विनु ने मानवाधिकार को मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझाते हुए कहा कि यदि लोगों को उनके अधिकार प्राप्त हों, तो इसका सकारात्मक प्रभाव उनके मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। डॉ. सुधा ने कहा कि जब दो देशों के बीच युद्ध होता है, तो उसका प्रभाव केवल उन्हीं देशों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि अन्य देशों पर भी इसका गहरा असर पड़ता है। डॉ. रश्मि ने छात्रों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें अपने दायरे में रहकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। डॉ. कंचन ने कहा कि अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का पालन भी आवश्यक है। वहीं डॉ. बिभा तथा अन्य वक्ताओं ने भी मानवाधिकार के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।

## संक्षिप्त समाचार

### मैसेज में डिलेवर्ड पर उपभोक्ता के घर नहीं पहुंचा गैस सिलिंडर

**पीरो (भोजपुर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रसोई गैस के लिए चल रही मारामारी के बीच गैस एजेंसी के अजब गजब कारनामे सामने आ रहे हैं। चौंकाने वाला मामला यह है कि कई उपभोक्ताओं ने गैस सिलिंडर के लिए आन लाइन बुकिंग की तो गैस कंपनी द्वारा उन्हें बजाप्ता डीएसी नम्बर निर्गत किया गया। उक्त नम्बर के आधार पर संबंधित उपभोक्ता को गैस सिलिंडर की आपूर्ति की जानी थी लेकिन दस दिन बाद भी उन्हें गैस सिलिंडर की आपूर्ति नहीं की गई अलबता उनके रजिस्टर्ड नम्बर वाले मोबाइल पर यह मैसेज आ गया कि उन्हें अमूक इनवाइस नम्बर से गैस सिलिंडर की आपूर्ति की जा चुकी है। साथ ही यह भी मैसेज आया है कि अगली बुकिंग 8 अप्रैल यानि 25 दिन बाद हो सकेगी। इतना ही नहीं बल्कि संबंधित उपभोक्ता के बैंक खाते में सब्सिडी की राशि भी भुगतान कर दी गई। इधर गैस सिलिंडर की आपूर्ति नहीं होने से हैरान उपभोक्ता जब स्थानीय अजय इंडेन गैस एजेंसी के दफ्तर पहुंचे तो उनकी शिकायत सुनने के बजाय वहां से गोल-मटोल जबाव देकर टरका दिया गया। पीरो नगर के बिहियां रोड निवासी अजय कुमार मिश्र सहित दर्जनों उपभोक्ताओं ने ऐसी शिकायत दर्ज कराते हुए जिलाधिकारी भोजपुर, अनुमंडल पदाधिकारी पीरो व संबंधित गैस कंपनी के अधिकारियों से गैस एजेंसी द्वारा की गई इस घालमेल की जांच कराकर उचित कार्रवाई करने व खुद को न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

### ट्रक से कुचलकर युवक की मौत

**कोईलवर (भोजपुर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार देर रात कोईलवर थाना क्षेत्र के धनडीहा वार्ड 09 स्थित दलित बस्ती के पास ट्रक से कुचलकर बीर बहादुर की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर बांस-बल्लों से घेराबंदी और आगजनी करते हुए कोईलवर-चांदी पथ जाम कर दिया। सूचना पर पुलिस बल के साथ पहुंचे एसडीपीओ रंजीत कुमार सिंह, बीडीओ बीरबहादुर पाठक, थानाध्यक्ष नरोत्तम चन्द्र व राकेश रौशन ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन करीब चार घंटे बाद मुआवजा व वन-वे नियमों के सख्ती से पालन के आश्वासन पर ही शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका। जाम के कारण कोईलवर से सारण तक ट्रकों की लंबी कतार लग गई और यातायात बहाल करने में सुबह हो गई। इधर, आगजनी व सड़क जाम के मामले में पुलिस ने दो दर्जन अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज का डीएम ने किया निरीक्षण

**आरा (भोजपुर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी, भोजपुर तनय सुल्तानिया ने निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज परिसर का निरीक्षण कर वहां चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की गति, गुणवत्ता तथा उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों एवं कार्य एजेंसियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।



जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा कार्य में तेजी लाकर इसे समय पर पूर्ण किया जाए, ताकि जिले के लोगों को जल्द से जल्द बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का भी अवलोकन किया तथा आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा, ताकि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण हो सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त भोजपुर, अपर समाहर्ता भोजपुर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी आरा सदर, विशेष कार्य पदाधिकारी, सिविल सर्जन भोजपुर तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी उदवंतनगर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### प्रखंड प्रमुख ने विशेष बैठक के लिए कार्यपालक पदाधिकारी को लिखा पत्र

**संदेश (भोजपुर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी चंदन कुमार को प्रखंड प्रमुख नीलम देवी ने पंचायत समिति सदस्यों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने को लेकर पत्र लिखा जिसमें उन्होंने कहा कि अगामी 23 मार्च को एक विशेष बैठक बुलाया जाए, जिससे की उनलोगों से इस बिंदू पर चर्चा हो सके और इसमें सभी सदस्य उपस्थित रहें। विदित हो कि पंचायत समिति सदस्यों ने 14 मार्च को प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख पर अविश्वास प्रस्ताव लाया जिसमें उनलोगों कई आरोप लगाया था, जिसमें कहा था कि इन लोगों ने कभी भी समय पर बैठक नहीं बुलाई, सदस्यों से चर्चा किए बिना मनमानी ढंग से कार्य किया और अपने लोगों की ही प्राथमिकता दिया। प्रशासनिक कार्य में असहयोगात्मक और तानाशाही पूर्ण रवैया अपनाया गया, जिससे कार्य प्रणाली प्रभावित हुई। बैठक में ऊषा देवी, मीना देवी, अनीता देवी, गीता देवी, पूर्व प्रमुख सह पंचायत समिति रीमा देवी, धर्मेंद्र राम, लक्ष्मीना देवी, राजू यादव, मधु देवी, पूर्व उप प्रमुख सह पंचायत समिति अतुल रंजन आनंद आदि उपस्थित थे।

### अपराध की योजना बनाते तीन अपराधी गिरफ्तार

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारगंज थाना क्षेत्र के सिरौना गांव में किसी बड़ी को घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहे तीन अपराधियों को पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ लिया है। अपराधियों के पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और एक सेल फोन बरामद किया गया है। जानकारी देते हुए सिकरहना डीएसपी उदय शंकर ने बताया कि पकड़े गए अपराधी की पहचान सिरौना गांव निवासी सुदामा साह के पुत्र मुरारी कुमार, महेश साह के पुत्र आशु कुमार व गुड्डू साह के पुत्र नीतेश कुमार के रूप में हुई है। पकड़े गए सभी अपराधियों से आवश्यक पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा। बताया गया है कि सभी अपराधी शिकारगंज के एक बड़े व्यवसाई के साथ घटना करने की योजना बना रहे थे। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर शिकारगंज थानाध्यक्ष गोपाल कुमार ने सभी को रंगे हाथों दबोच लिया है। जिसके कारण बड़ी घटना टल गई है। इस गिरफ्तारी के बाद व्यवसायियों और आम लोगों ने राहत महसूस किया है।

### तेज आंधी से सड़क पर गिरा पेड़,आवागमन बाधित

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बल्थर मुख्य मार्ग पर सोमवार की शाम आई तेज आंधी के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। इस दौरान भसुरारी गांव के समीप एक विशाल पेड़ मुख्य सड़क पर गिर गया। गनीमत यह रही कि जिस वक्त पेड़ गिरा, उस समय वहां से कोई वाहन या राहगीर नहीं गुजर रहा था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।पेड़ गिरने के कारण मुख्य मार्ग पर दोनों ओर से वाहनों की लंबी कतारें लग गई और लगभग एक घंटे तक आवागमन पूरी तरह ठप रहा। इस दौरान राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि, स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए खुद ही मोर्चा संभाला और आपसी सहयोग से पेड़ को काटकर व हटाकर सड़क किनारे किया। इसके बाद यातायात पुनः बहाल हो सका। वही भसुरारी गाव में चैत्र नवरात्र के लिए बनाए गए पंडाल के गेट को भी आंधी ने गिरा दिया है। स्थानीय लोगो का कहना है कि इस आंधी से आम और लीची के पेड़ों में लगे मंजर को भी काफी नुकसान पहुंचा है। उधर आंधी का असर विद्युत सेवाओं पर भी देखने को मिला। तेज हवाओं के चलते सुरक्षा के दृष्टिकोण से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति काट दी गई, जिससे कई गांव अंधेरे में डूब गए। हालांकि, मौसम शांत होने के बाद विभाग द्वारा लाइनों की जांच की गई और आंधी खत्म होने के करीब दो घंटे बाद बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई।

### झोटील हत्याकांड में नौ पर केस दर्ज

**मृतक की मां ने दर्ज कराया मुकदमा**

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मानपुर थाना के डमरापूर गांव में बिते दो दिन पुर्व पंचायती के दौरान चाकू से गोदकर किशोर की हत्या कर देने के मामलें में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि मृतक की मां माया देवी के फर्दबयान पर डमरापूर के नौ लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। इधर पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए एक आरोपी सुरजबल यादव को मौके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य आरोपीयों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। विदित हो कि दो दिन पुर्व डमरापूर गांव में चोकट राम के घर बारात आई थी। बारात में डांस के दौरान दो पक्षों में विवाद उत्पन्न हो गया। उस समय तो सोमवार की सुबह में पंचायती करने की बात कह विवाद को सुलझा दिया गया। वही सोमवार की सुबह पंचायत बैठी और पंचायत में उक्त युवक झोटील कुमार को बुलाया गया। पंचायती में जैसी ही युवक पहुंचा उसपर कृष्णा राम और उसके सहयोगी द्वारा चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया गया।

# कुसंग जीवन का विष है, सत्संग अमृत : आचार्य भारतभूषण



**आरा (भोजपुर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जगदेव नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के प्रथम दिन प्रवचन करते हुए श्रीमत्सनातन शक्तिपीठाध्यक्ष आचार्य डॉ. भारतभूषण जी महाराज ने कहा कि मानव जीवन कुसंग, कुमार्ग, कुचिंतन के विष से दग्ध होने के लिए नहीं मिला है, बल्कि सत्संग, सदाचार और परोपकार के अमृत से सिंचित होने के लिए परमात्मा का दिया हुआ सर्वोत्तम उपहार है, उन्होंने कहा कि संस्कारों का क्षरण ही मृत्यु है। एक ही माता-पिता के अभिभावकत्व में पले-बढ़े गोकर्ण और धुंधुकारी संस्कारों के कारण सर्वथा भिन्न स्वभाव वाले हो गए। धुंधुकारी अपने कुसंग और कुमार्ग के कारण अधोगति को प्राप्त हुआ तो गोकर्ण अपने उच्च-उदात्त संस्कारों के कारण पूरे ग्रामवासियों को गोलोक धाम व नित्य भगवत्सान्निध्य प्रदान कराने वाले महापुरुष हुए। आचार्य ने कहा कि गुरु, ग्रंथ और गोविंद के सेवन में ही जीवन की असली सफलता सिद्ध होती है।उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत से भक्ति,ज्ञान और वैराग्य पुष्ट होते हैं तथा भगवत्प्राप्ति और प्रपत्ति सिद्ध होती है। अवसर पर प्रयागराज से पधारे पं संजय द्विवेदी के साथ जगदीप नारायण ओझा, मधेश्वर नाथ पांडेय आदि ने सर्वतोभद्रमंडल पूजन,अभिषेक व मूल पाठ संपन्न कराया। कार्यक्रम के संयोजक बृजबिहारी सिंह, सचिव त्रिलोकी नाथ सिंह, वासुदेव सिंह, प्रमोद राय, श्रीकृष्ण प्रसाद गुप्ता, भुवन सिंह, सुधीर पाण्डेय, अभिमन्यु सिंह आदि प्रमुख लोगों ने अतिथियों का स्वागत किया।

## ईवीएम सुरक्षा व्यवस्थाः डीएम व एसएसपी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रभारी जिलाधिकारी सह उप विकास आयुक्त लक्ष्मण तिवारी और वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने मंगलवार को संयुक्त रूप से सदर प्रखंड के निकट स्थित ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने वेयरहाउस की सील खोलकर अंदर की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम के इन्वेंट्री रजिस्टर का अवलोकन करते हुए वेयरहाउस में भंडारित मशीनों के स्टॉक की जांच की। साथ ही परिसर में प्रवेश व्यवस्था, ईवीएम मशीनों के सुरक्षित रखरखाव तथा समग्र व्यवस्था की गहन समीक्षा की। अधिकारियों ने ईवीएम मशीनों की सुरक्षा से संबंधित सभी प्रावधानों को सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि वेयरहाउस में फिलहाल रेडी-टू-यूज मशीनें भंडारित हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

# ईद, रामनवमी एवं चैती छठ पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

## जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक




**आरा (भोजपुर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को ईद, रामनवमी एवं चैती छठ पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने की। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों से उनके-अपने क्षेत्रों में आयोजित शांति समिति की बैठकों की स्थिति तथा विधि-व्यवस्था संधारण हेतु की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। इसके उपरांत शांति समिति के सदस्यों के साथ उनके-अपने क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उनके द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों को गंभीरता से सुना गया। बैठक में प्रमुख रूप से विद्युत आपूर्ति, सड़क व्यवस्था, साफ-सफाई, अग्निशमन वाहन की उपलब्धता, चिकित्सा दल की तैनाती एवं एंबुलेंस सेवा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। जिला पदाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शांति समिति द्वारा उठाई गई समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि तीनों पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकें। बैठक में अपर समाहर्ता, नगर आयुक्त, सिविल सर्जन, भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, शांति समिति के सदस्य तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# गैस की कालाबाजारी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई भोजपुर जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है घरेलू गैस

## प्रशासन की अपीलः गैस की बुकिंग कर घर पर ही प्रतीक्षा करें, अनावश्यक रूप से गैस एजेंसी पर लाइन नही लगाए

**आरा (भोजपुर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भोजपुर जिले में घरेलू गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। भोजपुर जिला में गैस की आपूर्ति हेतु इण्डेन के कुल 30 वितरक हैं, जिनके पास कुल 5626 घरेलू गैस सिलेण्डर उपलब्ध हैं। भारत गैस के कुल 6 वितरक हैं, जिनके पास कुल 1280 एलपीजी सिलेण्डर तथा हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के कुल 9 वितरक के पास कुल 4411 एलपीजी सिलेण्डर आज वितरण हेतु उपलब्ध हैं। प्रशासन ने लोगो से अपील की है कि गैस बुकिंग कर अपने घर पर ही प्रतीक्षा करें, अनावश्यक रूप से गैस एजेंसी पर लाइन नही लगाएं। बुकिंग के 48 घंटे के भीतर गैस सिलेण्डर घर पर उपलब्ध करा दिया जाएगा। गैस एजेंसी में अनावश्यक भीड़ एवं लाइन लगाने से विधि-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो रही है। गैस की कालाबाजारी से संबंधित सूचना प्राप्त होने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। समस्या समाधान हेतु गैस कम्पनी के कंज्यूमर इमरजेंसी हेल्पलाइन टॉल फ्री नंबर-1906, आइओसीएल के टॉल फ्री नंबर-1800-2333-555, बीसीसीएल के टॉल फ्री नंबर-1800-22-4344 एवं एचपीसीएल के टॉल फ्री नंबर-1800-2333-555 पर संपर्क करें। जिले में एलपीजी गैस वितरण से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु जिला नियंत्रण कक्ष गठित किया गया है, जिसका दूरभाष संख्या 06182-248702 है। साथ ही अनुमंडल स्तर पर सदर आरा अनुमंडल का 06182-233325, पीरो अनुमंडल का 06181-223301 तथा जगदीशपुर अनुमंडल का 06181-223048 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## मालखाना, सीसीटीएनएस व बैरकों का एसपी ने लिया जायजा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन सोमवार की शाम महिला थाना व अनुसूचित जाति-जनजाति (एससी-एसटी) थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने दोनों थानों में मालखाना, सीसीटीएनएस, वायरलेस सिस्टम, थाना परिसर व आवासीय बैरकों का बारीकी से जायजा लिया। इसके बाद विभिन्न महत्वपूर्ण पंजी जैसे खतियान-टू, गिरफ्तारी पंजी, अनुसंधान पंजी एवं हाजत पंजी समेत अन्य अभिलेखों का अवलोकन कर अद्यतन स्थिति की जांच की। एसपी ने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन, अनुसंधान में तेजी लाने तथा अभिलेखों के नियमित संधारण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# दिव्यांगजनों के लिए आयोजित तीन दिवसीय शिविर का समापन

## तीसरे और अंतिम दिन 75 आवेदन जमा हुए

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सभाकक्ष में दिव्यांगजनों के लिए आयोजित तीन दिवसीय विशेष शिविर का समापन मंगलवार को हो गया। शिविर के अंतिम दिन विभिन्न पंचायतों से आए दिव्यांगजनों ने सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपना आवेदन जमा कराया। बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि आज शिकारपुर, बनवरिया, सुगौली, शेरहवा, बिनवलिया, हरदीटेढ़ा, धुमनगर, केहुनिया रोआरी, मलदहिया पोखरिया सहित नगर परिषद क्षेत्र के लाभार्थियों के आवेदनों की जांच की गई और उन्हें जमा किया गया। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कहा कि जमा किये गए आवेदनों के आधार पर लाभार्थियो की स्वास्थ्य का परीक्षण किया जाएगा। बीडीओ ने यह भी कहा कि तीन दिवसीय विशेष शिविर में जो भी आवेदन जमा हुए है उनका स्वास्थ्य विभाग की टीम दिव्यांगों के शारीरिक अक्षमता की जांच करेगी। इसको लेकर 1 अप्रैल को पुनः एक विशेष शिविर लगाया जाएगा। बीडीओ ने कहा कि सरकार की मंशा दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें सहायक उपकरण व अन्य सुविधाएं प्रदान करने की है।

# शादी के दूसरे दिन प्रेमी संग भागी लड़की को पुलिस ने 24 घंटे में किया बरामद

**साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विवाह के दूसरे दिन अपने ही गांव के लड़के के साथ भागी लड़की को पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर बरामद कर, लिया। इस मामले में थाना क्षेत्र के हैसवा गांव निवासी संदीप शाह ने थाने मे प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया है की 14 मार्च 2026 को उनकी बहन की शादी बबलू कुमार ग्राम भतौड़ा थाना बगहा जिला पश्चिमी चंपारण के साथ हुआ। 15 मार्च को रविवार होने के चलते विदाई नहीं हुई। 16 मार्च को विदाई करना था। विदाई के समय जब घरवाले लड़की के रूम में गए तो वह घर मैं नहीं थी खिड़की से भाग गई थी। खोजबीन पर पता चला कि उनके ही गांव के अजीत कुमार उर्फ गोलू उसे भागा कर ले गया है। जब वह लोग पूछताछ करने उसके घर गए तो गोलू के परिजन मारपीट और गाली गलौज करने लगे। वह अपने साथ शादी का सारा सामान सोना चांदी गहना सब लेकर भाग गई है। इस संदर्भ में कांड के अनुसंधानकर्ता दरोगा अमरजीत कुमार ने बताया कि अपहृता को गोरखपुर से बरामद कर मंगलवार को न्यायालय में भेजा गया है। वहीं थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि सोमवार की रात की गई छापेमारी में द्रौपदी कुमारी, नाजिया खातून और ममता कुमारी तीन अपहृत लड़कियों को बरामद कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था सामान्य : जिलाधिकारी

## पैनिक होकर अनावश्यक बुकिंग नहीं करें उपभोक्ता



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में एलपीजी गैस की आपूर्ति से संबंधित प्रेस ब्रीफिंग का आयोजन मोतिहारी समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में किया गया जिसमें जिला आपूर्ति पदाधिकारी विजय बहादुर सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा सहित मीडिया के पचास से अधिक प्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है तथा जिले में आपूर्ति की स्थिति सामान्य है। जिले में हिंदुस्तान पैट्रोलियम गैस के 31 एजेंसियां हैं जिसके उपभोक्ताओं की संख्या 420619 है, इंडेन गैस की जिला में 56 एजेंसियां हैं और इसके उपभोक्ताओं की संख्या 486000 है तथा भारत गैस के कुल 28 एजेंसी हैं जिसके उपभोक्ताओं की संख्या 236000 है। इस प्रकार जिला में कुल 115 गैस एजेंसी है और कुल उपभोक्ताओं की संख्या 1142619 है। 28 फरवरी 2026 से पूर्व जिला में औसत दैनिक आपूर्ति 19195 सिलेंडर की थी जिसमें हिंदुस्तान पेट्रोलियम की 6365, इंडियन गैस की 8500 और भारत गैस के 4330 सिलेंडर की आपूर्त औसतन प्रतिदिन हो रही थी। वर्तमान में दैनिक आपूर्ति 18572 की हो रही है जिसमें हिंदुस्तान पेट्रोलियम का 7775, इंडेन गैस का 6467 और भारत गैस का 4330 सिलेंडर की आपूर्ति प्रतिदिन की जा रही है। जिलाधिकारी के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस बताया गया कि वर्तमान में हिंदुस्तान पैट्रोलियम गैस की 15913,इंडियन गैस की 25500 और भारत गैस की 6125 सिलेंडर की आपूर्ति लंबित है जिसे दो से ढाई दिन में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु जिला प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो प्रतिदिन दो पालियों में प्रातः 07:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक संचालित हो रहा है। जिले का कंट्रोल रूम दूरभाष संख्या 06252-242418 है। जिस पर एलपीजी गैस से प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा रहा है। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि संवेदनशील गैस एजेंसी की पहचान कर ली गई है और वहां पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।

# आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाए जाएं पर्व



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। आगामी छठ पर्व, रामनवमी एवं ईद को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर रफीगंज थाना परिसर के सभागार भवन में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सर्किल इंस्पेक्टर विनय कृष्ण प्रसाद ने की, जबकि संचालन अपर थाना अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार सिंह ने किया।

बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अश्विनी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अमर पासवान तथा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी मैमुन निशा ने उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों को पर्वों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा प्रशासन का सहयोग करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि सभी पर्व आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाए जाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद की स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचना देने की अपील की गई। वहीं उपस्थित लोगों ने भी क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से पदाधिकारियों को अवगत कराया, जिस पर अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक में भाजपा नेता सुबोध कुमार सिंह, सुनील कुमार वर्मा, राजद नेता रणविजय यादव, सत्येंद्र यादव, वार्ड पार्षद सुबोध शर्मा, शुभम सिंह, विवेक सिंह राणा, रविंद्र सिंह, राशिद खान, सिहुली मुखिया युसूफ अली खान, राजू गुप्ता, मंसूर खान, वार्ड पार्षद मदन चौधरी, रोहित गुप्ता, जदयू नेता संजय अंबेडकर सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा को लेकर मुंशी वीघा में प्रशासन अलर्ट, तैयारियां तेज

**बारुण (औरंगाबाद)**। बारुण प्रखंड अंतर्गत मुंशी वीघा में बिहार के मुख्यमंत्री की प्रस्तावित समृद्धि यात्रा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। कार्यक्रम की सफलता और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर लगातार निगरानी की जा रही है। जिला पदाधिकारी सहित कई वरीय अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंच निर्माण, बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, स्वास्थ्य सुविधा और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। उन्होंने साफ-सफाई, यातायात प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण को लेकर विशेष सतर्कता बरतने को कहा। साथ ही पुलिस प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह मजबूत रखने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम स्थल पर इन दिनों तैयारियां तेज गति से चल रही हैं। मजदूरों द्वारा मंच निर्माण, पंडाल सजावट और अन्य व्यवस्थाएं तेजी से पूरी की जा रही हैं। बिजली, पानी और स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों की टीमें लगातार कार्यरत हैं। प्रशासन के अनुसार मुख्यमंत्री की इस यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम कर रहे हैं। वहीं स्थानीय लोगों में भी कार्यक्रम को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे और नई योजनाओं की घोषणा भी कर सकते हैं, जिससे ग्रामीणों में काफी उम्मीदें हैं।

# बिहार दिवस प्रतियोगिता में अनुग्रह स्कूल के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। आगामी बिहार दिवस समारोह के मद्देनजर आयोजित प्रखंड स्तरीय शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परचम लहरा दिया। क्विज, पेंटिंग और मैथ ओलंपियाड जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालय के विद्यार्थियों ने अधिकतम ट्रॉफियां अपने नाम कीं।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने विजेता छात्र-छात्राओं को अपने कक्ष में सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजन से जुड़ी शिक्षिकाएं प्रियंका पाण्डेय एवं आशा मल्होत्रा भी उपस्थित रहीं और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बताया गया कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार प्रत्येक प्रखंड में बिहार दिवस से संबंधित विषयों पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इसी क्रम में बीआरसी औरंगाबाद में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए पार्थ कुमार एवं गुनगुन कुमारी ने क्रमशः गणित ओलंपियाड के बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में सावन कुमार एवं रीना कुमारी ने प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं क्यूज प्रतियोगिता में कक्षा आठ के छात्र हैप्पीराज ने बाजी मारी। प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।



# राज्यसभा चुनावः एनडीए उम्मीदवारों की जीत पर जदयू नेताओं ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। बिहार में हुए राज्यसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवारों की जीत पर जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेताओं ने प्रसन्नता जताते हुए बधाई दी है। जदयू के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विश्वनाथ सिंह, वरीय नेता तेजेन्द्र कुमार सिंह तथा जिला जदयू के वरीय उपाध्यक्ष सह जिला बीस सूत्री सदस्य सत्येन्द्र सिंह चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के उपेन्द्र कुशवाहा, जदयू के रामनाथ ठाकुर तथा भाजपा के शिवेश राम की जीत पर शुभकामनाएं दीं।



नेताओं ने कहा कि एनडीए के सभी उम्मीदवारों की जीत से यह स्पष्ट हो गया है कि बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार की केंद्रीय भूमिका आज भी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की राजनीति में नीतीश कुमार का प्रभाव और स्वीकार्यता लगातार कायम है। विश्वनाथ सिंह और तेजेन्द्र कुमार सिंह ने अपने बयान में कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में मिली प्रचंड जीत के पीछे भी नीतीश कुमार की अहम भूमिका रही थी और वही इस जीत के प्रमुख प्रेरक थे। उन्होंने आगे कहा कि राज्यसभा चुनाव के नतीजों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि बिहार की जनता का भरोसा नीतीश कुमार और एनडीए के नेतृत्व पर बना हुआ है।

# नाली की समस्या से परेशान ग्रामीण मुख्य सड़क पर बह रहा गंदा पानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के बारुण प्रखंड अंतर्गत भोपतपुर पंचायत के विशुन बिगहा गांव के वार्ड संख्या 06 में नाली की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। यहां के ग्रामीण पिछले कई महीनों से जलजमाव और गंदगी की समस्या से जूझ रहे हैं, जिससे उनका जीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार नाली का गंदा पानी मुख्य सड़क पर बह रहा है, जिससे आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। सड़क पर पानी जमा रहने के कारण बदबू फैल रही है और संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को इस समस्या से अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में भोला यादव, संजय यादव, मंगलदेव यादव, प्रकाश यादव, बसंत यादव, सत्येंद्र यादव, मालकदेव यादव और राम इकबाल सिंह सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार पंचायत के मुखिया से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या की लगातार अनदेखी की जा रही है, जबकि यह मुद्दा काफी गंभीर है। उन्होंने बताया कि बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब नाली का पानी घरों तक पहुंच जाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नाली का निर्माण या मरम्मत कर इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।



# मदनपुर में स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति बदहाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। मदनपुर प्रखंड में स्वच्छ भारत मिशन की इन दिनों काफी बदहाल हो गई है। यहां सफाई के नाम पर साल में एक करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद भी कई जगहों पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं और दुर्गंध निकल रही है। प्रशासन की अनदेखी और लापरवाही के कारण स्वच्छ गांव और स्वास्थ्य गांव बनाने की मंशा पर पानी फिर गया है। प्रखंड में 19 ग्राम पंचायत हैं, जहां स्वच्छ गांव, सुंदर गांव और स्वास्थ्य गांव बनाने के उद्देश्य से 259 स्वच्छता कर्मी, 19 चालक, 19 सहचालक और 19 सुपरवाइजर बहाल किए गए हैं। इसके अलावा, प्रत्येक पंचायत में सात-सात लाख रुपये की लागत से गीला और सूखा कचड़ा जमा करने के लिए अपशिष्ट प्रबंधन इकाई सेड का निर्माण किया गया है। इसके बावजूद भी प्रखंड मुख्यालय के प्रोजेक्ट जय प्रभा कन्या उच्च विद्यलय के बगल में, धर्मशाला रोड में, घोरहत मोड़ के सामने एनएच 19 के किनारे, प्रखंड मुख्यालय के बगल में जीटी रोड के किनारे, खिरियावां दक्षिण ग्रामीण बैंक के समीप, केउली मोड़ समेत कई जगहों पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं और कई जगहों पर गंदगी और दुर्गंध फैली हुई है। प्रशासनिक अनदेखी और लापरवाही तथा लोगों में जागरुकता की कमी और कूड़ा फेंकने की आदत ने जहां-तहां कूड़े की ढेर लगा दी है, जिससे बारिश होने पर दुर्गंध निकलती है और उस रास्ते से लोगों को गुजरना मुश्किल हो गया है। एक तरफ जहां सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और कूड़ा प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया है। इसके लिए बड़े पैमाने पर फंड आवंटित किया गया है और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता भी बढ़ाई जा रही है लेकिन इसके बावजूद भी मदनपुर प्रखंड में जहां तहां लगे कूड़े की ढेर से परेशानी बढ़ती जा रही है।

# 19 मार्च से शुरू होगा भक्ति और शक्ति का महापर्व

## इस बार माता का आगमन हो रहा बेहद शुभ संकेतों के बीच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। हिंदू नववर्ष के आगमन के साथ ही श्रद्धा और उपासना का नौ दिवसीय महापर्व चैत्र नवरात्रि इस वर्ष 19 मार्च 2026 से शुरू होने जा रहा है। इस बार माता का आगमन बेहद शुभ संकेतों के बीच हो रहा है, जिसे लेकर श्रद्धालुओं और मंदिरों में विशेष तैयारियां शुरू हो गई हैं।




ज्योतिषविदों के अनुसार 19 मार्च को प्रतिपदा तिथि के साथ ही घरों और मंदिरों में कलश स्थापना की जाएगी। सुबह के समय कलश स्थापना के लिए सबसे उत्तम समय माना जा रहा है। इस वर्ष कई दुर्लभ योग बन रहे हैं, जो सुख-समृद्धि और आरोग्य के लिए अत्यंत फलदायी रहेंगे। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों जैसे शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की जाएगी। चैत्र नवरात्रि न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह वसंत ऋतु के परिवर्तन और नई ऊर्जा के संचार का प्रतीक भी है। प्रसिद्ध शक्तिपीठों और स्थानीय मंदिरों में फूलों और लाइटों से भव्य सजावट की जा रही है। बता दें कि नवरात्रि का समापन 27 मार्च को राम नवमी के साथ होगा, जो मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। श्रद्धालु नौ दिनों तक फलाहार रहकर संयम और शुद्धि का पालन करेंगे। इस महापर्व को लेकर बाजार में भी रौनक बढ़ गई है।

# विधायक ने पीड़ित परिवारों को हर संभव सहयोग का दिलाया भरोसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के कासमा थाना अंतर्गत कासमा बाजार में मंगलवार को स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने सड़क हादसे में मृत युवक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और ढाढस बंधाया। बताया जाता है कि कासमा बाजार निवासी प्रवेश मिश्र के इकलौते 30 वर्षीय पुत्र सतीश मिश्र की झारखंड के चतरा जिले में बाइक और चार पहिया वाहन के आमने-सामने की टक्कर में दर्दनाक मौत हो गई थी। इस दुखद घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक प्रमोद कुमार सिंह दोपहर करीब डेढ़ बजे मृतक के घर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि यह अत्यंत दुखद घटना है। उन्होंने परिवार को हर संभव सहायता दिलाने का भरोसा दिया। इस दौरान भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह, कासमा मंडल भाजपा अध्यक्ष मनोज यादव, चंदन कुमार, सुधीर मिश्र, सुचित मिश्र, संजीत मिश्र सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

स्थानीय लोगों ने भी इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित सहायता देने की मांग की है।



# ग्रामीण सड़क न बनने से ग्रामीणों में आक्रोश

**मदनपुर (औरंगाबाद)**। ग्रामीणों ने मदनपुर प्रखंड अंतर्गत बनिया पंचायत के मोती बिगहा रोड से नयका आहर के पिंड होते हुए बनिया रविदास टोला तक संपर्क सड़क निर्माण करवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, सहायक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, कनीय अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग को पत्र लिख कर सड़क निर्माण करवाने की मांग की है। पूर्व में भी ग्रामीणों ने कई बार संबंधित पदाधिकारियों को ईमेल के माध्यम से सड़क निर्माण की गुहार लगाई है। बनिया रविदास टोला में क़रीब एक हजार महादलित परिवारों की संख्या है। यह रविदास टोला विकास से कोसों दूर है। ग्रामीणों द्वारा पूर्व में भी मांग की गई है। बनिया पंचायत की पंचायत समिति सदस्या बबिता देवी व प्रतिनिधि संजीव कुमार सिंह द्वारा भी कई बार इस सड़क को निर्माण करवाने के लिए सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी और सचिव ग्रामीण कार्य विभाग पटना को आवेदन पत्र दिया जा चुका है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/26/15, दिनांक: 16.03.2026,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, फेयरली प्लेस, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: (1) **01265001;** स्थायी रूप से लुब्रिकेटेड एचडीपीई डक्ट, 40 मिमी आदि की आपूर्ति का क्रय (एससीएच ए-2);रु. 2,67,320; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 02.04.2026 को 13.30 बजे; (2) **10262257;** एंड फ्रेम डीई असेंबली आदि; रु. 9,99,360; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 13.04.2026 को 13.30 बजे; (3) **10262553;** लैबिरिंथ, बेयरिंग कैप और क्लैंप प्लेट आदि का सेट; रु. 7,72,870; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 15.04.2026 को 13.30 बजे, (4) **10262289;** ट्रैक्शन मोटर टेम्परेचर सेंसर; रु. 3,76,000; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 20.04.2026 को 13.30 बजे; (5) **10251156;** एसी डैंपिंग पैनल आदि की खरीद; रु. 1,04,590; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 06.04.2026 को 13.30 बजे; (6) **10251878;** पैंटोग्राफ के लिए मेटलाइज्ड कार्बन स्ट्रिप; रु. 5,25,860; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 08.04.2026 को 13.30 बजे; (7) **10261009;** लोको एवं ईएमयू/एमईएमयू आदि के लिए पैंटो फुट (माउंटिंग) इंसुलेटर का क्रय; रु. 4,57,340; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 31.03.2026 को 13.30 बजे; (8) **15245098बी;** डीजल जेनरेटर सेट 400 केवीए; रु. 1,30,000; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 10.04.2026 को 13.30 बजे; (9) **10255050;** डिस्क ब्रेक अरेंजमेंट; रु. 2,39,730; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 07.04.2026 को 13.30 बजे; (10) **10261082;** प्राइमरी वोल्टेज ट्रांसफॉर्मर आदि; रु. 6,11,240; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 08.04.2026 को 13.30 बजे; (11) **10261926;** ट्रासफॉर्मर के लिए ऑयल कूलिंग यूनिट; रु. 4,72,240; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 27.04.2026 को 13.30 बजे; (12) **12261095;** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-4218 के समरूप 1:12/60 केजी टर्नआउट में रेल्स के नीचे स्थापित करने के लिए 6 मिमी मोटे नाइलन कॉर्ड रीइनफोर्स्ड जीआरएसपी का क्रय; रु. 1,77,920; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 10.04.2026 को 13.30 बजे; (13) **10251916ए;** सिलिंड्रिकल रोलर बेयरिंग का सेट; रु. 9,32,260; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 02.04.2026 को 13.30 बजे; (14) **11255022;** हाई टेंसाइल टाइट लॉक सेंटर बफर कपलर का संपूर्ण सेट; रु. 20,00,000; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 24.04.2026 को 13.30 बजे; (15) **14251182ए;** ईएलबी के लिए उपयुक्त गियर बॉक्स असेंबली सेट की खरीद (आरडीएसओ स्पेसि. नं. आरडीएसओ/एसपीएन/208/2012 वर्शन 2.0 या नवीनतम) के साथ जी.आई. बूम बैरियर के लिए उपयुक्त आउटपुट शाफ्ट पर कनेक्टिंग लिंक सह हार्ड क्रैंक इंसर्ट, इंटरनल लॉकिंग फीचर, ऑयल फिल्ड और सील्ड टाइप यूनिट के साथ क्लच स्टेज कॉम्बिनेशन, हेलिकल और वर्म व्हील गियर ड्राइव, ड्रॉ. नं. एस एंड टी/एमएफटी/6000/एडीवी.1 आदि; रु. 1,76,810; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 10.04.2026 को 13.30 बजे; (16) **एसपीएससीएलपीएससीस्लीपर2628;** स्पेशल टाइप पीएससी स्लीपरों का क्रय; रु. 20,00,000; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 27.03.2026 को 13.30 बजे; (17) **1226एफ-एस_स्विच_4866;** आरडीएसओ ड्रॉइंग नं. टी-4866 के तहत पीएससी स्लीपरों पर 52 केजी रेल के लिए 1 इन 8.5 टर्नआउट बीजी (1673 मिमी) के लिए 6400 मिमी (ओआर) के एफ/एस स्विच 52 केजी के क्रय हेतु चालू ठेका; रु. 20,00,000; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 17.04.2026 को 13.30 बजे; (18) **22251625बी;** टैब/कैप रुक्सोलिटिनिब 20 मिग्रा. (उत्पाद, निर्माणकारी फर्म की रेलवे बोर्ड द्वारा अनुमोदित उत्पाद सूची में उपलब्ध होना चाहिए) आइटम कोड संख्या: एम251024 एआई 25-26; रु. 0; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 13.04.2026 को 13.30 बजे; (19) **एचवीएन_टी-8992_2026;** ड्रॉइंग नं. आरटी-8992 के समरूप एचवीएन लाइनरों के क्रय हेतु चालू ठेका; रु. 6,54,900; **निविदा खुलने की तिथि और समय:** 30.03.2026 को 13.30 बजे; (20) **12261030;** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-5919 के तहत इलास्टिक रेल क्लिप एमके-V के निर्माण एवं आपूर्ति के लिए चालू ठेका; रु. 50,00,000; (21) **12261039;** आरडीएसओ ड्रॉ.नं. टी3741 एवं टी-3742 के समरूप 60 केजी पीएससी स्लीपरों पर 52 केजी यूआईसी रेल्स के लिए कॉम्बिनेशन मेटल लाइनर; रु. 5,50,720; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 10.04.2026 को 13.30 बजे (क्रम सं. 20 एवं 21 हेतु)। **निविदा मूल्य :** रु.0 क्रम सं.1 से 21 प्रत्येक हेतु। **टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट https:// www.ireps.gov.in के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें। STORES-75/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बाल विवाह मुक्त भारत बनाने को लेकर बच्चों व शिक्षकों ने ली शपथ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड अंतर्गत भादवा हाई स्कूल में मंगलवार को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दीप ज्योति कल्याण संस्थान के बैनर तले आयोजित हुआ, जिसमें बाल विवाह, बाल तस्करी और बाल यौन शोषण जैसे गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को अभियान के उद्देश्य और महत्व के बारे में जानकारी दी गई। संस्थान की सामुदायिक सोशल वर्कर सरिता कुमारी ने बताया कि संस्था द्वारा 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज से बाल विवाह की कुप्रथा को पूरी तरह समाप्त करना है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत स्कूलों, धार्मिक स्थलों, विवाह से जुड़े सेवा प्रदाताओं, पंचायतों और नगर पंचायत के वार्डों में विशेष रूप से जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के करीब ले जाएगा। संस्थान के अनुसार, पिछले एक वर्ष में करीब 300 बाल विवाह रुकवाने में सफलता मिली है। संस्था ने इस दिशा में सरकार के प्रयासों और घोषणाओं का भी स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई। शपथ में उन्होंने संकल्प लिया कि वे बाल विवाह को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे। इस मौके पर प्रधानाध्यापक रामदयाल कौशल, प्रमोद कुमार सिंह, प्रेम कुमार यादव सहित सभी सहायक शिक्षक उपस्थित रहे।

# कोईलवां में श्री सीताराम महायज्ञ की जलभरी आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड के कोइलवां गांव में परमाराध्या अखण्ड सौभाग्यवती सती मां की 125वीं पुण्य तिथि पर श्री सीताराम महायज्ञ सह श्री राम कथा का भव्य समायोजन किया गया है।

18 मार्च बुधवार को सती मां की कर्म भूमि फाटक (पुरानी ठाकुरबाड़ी) से कलश यात्रा शुरू होकर देवी स्थान, धमनी, पचरुखिया, कोईलवां मोड से करन विगहा होते हुई आदि गंगा पुनपुना सूर्य घाट चनहट में जलारोहण कर श्री सती स्थान में कलश रखें जायेंगे। मां सती माता की वैदिक तांत्रिक विधि विधान से अर्चना कर भव्य श्रृगांर किया जायेगा। रात्रि में देवी जागरण का आयोजन होगा। ये सभी कार्य गुरुदेव आचार्य पं० लाल मोहन शास्त्री की अध्यक्षता में चल रहा है। पूर्व मुखिया अजय कुमार आर्थिक मानसिक शारीरिक सहयोग से उपमुखिया दिलीप कुमार, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, महेन्द्र दुबे, कनक रंजन, सियाराम सिंह, भागीरथ प्रसाद इत्यादि के अथक परिश्रम से महायज्ञ भव्यता की ओर बढ़ रहा है। हसपुरा क्षेत्र का भरपुर सहयोग मिल रहा है। यह महायज्ञ 19 मार्च से 27 मार्च तक चलेगा।

# ईद व छठ-रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। ईद, छठ व रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर हसपुरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें समाजसेवी, बुद्धीजीवी व जनप्रतिनिधि शामिल हुए। अध्यक्षता थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने की। उन्होंने त्योहार में पुलिस-प्रशासन की गाइडलाइन की जानकारी विस्तार दी। कहा किसी भी हालत में डीजे नहीं बजेगी। पकड़े जाने कानूनी कारवाई डीजे संचालक के खिलाफ की जायेगी। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने कहा कोई भी त्योहार आपसी भाईचारा व सौहार्द के साथ मनाए। अफवाह पर ध्यान नहीं दें।

असमाजिक तत्वों के लोगों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। ईदगाह व मस्जिदों के पास पुलिस की गश्ती दल व मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। थानाक्षेत्र में 21 स्थान पर ईद का नमाज पढ़ा जायेगा। थानाक्षेत्र के सभी चिन्हित संवेदनशील जगहों पर पुलिस - प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। थानाध्यक्ष ने कहा कहीं भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत सूचना दें। जिला परिषद प्रतिनिधि मो एकलाख खां, प्रमुख श्रीनिवास सिंह, उपप्रमुख सतेन्द्र चौधरी, लोजपा नेता विजय अकेला, पंसस धनंजय कुमार मुन्ना, समाजसेवी कौशल शर्मा, रालोमो प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत कुमार वर्मा, मुखिया गोपाल सिंह, सरपंच अरविंद कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी, डा फैज अहमद, पैक्स अध्यक्ष विनोद सिन्हा, दिनेश राम, जयप्रकाश कुमार, पिन्टू चौधरी, सुर्यदेयाल मेहता, गुड्डु पासवान ने विचार व्यक्त किया।

**पूर्व रेलवे**

**बिड संख्या: जीईएम/2026/बी/7349735, दिनांक:** 13.03.2026, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/बीजीबी, कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए बिड आमंत्रित की जाती है। **वस्तु श्रेणी :** सेवाओं के लिए कस्टम बिड- कार्य परिधि के अनुसार रेस्ट हाउस में रखरखाव, देखरेख, हाउसकीपिंग, सुरक्षा एवं कुकिंग सेवा। **समान श्रेणी :** ● सफाई, स्वच्छता एवं रोगाणुरोधन सेवा-परिणाम आधारित ● कैटरिंग सेवा (अवधि आधारित)। **कार्यालय का नाम :** कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, लिलुआ। **बिड बंद होने की तारीख/समय:** 03.04.2026, 12.00.00, **बिड खुलने की तारीख/समय:** 03.04.2026, 12.30.00, **बिड पेशकश वैधता (बंद होने की तारीख से) :** 90 (दिन)। **अनुबंध अवधि:** 3 वर्ष। **बिडर का न्यूनतम औसत वार्षिक टर्नओवर (3 वर्षों का):** 60 लाख। **उन्हीं/समान सेवा के लिए अपेक्षित विगत अनुभव के वर्ष :** 1 वर्ष। **इसी तरह की सेवाओं का पिछला आवश्यक अनुभव है:** हाँ। **एमएसएमई के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई है:** नहीं। **स्टार्टअप के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई है :** नहीं। **विक्रेता से मांगे गए दस्तावेज :** अनुभव मापदंड, बिडर टर्नओवर, प्रमाणपत्र (एटीसी में अनुरोध किया गया) *यदि कोई बिडर अनुभव/टर्नओवर के मानदंड से छूट चाहता है, तो ऐसी छूट के लिए उनकी पात्रता को प्रमाणित करने वाले समर्थित दस्तावेज क्रेता द्वारा अवश्य ही मूल्यांकन के लिए अपलोड किए जाएं। **बिड का प्रकार :** दो पैकेट बिड। **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण हेतु अनुमत समय:** 2 दिन। **अनुमानित बिड मूल्य :** रु. 1,18,95,684,48, **ईएमडी विवरण : एडवाइजरी बैंक :** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईएमडी राशि:** रु.2,09,480/- MISC-419/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# गोदाम में न लगाएं भीड़ घर तक पहुंचेगी गैस : डीएम

## आईओसीएल द्वारा 3.4 दिन, बीपीसीएल द्वारा 6 दिन तथा एचपीसीएल द्वारा 4.2 दिन में गैस सिलिंडर की हो रही डिलीवरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में मंगलवार को डीएम श्रीकांत शास्त्री ने प्रेस वार्ता कर कहा कि घरेलू गैस की किल्लत नही है। विभिन्न माध्यमों से मिली शिकायत के बाद जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा जिले में गैस आपूर्ति की स्थिति एवं प्रशासन द्वारा उठाए जा रहे कदमों की विस्तृत जानकारी दी गई। कहा कि जिले में थिंक गैस पाइपलाइन के माध्यम से घर-घर गैस आपूर्ति की जा रही है। वर्तमान में कुल 7405 उपभोक्ता थिंक गैस पाइपलाइन से जुड़े हुए हैं। इसके अतिरिक्त तीन प्रमुख गैस कंपनियों द्वारा एलपीजी गैस सिलिंडर की




आपूर्ति की जा रही है। जिनमें आईओसीएल की 40 एजेंसियां, बीपीसीएल की 16 एजेंसियां तथा एचपीसीएल की 12 एजेंसियां कार्यरत हैं।जिला पदाधिकारी ने बताया कि विभिन्न मीडिया माध्यमों से गैस आपूर्ति में संभावित समस्या की जानकारी प्राप्त होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अवैध रूप से गैस सिलिंडर की जमाखोरी कर बिक्री करने वाले एक व्यक्ति के घर छापेमारी कर गैस सिलिंडर जब्त किया गया तथा उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने यह भी बताया कि शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में गैस सिलिंडर की बुकिंग में वृद्धि देखी गई है। नए नियम के अनुसार शहरी क्षेत्रों में एक उपभोक्ता नंबर से गैस बुकिंग के लिए न्यूनतम 25 दिनों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों का अंतराल निर्धारित किया गया है।उन्होंने बताया कि जिले की सभी गैस एजेंसियों के स्टॉक की जांच के लिए 68 टीमों का गठन कर व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया।ताकि आम नागरिकों को गैस सिलिंडर से संबंधित किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। जांच प्रतिवेदन में यह पाया गया कि जिले में अधिकांश एजेंसियां नियमानुसार कार्य कर रही हैं। हाल के दिनों में फैली अफवाहों के कारण कई लोग गैस गोदामों पर अनावश्यक भीड़ लगा रहे हैं। उन्होंने मीडिया के माध्यम से आम लोगों से अपील की कि वे अपने घर से ही गैस बुकिंग करें। बुकिंग के बाद ओटीपी के माध्यम से घर पर ही गैस सिलिंडर की डिलीवरी की जाएगी।उन्होंने बताया कि पहले की अपेक्षा वर्तमान में गैस सिलिंडर की डिलीवरी में थोड़ा अधिक समय लग रहा है, लेकिन आम लोगों को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। वर्तमान में औसतन आईओसीएल द्वारा 3.4 दिन, बीपीसीएल द्वारा 6 दिन तथा एचपीसीएल द्वारा 4.2 दिन में गैस सिलिंडर की डिलीवरी की जा रही है।जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि गैस सिलिंडर की डिलीवरी ओटीपी प्रणाली के माध्यम से ही की जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की कालाबाजारी को पूरी तरह रोका जा सके। विगत दो-तीन दिनों में ओटीपी से संबंधित गलत डिलीवरी की कुछ सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। जिनकी जांच के लिए अपर समाहर्ता विभागीय जाँच श्री महेश्वर प्रसाद सिंह को जांच करने का निर्देश दिया गया है।प्रेस वार्ता के दौरान जिला पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जिला प्रशासन की प्राथमिकता घरेलू (डोमेस्टिक) गैस उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना है। वहीं कॉमर्शियल गैस की आपूर्ति भी कराई जा रही है। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्र एवं विद्यालयों में कॉमर्शियल गैस आपूर्ति भी प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गैस आपूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए जिले में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। इसका संपर्क नंबर 06243-450626 है। जिला पदाधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की कि एलपीजी गैस से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत या समस्या होने पर इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

# प्राइवेट हॉस्पिटल के कर्मी पर नवजात की चोरी का मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वीरपुर।** थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर आईडीबीआई बैंक के पास स्थित एक स्वास्थ्य सेवा सदन जो निजी नर्सिंग होम थाना से महज पांच से सात सौ मीटर दूर संचालित है उस पर एक नवजात बच्चे की चोरी के आरोप के साथ ही दूसरे डॉक्टर के नाम का बोर्ड लगाकर गलत तरीके से महिलाओं को प्रसव कराने का आरोप लगा है। जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि भवानंदपुर गांव निवासी श्रवण महतो के आंख से दिव्यांग पुत्री ममता कुमारी ने थाने में आवेदन देकर बताया है कि 19 नवंबर 2025 को स्वास्थ्य सेवा सदन जो निजी नर्सिंग होम है उसमें दो बच्चों को जन्म दी है एक लड़का एवं एक लड़की जिसमें से एक लड़की को ही उनको दिया गया है और लड़का को लोहियानगर चोरी कर ली गई। इसका विरोध करने पर पीड़ित और उसके मां पर अस्पताल कर्मी के द्वारा गाली गलौज व मारपीट करने का भी आरोप है। बच्चे के साथ इंस्टाग्राम पर वीडियो डालने की भी बात सामने आया है। ममता अपना पूरा जांच रिपोर्ट भी आवेदन के साथ संलग्न की है जिसके माध्यम से वो बता रही है कि उसके गर्भ में दो बच्चे पल रहे थे। ममता ने अस्पताल कर्मी के खिलाफ बच्चे को गायब करने और धमकी देने को लेकर आवेदन दिया गया है। आवेदन के आलोक में मामला दर्ज कर हर एक बिन्दुओं पर गंभीरता पूर्वक जांच की जा रही है दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। ये सारी घटनाओं की पुष्टि नव बिहार टाइम्स नहीं करती है। ये जांच का विषय है जो वीरपुर पुलिस कर रही है।

# बारात में जश्न में लहराया कट्टा वीडियो वायरल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** नीमा चांदपुरा थाना क्षेत्र के वनद्वार गांव में शादी समारोह के दौरान खुलेआम हथियार लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमे बारात के दौरान युवकों द्वारा कट्टा लहराते हुए डांस करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो 13 मार्च की रात का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि बारात में बैंड-बाजे की धुन पर कई युवक सड़क पर झूमते हुए डांस कर रहे हैं। इसी दौरान काले रंग की शर्ट पहने एक युवक अचानक जोश में आकर हाथ में कट्टा लहराने लगता है और कैमरे के सामने ही बेखौफ अंदाज में हथियार का प्रदर्शन करता नजर आता है। हैरानी की बात यह है कि उसी जश्न में एक अन्य युवक भी दिखाई दे रहा है। जिसके हाथ में कथित तौर पर शराब की बोतल है। वह बोतल लहराते हुए गानों की धुन पर ठुमके लगाता दिख रहा है। बिहार में लागू शराबबंदी के बीच इस तरह खुलेआम शराब की बोतल के साथ डांस करने का वीडियो कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। वायरल वीडियो में बैकग्राउंड में बज रहे गानों के बोल भी चर्चा का विषय बने हुए हैं। सामाजिक सौहार्द के लिहाज से चिंताजनक माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस पूरी घटना का वीडियो वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने अपने मोबाइल से बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। जिसके बाद यह तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में दिख रहे युवक रील बनवाते हुए बेखौफ अंदाज में नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों के बीच यह भी चर्चा है कि शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग भी हुई थी, हालांकि वायरल वीडियो में गोली चलने का स्पष्ट दृश्य या आवाज सामने नहीं आई है। मामले को लेकर नीमा चांदपुरा थाना प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो उनके संज्ञान में आया है। वीडियो की सत्यता की जांच की जा रही है और उसमें दिखाई दे रहे युवकों की पहचान कर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि जिले में शादी-विवाह जैसे आयोजनों में हथियार लहराने और हर्ष फायरिंग की घटनाएं समय-समय पर सामने आती रही हैं। पुलिस की सख्ती और चेतावनी के बावजूद कुछ युवक इसे 'टशन' और 'रुतबा' समझकर कानून की धज्जियां उड़ाते नजर आते हैं। अब देखना यह होगा कि इस मामले में पुलिस क्या कार्रवाई करती है और ऐसी घटनाओं पर किस तरह लगाम लगाई जाती है।

# करंट से पंच के पति की मौत

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जगदर में सोमवार को करंट की चपेट में आने से जगदर वार्ड संख्या एक के पंच के पति का मंगलवार को मौत हो गई। मृतक की पहचान वीरपुर थाना अंतर्गत जगदर पंचायत के वार्ड संख्या-1 निवासी करीब 45 वर्षीय जयराम पासवान के रूप में की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार को जयराम पासवान अपने पड़ोस में होने वाले पूजा-पाठ कार्यक्रम को लेकर साफ-सफाई का काम कर रहे थे। इसी दौरान वह अचानक 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में आ गए, जिससे वह बुरी तरह झुलस गए थे।

# बुनियादी साक्षरता अभियान को प्रभावी बनाने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** शिक्षा विभाग बिहार के निर्देशानुसार जिले में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता अभियान को और प्रभावी बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसको लेकर जारी पत्र में कक्षा 4, 5 एवं 6 के उन बच्चों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है, जो अभी तक अपेक्षित दक्षता हासिल नहीं कर पाए हैं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत कक्षा 3 तक सभी बच्चों में बुनियादी पढ़ने-लिखने और गणितीय दक्षता सुनिश्चित करना अनिवार्य है, लेकिन कई बच्चे अब भी लक्ष्य से पीछे हैं। ऐसे में कक्षा 4 से 6 तक के बच्चों को चिन्हित कर उन्हें विशेष शैक्षणिक सहयोग दिया जाएगा। विभाग ने बताया कि इस अभियान के तहत विद्यालय स्तर पर बच्चों का आकलन कर उन्हें उनकी सीखने की क्षमता के अनुसार समूहों में बांटा जाएगा। इसके बाद टीचिंग एट द राइट लेवल पद्धति के माध्यम से उन्हें भाषा और गणित में दक्ष बनाने के लिए विशेष कक्षाएं संचालित की जाएंगी। शिक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वे गतिविधि आधारित शिक्षण अपनाते हुए बच्चों की नियमित प्रगति का मूल्यांकन करें। साथ ही विद्यालयों में सतत निगरानी एवं सहयोग के लिए क्लस्टर और ब्लॉक स्तर पर भी समीक्षा की जाएगी। अभियान को सफल बनाने के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षण, शिक्षण सामग्री की उपलब्धता तथा अभिभावकों की सहभागिता पर भी जोर दिया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि कमजोर विद्यार्थियों को मुख्यधारा में लाने के लिए यह पहल चरणबद्ध तरीके से लागू की जाएगी। जिला स्तर पर अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे नियमित निरीक्षण कर अभियान की प्रगति की समीक्षा करें और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाएं, ताकि सभी बच्चे निर्धारित समय में बुनियादी दक्षता हासिल कर सकें।

# जनगणना कर्मियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** भारत की जनगणना के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तर के अधिकारियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 से 17 मार्च तक समाहरणालय परिसर स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को जनगणना से संबंधित विभिन्न तकनीकी एवं प्रशासनिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। आगामी जनगणना 2027 को पूरी तरह कागजरहित बनाने की दिशा में विशेष रूप से डिजिटल प्रणाली के उपयोग पर जोर दिया गया। इसके अंतर्गत सेंसस मैनेजमेंट एंड मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल, हाउसलिस्टिंग ब्लॉक क्रिएटर एप्लिकेशन तथा हाउसलिस्टिंग ऑपरेशंस ऐप के संचालन और उपयोग की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सिएमएमएस एवं एचएलबीसी पोर्टल के उपयोग के साथ-साथ जनगणना की अवधारणाओं, परिभाषाओं, मकान सूचीकरण की प्रक्रिया तथा डेटा संग्रहण के लिए हाउसलिस्टिंग ऐप के व्यावहारिक संचालन का भी प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन जनगणना निदेशालय द्वारा प्राधिकृत जिला नोडल पदाधिकारी अमर ज्योति कुमार एवं स्वेता सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला, अनुमंडल एवं चार्ज स्तर के सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि मुख्य प्रशिक्षण से पूर्व जिला समाहरणालय, क्षेत्रीय कार्यालय के कर्मियों, तकनीकी सहायकों तथा जनगणना कोषांग में प्रतिनियुक्त शिक्षकों एवं एम.टी.एस. कर्मियों को दो अलग-अलग बैचों में पूर्व प्रशिक्षण दिया जा चुका है। आगामी चरण में पटना से आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे दो मास्टर ट्रेनर्स द्वारा 23 मार्च से 28 मार्च 2026 तक कुल 114 फील्ड प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद ये फील्ड प्रशिक्षक जिले के प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे, ताकि जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सके।समग्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन जिला पदाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी की देखरेख में तथा जनगणना निदेशालय स्तर से प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारियों की निगरानी में सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा रहा है।

# पटना मैराथन में तीसरा स्थान पाने वाले रेलकर्मी रामकृष्ण को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** पटना मैराथन दौड़ में कारखाना के रेलकर्मी रामकृष्ण ने तीसरा स्थान लाकर कारखाना को गोर्वान्वित करने का काम किया है। रेलकर्मी को पटना में मिले पुरस्कार पर जहां रेल कर्मी रामकृष्ण को अधिकारी कर्मचारी यूनियन नेता बधाई दे रहे हैं। वहीं मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल अपने कर्मचारियों के इस सफलता पर उनका स्वागत अभिनंदन किया है। एथलीट रेल कर्मी स्वागत करते हुए सीडब्ल्यूएम ने कहा कि हम किसी काम को पूरा तभी कर सकते हैं जब हम शरीर से स्वस्थ होंगे और स्वस्थ होने के लिए हमें दौड़ना जरूरी है। क्योंकि समय इतना तेजी से भाग रहा है इस समय के अंदर सब काम को पूरा



करना है। रेलकर्मी रामकृष्ण पटना मैराथन में जीत का परचम लहराकर निश्चित रूप से यह दिखाने का काम किया है कि रेल कर्मी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर सकता है। कारखाना प्रशासन रेल कर्मी के उज्जवल भविष्य की कामना करती है। इधर सीडब्ल्यूएम के मिले सम्मान के बाद शॉप एवं यूनियन कार्यालय में भी रेल कर्मी का स्वागत सम्मान किया गया। मौके पर सीएमटी ज्यों दीपेंदु खान, एसीएमटी श्रद्धा कुमारी, यूनियन नेता देव शंकर सिंह, विनय कुमार, रवि कुमार, सुमन भारती, गणेश कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, अरविंद भूषण सहित कई मौजूद थे।

# जमालपुर-हावड़ा सुपर एक्सप्रेस की शंटिंग अब जमालपुर स्टेशन पर शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेल संचालन को अधिक सुगम, दक्ष एवं संसाधन-संरक्षण उन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जमालपुर-हावड़ा सुपर एक्सप्रेस की शंटिंग आज से जमालपुर स्टेशन पर प्रारम्भ कर दी गई है। पूर्व में जमालपुर स्टेशन पर प्लेटफॉर्म एवं पिट लाइन की सीमित उपलब्धता के कारण इस ट्रेन की शंटिंग निकटवर्ती अभयपुर तथा धनौरी स्टेशन पर कराई जाती थी। इस प्रक्रिया में ट्रेन प्रबंधन हेतु दो क्रू सदस्यों एवं एक गार्ड की अतिरिक्त तैनाती करनी पड़ती थी, जिससे समय एवं संसाधनों की अतिरिक्त खपत होती थी। अब जमालपुर स्टेशन पर ही शंटिंग सुविधा उपलब्ध होने से न केवल इस अतिरिक्त व्यवस्था की आवश्यकता समाप्त हो गई है, बल्कि इससे मानव संसाधनों का अधिक कुशल उपयोग सुनिश्चित होगा तथा परिचालन प्रक्रिया भी अधिक सुव्यवस्थित एवं त्वरित बनेगी। इसके अतिरिक्त, इस नई व्यवस्था से संबंधित रेलखंडों में लाइन एवं ब्लॉक के अनावश्यक उपयोग में कमी आएगी, जिससे ट्रेनों के संचालन में और अधिक सुगमता आएगी तथा समयपालन में उल्लेखनीय सुधार होने की संभावना है। यह पहल भारतीय रेल द्वारा परिचालन दक्षता बढ़ाने, संसाधनों के इष्टतम उपयोग तथा यात्रियों को बेहतर एवं विश्वसनीय सेवाएँ प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# मुंगेर में कल होगी मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा

## यात्रा के दौरान 100 करोड़ से ज्यादा की योजनाओं की देंगे सौगात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** आगामी 19 मार्च को प्रस्तावित समृद्धि यात्रा के तहत मुख्यमंत्री नीतिश कुमार मुंगेर पहुंचेंगे। जहां वे विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करते हुए जनमानस को संबोधित भी करेंगे और अधिकारियों के साथ बैठक कर मुंगेर में चल रहे विकास की योजनाओं की समीक्षा भी करेगें। इसको ले जिला प्रशासन के द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिले के प्रमंडल आयुक्त, डीआईजी जिलाधिकारी,



एसपी चयनित स्थलों के दौरा कर कार्यों का जायजा ले रहे है। जिलाधिकारी निखिल धनराज ने बताया कि मुख्यमंत्री इस दौरे के दौरान मुंगेर को 100 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात देगें। मुख्यमंत्री साफियाबाद हवाई अड्डा पर विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे और आमसभा को भी संबोधित करेंगे। विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण भी करेंगे। साथ ही पोलो मैदान में हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद जिला उद्योग केंद्र, कष्टहरणी घाट, जिला पंचायत संसाधन केंद्र और पशुपालन विभाग के नवनिर्मित भवनों का उद्घाटन और निरीक्षण करेंगे। जहां सुरक्षा के व्यापक प्रबंध रहेगें।

# रेल कर्मी ने की शिकायत तो कॉलोनी में शुरू हुआ फागिंग कार्य

## बाजा बजाकर होगा कचरे का उठाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** मच्छरों के प्रकोप से प्रकोप से होने वाली बीमारी से रेल कॉलोनी वासियों को बचाने को लेकर कॉलोनी में फॉगिंग का कार्य शुरू किया गया। फागिंग के बारे में जानकारी देते हुए डिप्टी अभ्युदय ने बताया कि रेल के तीनों कॉलोनी में बेहतर तरीके से साफ सफाई आने वाले दिनों में दिखेगा। जिसकी शुरुआत मच्छरों के प्रकोप से रेल परिवार को बचाने को लेकर फॉगिंग चला कर किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि साफ सफाई को लेकर पूर्व में जो व्यवस्था थी उसे चेंज करते हुए नई एजेंसी बहाल किया गया है जो दौलतपुर ईस्ट कॉलोनी एवं रामपुर कॉलोनी में साफ सफाई व्यवस्था को लेकर डोर टू डोर कचरा को बाजा बजाकर करेंगे। डिप्टी अभ्युदय ने यह भी बताया कि इसके लिए तीनों कॉलोनी में एक-एक बैटरी से संचालित टोटो को दिया जाएगा जो साफ सफाई को बेहतर बनाने के लिए कॉल निवासियों को बाजा बजा कर जागरूक करेंगे। विदित हो कि क्वार्टर कमेटी की ओर से रेल कॉलोनी का निरीक्षण के दौरान रेल कर्मियों एवं उनके आश्रितों ने अधिकारियों को कॉलोनी के सुरक्षा एवं साफ सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने की मांग की था।

# पर्स काटकर गहने की चोरी

**जमालपुर (मुंगेर)।** दानापुर साहिबगंज इंटरसिटी ट्रेन में एक महिला यात्री के पर्स को काटकर ज्वेलर्स की हुई चोरी की घटना को रेल पुलिस जांच कर रही है। चोरी की घटना के बारे में महिला रेल यात्री बरियारपुर निवासी काजल कुमारी ने बताई की हम अपने बच्चों के साथ दानापुर साहिबगंज इंटरसिटी ट्रेन से भागलपुर जाने के लिए ट्रेन में जैसे ही बैठी तो तो देखा कि मेरा कटा हुआ था। पर्स में रखे गए सोना चांदी सहित आभूषण एवं नगदी रुपया नहीं था। पर्स कटा देखकर ट्रेन से उतरकर वहीं वहां मौजूद आरपीएफ एवं रेल पुलिस को इसकी जानकारी दी पर वे लोग इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं किया। महिला ने यह भी बताया कि घटना की जानकारी एवं इस पर कार्रवाई करने को लेकर दूसरी ट्रेन से हम जमालपुर रेल थाना पहुंचकर कार्रवाई की गुहार लगाए हैं। इधर महिला की शिकायत पर रेल थानाध्यक्ष स्वराज कुमार ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

# बुकिंग के एक-दो दिनों में उपलब्ध कराई जाएगी रसोई गैस : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** प्रेस क्लब में मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुरेश कुमार ने गैस आपूर्ति एवं होम डिलीवरी व्यवस्था के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार से दो गैस एजेंसियों द्वारा होम डिलीवरी सेवा प्रारंभ कर दी गई है तथा बुधवार से जिले की सभी गैस एजेंसियों द्वारा यह सेवा पूर्ण रूप से शुरू कर दी जाएगी। इससे उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की आपूर्ति अब सीधे उनके घर तक सुनिश्चित हो सकेगी। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि दरभंगा जिले में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है तथा उपभोक्ताओं के लिए पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं।



डीपीआरओ ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में गैस आपूर्ति हेतु लगभग 45 दिनों का चक्र निर्धारित है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह अवधि लगभग 25 दिनों की है। बुकिंग के बाद उपभोक्ताओं को एक से दो दिनों के भीतर होम डिलीवरी के माध्यम से गैस सिलेंडर उपलब्ध करा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जिला नियंत्रण कक्ष में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निवारण संबंधित गैस एजेंसियों के माध्यम से कराया जा रहा है,ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और पैनिक होकर अनावश्यक रूप से गैस सिलेंडर का भंडारण न करें। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिले में आपूर्ति की समुचित व्यवस्था है और सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाएगी।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने कालाबाजारी करने वालों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए नियमित रूप से छापेमारी अभियान भी चलाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि दरभंगा जिलान्तर्गत संचालित एल.पी.जी. गैस एजेसियों द्वारा 17 मार्च को 8166 से अधिक गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया है, जबकि 13385 सिलेंडर एजेंसियों के गोदामों में शेष हैं। एलपीजी गैस का जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आमजनों से अपील की गई है कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही अफवाहों पर ध्यान नहीं दें और किसी भी प्रकार की गलत सूचना से बचें।

जिला प्रशासन द्वारा गैस वितरण व्यवस्था की सतत एवं गहन निगरानी की जा रही है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके।

इस अवसर पर सूचना एवं जन संपर्क विभाग के उप निदेशक सत्येंद्र प्रसाद भी मौजूद थे।

# रेल पुलिस के सर्च अभियान को देखकर प्लेटफार्म पर दिखी आपाधापी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेल एसपी विद्यासागर के निर्देश पर जमालपुर स्टेशन पर यात्री सुविधा बहाल हो एवं यात्रियों के सुरक्षा को लेकर सर्च अभियान चलाया गया। प्लेटफार्म पर चलाए गए सर्च अभियान के दौरान रेल पुलिस की टीम ने स्टेशन में आने जाने वाले यात्रियों के सामानों की जांच की वहीं प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार करने वाले यात्रियों से पूछताछ भी की इसके अलावा प्लेटफार्म पर संदिग्ध वैसे चेहरे को विशेष तौर पर पूछताछ करते हुए उनकी तलाशी ली गई। इधर रेल पुलिस के इस अभियान से स्टेशन परिसर में बेवजह टाइम पास करने वाले मनचले लोगों के बीच रकम का माहौल देखा गया। विदित हो कि यात्रियों के सुरक्षा को लेकर रेल एसपी ने रेल जिला के तमाम थाना



अध्यक्ष को विशेष दिशा निर्देश देते हुए स्टेशन एवं प्लेटफार्म पर विशेष रूप से सर्च अभियान चलने का निर्देश दिए हैं। जिसका परिणाम है कि जमालपुर स्टेशन पर रेल थाना अध्यक्ष स्वराज कुमार के मार्गदर्शन में लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। सर्च अभियान में एसआई निरंजन कुमार रजक, एएसआई राम अवतार सिंह, गौतम कुमार गौत, प्रतिमा कुमारी कंचन कुमारी सहित कई शामिल थे।

# चार दिवसीय देव चैती छठ मेला 22 से, श्रद्धालुओं को मिलेंगी पर्याप्त सुविधाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** चार दिवसीय सुप्रसिद्ध देव चैती छठ मेला की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 22 मार्च से नहाय-खाय के साथ चैती छठ महापर्व शुरू होगा जो 25 मार्च को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किए जाने के साथ ही सम्पन्न हो जाएगा। इधर पर्व को लेकर सूर्यकुंड तालाब का रंग रोगन, खराब स्ट्रीट लाइट की मरम्मत व आवासन स्थल में सफाई, ब्लीचिंग व देव की हर गलियों की साफ-सफाई कराई जा रही है। साथ ही सूर्य मंदिर परिसर व सूर्यकुंड तालाब की लाइटिंग कराई जा रही है। वहीं विभिन्न मार्गों से सूर्य मंदिर की तरफ जाने वाले सभी रास्ते खुले रहेंगे परंतु सूर्यकुंड में स्नान करने के बाद मुख्य बाजार होते मंदिर तक आने का मार्ग वन वे किया गया है। गर्मी को देखते हुए पर्याप्त पानी के टैंकर, अग्निशामक यंत्र तथा दमकल की गाड़ियां मौजूद रहेंगी। स्थानीय स्वयंसेवक और अभाविप के सदस्य सहित एनसीसी, स्काउट एंड गाइड के बच्चे व्रतियों और श्रद्धालुओं के सेवार्थ लगे रहेंगे। यहां तक मांस, मछली बेचने वाले दुकानों को बंद रखने का निर्देश दिया है। देव नगर पंचायत के अध्यक्ष पिंटू साहिल ने बताया कि सूर्यकुंड तालाब का रंग रोगन, खराब स्ट्रीट लाइट की मरम्मत व आवासन स्थल में सफाई, ब्लीचिंग व देव की हर गलियों की साफ-सफाई कराई जा रही है। बताया कि नगर पंचायत के द्वारा श्रद्धालुओं को पानी पीने के लिए 20 से 25 टैंकर की व्यवस्था की गई। कुम्हार बिगहा, महाराणा प्रताप, सूर्यकुंड तालाब के पूरब की ओर, पातालगंगा सहित कई जगहों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। पूरे सूर्यकुंड तालाब की आकर्षक तरीके से लाइटिंग कराई जा रही है। वहीं सूर्य मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाने का कार्य किया जा रहा है। लाइटिंग के साथ-साथ फूलों से भी मंदिर के मुख्य द्वार एवं परिसर को आकर्षक रूप तरीके से सजाया जा रहा है। बता दें कि छठ महापर्व के दौरान देव सूर्य मंदिर एवं सूर्यकुंड में लाखों श्रद्धालु और व्रती अर्घ्य देने पहुंचते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन के द्वारा श्रद्धालुओं के ठहराव के लिए पांच स्थानों को चिन्हित किया गया है, जहां टेंट, पंडाल, लाइटिंग, जेनरेटर सहित की समुचित व्यवस्था विभिन्न संस्थानों एवं बैंकों के सहयोग से की जाएगी। भीड़ प्रबंधन के लिए 48 स्थानों पर ड्रॉप गेट व आवश्यक स्थलों पर बैरिकेटिंग की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल एवं महिला पुलिस बल की तैनाती रहेगी। मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे, नियंत्रण कक्ष, पार्किंग व्यवस्था और यातायात प्रबंधन की भी व्यवस्था की जा रही है। पेयजल के लिए चापाकलों की मरम्मत, 24 घंटे जलापूर्ति व आवश्यकता पड़ने पर टैंकर की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य सुविधा हेतु अस्थायी चिकित्सा शिविर, सात एंबुलेंस, स्ट्रेचर और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम तैनाती की जाएगी। इसके अतिरिक्त अग्निशमन वाहनों की तैनाती, सूर्यकुंड के पास लाइफ जैकेट एवं गोताखोर व आवश्यकता पड़ने पर एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ टीम तैनात रहेगी।



## छठी मैया की पूजा करने से परिवार में आती है सुख-समृद्धि : पं. लखन पाठक

मंदिर के मुख्य पुजारी पं. लखन पाठक बताते हैं कि महापर्व छठ की शुरुआत नहाय-खाय से होती है, जो 22 मार्च को पड़ रहा है। इस दिन व्रती स्नान के बाद शुद्ध सात्विक भोजन कद्दू-भात का सेवन करते हैं। दूसरे दिन को खरना कहा जाता है जो 23 मार्च को पड़ रहा है। इस दिन शाम को मिट्टी के चूल्हे पर गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद बनाया जाता है। इसके बाद से ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाता है। तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है जो इस बार 24 मार्च को दिया जाएगा। इस दिन व्रती घाटों पर जाकर छठी मैया के गीत गाते हैं और सूप में फल-ठेकुआ सजाकर सूर्य देव की पूजा करते हैं। वहीं चौथे दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ का समापन होता है, जो इस वर्ष 25 मार्च को दिया जाएगा। अर्घ्य के बाद व्रती प्रसाद ग्रहण कर व्रत का पारण करते हैं। चैती छठ मुख्य रूप से बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। बताया कि चैती छठ के दौरान सूर्य देव और छठी मैया की पूजा करने से परिवार में सुख-समृद्धि आती है और संतान की रक्षा होती है।

# औरंगाबाद में गैस की नहीं है कोई कमी : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है। सभी डिस्ट्रिब्यूटर्स और गैस कंपनियों के पास पर्याप्त मात्रा में एलपीजी उपलब्ध है। लोग पैनिक बुकिंग न करें। लोगों के हित में एलपीजी घरेलू गैस के पारदर्शी और सुचारू रूप से आपूर्ति के लिए पूरे प्रशासनिक अधिकारी एक्टिव हैं। यह बात समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कहीं। जिलाधिकारी ने कहा कि पहले गैस आपूर्ति में थोड़ी परेशानी हुई थी। जिले में 37 गैस एजेंसी है, जो आईओसीएल के 15, बीपीसीएल के 11 तथा एचपीसीएल के 11 डिस्ट्रीब्यूटर है जिसके माध्यम से उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति की जा रही है। जिले में औसत बुकिंग 6700 है। पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध को लेकर लोगों में चिंता का विषय बना हुआ। इसको लेकर अचानक से 15000 बुकिंग पहुंच गया। जिलाधिकारी ने कहा कि घरेलू गैस की आपूर्ति और वितरण सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर नजर रखी जा रही है। लोगों को कोई समस्या न हो इसके लिए अधिकारियों की ओर से लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही एलपीजी गैस की ब्लैक मार्केटिंग और अन्य अवैध कार्यों से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। अपर जिला दंडाधिकारियों और अन्य जिला, अनुमंडल और प्रखंडस्तरीय पदाधिकारियों की ओर से एलपीजी गैस डीलर्स और वितरकों के यहां नियमित तौर पर निरीक्षण और छापेमारी की जा रही है। लोगों से फीडबैक भी लिया जा रहा है। ब्लैकमार्केटिंग, होर्डिंग या अधिक दाम पर बिक्री की शिकायत आने पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिले में घरेलू गैस की समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि कॉमर्शियल सप्लाई को जरूर प्रायोरटाइज किया गया है, इसमें अस्पतालों और स्कूलों को प्राथमिकता दी गई है। इन्हीं को कॉमर्शियल सिलेंडर की 80 फीसद सप्लाई की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन और शहरी इलाकों में 25 दिन बाद ही दूसरा घरेलू सिलेंडर बुक करने की व्यवस्था की गई है। कुछ लोगों को सिलेंडर पहुंचने का मैसेज मिल रहा है, लेकिन उन तक सिलेंडर नहीं पहुंचने की शिकायत पर डीएम ने कहा कि ऐसी शिकायतों पर कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में गैस की मांग अधिक रहती है। इसके मद्देनजर इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा गैस उपलब्ध करवाया जाएगा।



# भयमुक्त माहौल में होगा पैक्स चुनाव : अभिलाषा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) के अध्यक्ष एवं सदस्य पद के निर्वाचन को स्वच्छ, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। गौरतलब है कि बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के निदेशानुसार आज 18 मार्च को औरंगाबाद जिले के नबीनगर, मदनपुर, रफीगंज, ओबरा एवं गोह प्रखंडों के चयनित पंचायतों में पैक्स अध्यक्ष एवं सदस्य पद हेतु मतदान कार्य सम्पन्न कराया जाना है। इसी के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियों की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट रूप से कहा गया कि निर्वाचन प्राधिकार से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता कदापि बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ करना सुनिश्चित करना होगा। निर्वाचन को सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु संबंधित प्रखंडों को कुल 05 जोन में विभाजित किया गया है तथा 15 स्टैटिक-सह-मतपेटिका संग्रह दलों का गठन किया गया है। जिले के कुल 51 मतदान केन्द्रों–जिनमें नवीनगर प्रखंड के 25, मदनपुर के 10, रफीगंज के 09, ओबरा के 03 तथा गोह के 04 मतदान केन्द्र शामिल हैं जिनका गहन विश्लेषण कर संवेदनशील मतदान केन्द्रों की पहचान कर ली गई है। इन केन्द्रों पर विशेष सतर्कता बरतते हुए बीएमपी, डीएपी एवं होमगार्ड के सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं निर्बाध बनाए रखने के लिए प्रत्येक स्तर पर दण्डाधिकारियों एवं पुलिस बलों की तैनाती की गई है। सभी जोनल दण्डाधिकारियों के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं बलों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की गई है, जो अपने-अपने क्षेत्र में सतत भ्रमणशील रहकर विधि-व्यवस्था पर निगरानी रखेंगे। साथ ही, सभी प्रखंडों में तैनात दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी क्विक रिस्पॉन्स टीम के रूप में कार्य करते हुए किसी भी आकस्मिक स्थिति या शिकायत की सूचना प्राप्त होते ही त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे तथा इसकी सूचना संबंधित वरीय पदाधिकारियों को देंगे। गश्ती दलों के प्रभारी दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने निर्धारित प्रखंड मुख्यालयों नवीनगर, मदनपुर, रफीगंज, ओबरा एवं गोह में योगदान करते हुए आवश्यक सामग्री एवं सशस्त्र बल के साथ संबंधित मतदान केन्द्रों एवं क्लस्टर केन्द्रों के लिए समय से प्रस्थान करें तथा अपनी उपस्थिति एवं गतिविधियों की सूचना संबंधित सेक्टर दण्डाधिकारी एवं निकटस्थ थाना को अवश्य उपलब्ध कराएं। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि सभी मतदान दलों को मतदान प्रारंभ होने से कम-से-कम एक घंटे पूर्व आवश्यक सामग्री उपलब्ध हो जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, दाउदनगर एसडीओ अमित राजन, उप जिला निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली, जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं संबंधित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# वाहनों से 1.23 लाख जुर्माना वसूली, 33 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में सोमवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 33 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 13 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार दुष्कर्म मामले में 1, हत्या के प्रयास में चार, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 5 तथा अन्य मामलों में 23 लोगों की गिरफ्तारी की गई। वहीं एक ट्रैक्टर एवं 40 सीएफटी बालू जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1376 वाहनों की जांच की गई जिसमें 123000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# विकास के लिए रफीगंज नगर पंचायत को मिले 85 करोड़ रुपये : प्रमोद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** रफीगंज नगर पंचायत में मंगलवार को वित्तीस वर्ष 2025-2026 के बजट को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने क्षेत्र के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीरता से विचार-विमर्श करते हुए कहा कि इस बार नगर पंचायत के लिए 85 करोड़ रुपए विकास के लिए मिला है। इस दौरान नगर पंचायत के बजट, विकास योजनाओं, आधारभूत संरचनाओं और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा हुई। विधायक ने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर रफीगंज के समग्र विकास को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। विधायक ने कहा कि रफीगंज के सर्वांगीण विकास एवं जनता के हित में वे पूरी तरह संकल्पित हैं और क्षेत्र की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए हरसंभव प्रयास करते रहेंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि नगर पंचायत के विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने क्षेत्र के विकास को लेकर अपने सुझाव भी साझा किए। इस अवसर पर मैमून निशा, मुख्य पार्षद मिरिख दरखशा, बड़ा बाबू पवन प्रकाश, वार्ड पार्षद नूरुल होदा खान, सुबोध शर्मा, संजय उर्फ मंत्री के साथ अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए।



# छज्जा गिरने से घायल तीसरे व्यक्ति की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा थाना क्षेत्र के मझिआवां में शादी के दौरान छज्जा गिरने से घायल तीसरे व्यक्ति ने देर रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान 50 वर्षीय सरयू सिंह के रूप मे हुई है। विदित हो कि बीते 14 मार्च की रात गांव में रामव्यास सिंह की बेटी की शादी थी। बारात गोह थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव से आई थी। द्वार पूजन के बाद जयमाल का कार्यक्रम चल रहा था। बड़ी संख्या में गांव के लोग पहुंचे थे। कार्यक्रम स्थल के पास छज्जा भरभराकर गिर पड़ा। मलबा नीचे बैठे लोगों पर गिर गया जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई लोग दबकर घायल हो गए थे। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने मिलकर मलबा हटाया और घायलों को बाहर निकाला। सभी घायलों को इलाज के लिए तुरंत अस्पताल भेजा। गंभीर हालत में परिजन सरयू सिंह को वाराणसी लेकर चले गए। जहां डॉक्टरों ने जवाब दे दिया। घरवाले दिल्ली ले जाने की तैयारी में थे, उससे पहले दम तोड़ दिया।

# नवोदय की छात्रा साक्षी को पर्यटन मंत्रालय ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारून।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 10वीं की छात्रा साक्षी सिंह को मंगलवार को विद्यालय की प्रातःकालीन सभा में विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साक्षी ने भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित देखो अपना देश कार्यक्रम के तहत राज्य विषय पर ब्रॉशर निर्माण प्रतियोगिता में अखिल भारतीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए पर्यटन मंत्रालय की ओर से साक्षी सिंह को स्कूल बैग, टी-शर्ट, नोटबुक, की-रिंग, टी-कोस्टर, प्रमाण पत्र, सिल्वर मेडल एवं सात हजार की नगद राशि प्रदान की गई। विद्यालय के प्राचार्य रवींद्र कुमार सिंह एवं शिक्षकों ने साक्षी की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर आयोजित सभा में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने तालियों की गूंज से साक्षी का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय परिवार ने इसे गर्व का क्षण बताते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी ऐसे रचनात्मक एवं राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। साक्षी सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के प्राचार्य रवींद्र कुमार सिंह एवं कला शिक्षक गणेश प्रसाद को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और सहयोग से ही यह उपलब्धि संभव हो पाई।




# एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में एलपीजी उपभोक्ताओं को गैस आपूर्ति में विगत कुछ दिनों से उत्पन्न हो रही समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में उनके शिकायतों के पंजीकरण, ससमय निराकरण एवं आकस्मिक परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला स्तर पर आवश्यक व्यवस्था की गई है। इस क्रम में जिला आपदा प्रबंधन शाखा, औरंगाबाद में 24x7 जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। इस नियंत्रण कक्ष में पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो निरंतर कार्यरत रहेंगे तथा प्राप्त शिकायतों का तत्परतापूर्वक निष्पादन सुनिश्चित करेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष में सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं शिकायत दर्ज कराने हेतु दूरभाष संख्या- 06186-295027 क्रियाशील है। इसके अतिरिक्त पीएनजी से संबंधित समस्याओं के निवारण हेतु मोबाइल संख्या 9535954995 भी निर्धारित की गई है। सभी जिले वासियों से अनुरोध है कि एलपीजी आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उपर्युक्त नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं ताकि समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# विद्युत चोरी में छह लोगों पर दो लाख से अधिक जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** विद्युत चोरी मामले में सलैया पुलिस द्वारा छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के साथ दो लाख से अधिक का जुर्माना लगाया गया हे। कनीय विद्युत अभियंता ने बताया कि समय-समय पर विद्युत उर्जा चोरी रोकने के लिए छापेमारी अभियान चला कर धरपकड़ किया जाता है। मंगलवार को सलैया थाना क्षेत्र के कोल्हुआ में बिरजू यादव द्वारा एक मुर्गी फार्म में अवैध रुप से मीटर बाईपास कर चोरी से बिजली का उपयोग करते पकड़े जाने पर उसके विरुद्ध 32929 रुपए जुर्माना लगाया गया है। डिप्टी बिगहा में विनोद कुमार चौहान द्वारा मुर्गी फार्म में बिना कनेक्शन लिए अवैध रुप से बिजली चोरी करते पकड़े जाने पर 31783 रुपए जुर्माना लगाया गया है। संजीव कुमार द्वारा बकाया बिल का भुगतान किए बिना मीटर बाईपास कर बिजली चोरी से उपयोग करने पर 3394 रुपए जुर्माना लगाया गया है। बेला गांव निवासी प्रभुनाथ प्रजापति पर अपने घर में बिना कनेक्शन लिए बिजली उपयोग करते पकड़े जाने के बाद 68137 रुपए जुर्माना लगाया गया है। वहीं उपेन्द्र सिंह पर बिना कनेक्शन लिए बिजली चोरी करते पकड़े गए पर 36786 रुपए जबकि बीरेंद्र सिंह पर 27828 रुपए जुर्माना लगाया गया है। कनीय अभियंता राकेश कुमार राम ने बताया कि बिजली चोरी कर उपयोग करते पकड़े गए लोगों के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा ने बताया कि मामले में कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# 34 लाख रूपये की लागत से बना डिजिटल क्लास रूम दूसरे स्कूल में स्थानांतरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार के पहले गर्ल्स हाई स्कूल का डिजिटल क्लासरूम विभागीय निर्देश पर मंगलवार को दूसरे विद्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया। मामला राजकीय कृत प्लस टू कन्या उच्च विद्यालय अंबा की है, जहां डिजिटल क्लासरूम को खाली करवाया गया है। इस कार्यवाही से विधालय के शिक्षकों एवं बच्चियों में नाराजगी देखी गई। विदित हो कि 30 अप्रैल 2024 को बिहार में पहली बार गर्ल्स हाई स्कूल अंबा में डिजिटल क्लासरूम का शुभारंभ डीपीओ दयाशंकर सिंह के द्वारा किया गया था। खाली कराने पहुंचे सिनर्जी एटीएस टावर नोएडा उत्तर प्रदेश एनजीओ के कोऑर्डिनेटर विकास सिंह ने बताया कि वाल्वोलीन कमिंस प्राइवेट लिमिटेड के सीएसआर फंड से विद्यालय के दो कमरों में डिजिटल क्लासरूम बनाया गया था जिसे कंपनी के आदेश पर स्थानांतरित किया जा रहा है। विद्यालय की प्राचार्य जुलूस सामी ने बताया कि डिजिटल क्लासरूम विभागीय आदेश पर नहीं बल्कि कंपनी के द्वारा लगाया गया था। सिनर्जी कंपनी के प्रोग्राम मैनेजर सुनील कुमार ने ईमेल के माध्यम से डिजिटल क्लासरूम के स्थानांतरण में आधिकारिक तौर पर सहयोग करने की बात कही थी। कंपनी द्वारा अधिकृत कर्मी को सारे उपकरण लौटा दिए गए। करीब 34 लाख रूपये की लागत से डिजिटल क्लासरूम बनाया गया था ताकि बच्चे आधुनिक शिक्षण तकनीक के माध्यम से जटिल विषयों को समझ सके लेकिन अचानक डिजिटल क्लासरूम का स्थानांतरित कर दिया जाना बच्चों और शिक्षकों की समझ से परे है। विद्यालय में पेयजल की समस्या बनी हुई है। बच्चियों ने बताया कि करीब चार माह से आरओ फिल्टर खराब है।

# चित्रांकन, गणित ओलंपियाड व क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार दिवस के अवसर पर मंगलवार को प्रखंड संसाधन केंद्र कुटुंबा में प्रखंड स्तरीय चित्रांकन, गणित ओलंपियाड एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रखंड के लगभग 50 से अधिक विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा 6 से 8 जूनियर वर्ग के बालक वर्ग में चित्रकला प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय बैजा बिगहा के अनमोल कुमार, क्विज प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय राजपरसा के अश्विन कुमार तथा गणित ओलंपियाड में मध्य विद्यालय राजपरसा के निकांत कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में चित्रांकन में पीएम श्री मध्य विद्यालय कुटुंबा की आयत बानो, क्विज में मध्य विद्यालय चिल्हकी अंबा की कृतिका कुमारी तथा गणित ओलंपियाड में मध्य विद्यालय खैरा जीवबिगहा की संजना कुमारी ने बाजी मारी। कक्षा 9 से 12 सीनियर वर्ग के बालक वर्ग में चित्रकला में उच्च विद्यालय बैराव के संदीप कुमार, क्विज प्रतियोगिता में उच्च विद्यालय कुसुमा बसडीहा के शुभम गुप्ता तथा गणित ओलंपियाड में उच्च विद्यालय कुसमा बसडीहा के सुमित कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग में चित्रांकन में उच्च विद्यालय डुमरी की मोना गुप्ता, क्विज प्रतियोगिता में उच्च विद्यालय रिसियप की खुशबू कुमारी तथा गणित ओलंपियाड में कन्या उच्च विद्यालय अंबा की शालू कुमारी प्रथम स्थान पर रहीं। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रणविजय कुमार ने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागी अब औरंगाबाद में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर प्रसाद साहू, विनय कुमार गुप्ता, बलराम पासवान, नीरज पांडेय, संजीव कुमार सिंह, राहुल रंजन, दिनेश राम, डाटा एंट्री ऑपरेटर विपिन कुमार तथा लेखपाल अविनाश कुमार का सराहनीय योगदान रहा।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269